सेंसेक्स	73,738.45
निफ्टी	22,368.00
सोना	66150
चांदी	83000
डॉलर	83.28

बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
बुधवार 24 अप्रैल 2024
वैशाख कृष्ण 01 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 212
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को फौरी राहत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

23 साल के बाद मिला न्याय, 68 साल की पेंशन के लिए संघर्ष

ग्वालियर। 88 साल की कमलाबाई को 23 साल के बाद हाईकोर्ट से न्याय मिला है। हाईकोर्ट के आदेश से 1956 से उन्हें पेंशन मिलेगी। 1956 से लेकर 1981 तक की पेंशन का भुगतान उन्हें अब एक मुस्त किया जाएगा। 1956 में वनरक्षक चोखेलाल शर्मा का निधन हुआ था। 1996 में कमलाबाई को पता चला,कि उन्हें पेंशन की पात्रता है। उसके बाद उनके बेटे ने अपने पिता के नौकरी संबंधी समस्त दस्तावेजों को एकत्रित किया। पेंशन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शर्मा का शुरुआती वेतन 47 रुपए था। जिसमें 25 रूपये मूल वेतन, 22 रुपए टीए-डीए के रूप मे मिलते थे। 2001 से पेंशन जारी करने के आदेश हाईकोर्ट ने दिए थे। 1981 से उसे पेंशन मिलना शुरू हुई। कमलाबाई फिर हाईकोर्ट पहुंची।

सुभाष चंद्र के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने जी इंटरटेनमेंट के एसोसिएट अध्यक्ष सुभाष चंद्र की दिवालिया अर्जी को मंजूर कर लिया है। उनके खिलाफ देश भर में चल रहे सभी मुकदमे अब रुक जाएंगे। वह अपनी कोई भी संपत्ति को बेच नहीं पाएंगे। इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस ने सुभाष चंद्र के खिलाफ एनसीएलटी की दिल्ली बेंच में दिवालिया होने की अर्जी दाखिल की थी। अशोक के भारद्वाज और सुब्रत के दास की सदस्यता वाली दो सदस्यों की बेंच ने इस आवेदन को मंजूर कर लिया है। दो अन्य लेनदार आईडीबीआई ट्रस्टिशिप और एक्सिस बैंक की इसी तरह की याचिका को खारिज कर दिया गया था। सुभाष चंद्र के खिलाफ अब एनसीएलटी में दिवालिया प्रक्रिया शुरू हो गई है।

गढ़चिरौली से डेढ़ लाख का इनामी खूंखार माओवादी गिरफ्तार

गढ़चिरौली। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन सख्त है वह हर आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखे हुए और 24 घंटे चेकिंग की जा रही है। वहीं महाराष्ट्र पुलिस ने एक खूंखार माओवादी को पकड़ा है, जिस पर डेढ़ लाख रुपये का इनाम था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था। अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र पुलिस ने भामरागढ़ क्षेत्र में गांवों और जंगलों के पास संदिग्ध रूप से घूमते हुए खूंखार मोआवादी को पकड़ा जिसकी पहचान 34 वर्षीय दिलीप मोतीराम पेंदाम के रूप में की गई है।

सक्ति, धमतरी में चुनावी सभा में प्रधानमंत्री बोले

मोदी ने नारा नहीं दिया, नाता जोड़ा

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ में हैं। मंगलवार को उन्होंने जांजगीर के सक्ति और धमतरी में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि, कांग्रेसी पूछते थे कि राम मंदिर कब बनाएंगे? हमने मंदिर बनवा दिया। हमने निमंत्रण भी भिजवाया, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। क्या ये भगवान राम का अपमान नहीं है? क्या ये छत्तीसगढ़ के लोगों का अपमान नहीं है? मुझे जनता की आशीर्वाद पर अटूट भरोसा है। इसी भरोसे पर पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है फिर एक बार फिर मोदी सरकार बनाना है।

पीएम ने कहा कि रामनामी समुदाय के लोगों का भी आशीर्वाद मुझे मिला। रामनामी समाज अपनी भक्ति, भजन और श्रीराम के लिए समर्पण के लिए जाना जाता है। रामनामी समाज के पूर्वजों ने डेढ़ सौ साल पहले बता दिया था कि रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कब होगी। सबने मान लिया था कि राममंदिर नहीं बनेगा लेकिन उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस वाले तो बुलावे के बाद भी नहीं आए।



कांग्रेस पर बोला हमला

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के लोग हम पर तंज कसते थे। हर चुनाव में हमसे पूछा जाता था, मंदिर कब बनेगा। आए दिन गली मोहल्ले में हमसे पूछा करते थे। हमने उन्हें तारीख भी बताई समय भी बताया निमंत्रण भी भेजा। लेकिन कांग्रेस के सातवें आसमान के अहंकार ने प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण को ठुकरा दिया। वे अपने आपको प्रभु राम से भी बड़ा मानते हैं। छत्तीसगढ़ तो प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। क्या है छत्तीसगढ़ का अपमान है कि नहीं है। क्या माता शबरी का अपमान है कि नहीं है। धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद भी पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। दलिलों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो वे एक सेकंड भी नहीं लगाएंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण ही हमारी प्राथमिकता है। कांग्रेस ने 60 साल तक गरीबी हटाओ का नारा दिया और अपने नेताओं की झोली भरती रही। मोदी ने नारा नहीं दिया। हमने 10 वर्ष में 25 करोड़ गरीबी से बाहर निकालने का काम हमने किया है। हमारी नीति ओर नीयत सही है। जब नीयत सही होता है तो नतीजे भी सही मिलते हैं। बीते 10 साल का ट्रेक रिकार्ड भी यही है। हम जो कहते हैं उसे पूरा करने में कमी नहीं रखते। चुनौती को चुनौती के समान पूरा करते हैं।

मोदी के लिए एक घंटा निकालना होगा

आपको मोदी के लिए एक घंटा निकालना चाहिए ही। सात मई को वोट देने के लिए मोदी के लिए एक घंटा निकालोगे। मोदी को वोट करोगे। पक्का करोगे। आपको जांजगीर चांपा से छोटी बहन कमलेश जांगड़े और रायगढ़ से हमारे छोटे भाई राधेश्याम राठिया को भारी बहुमत से जीताकर मेरी मदद के लिए भेजना है। एक मजबूत सरकार बनाने के लिए दिल्ली में मेरा साथ देने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज मेरे साथ रामनामी मेहरात राम जी मंच पर विराजमान हैं। अपनी भक्ति अपने भजन। कहते हैं रामनामी समाज के पूर्वजों ने डेढ़ सौ साल पहले ही बता दिया था कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कब होगी। मुझे प्राण प्रतिष्ठा का सौभाग्य मिला। अयोध्या के मंदिर की उम्मीद देश छोड़ चुका था। उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया है। कमल वालों ने किया है।

महतारी योजना की देशभर में चर्चा

प्रधानमंत्री ने कहा, ये मोदी की गारंटी है, ऐसे ही आगे भी मेरे किसान भाइयों को मिलता रहेगा। खेती में माताओं बहनों की भागीदारी को कई गुना बढ़ाने में जुटी है। ड्रोन क्रांति आने वाली है उसका नेतृत्व आदिवासी बहनें करेंगी। नमो ड्रोन दीदी योजना से बहनों को पहले ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जा रही है। सरकार उसको सब्सिडी भी दे रही है। छग की महतारी योजना की देशभर में चर्चा है। लाखों बहनों को हर महीने सीधी मदद पहुंचने लगी है। मोदी ने भी गारंटी दी है कि तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। बेटी ये फोटो लेकर कब से खड़ी हो। मुझे देने आई हो। बेटा अपना नाम पता लिख देना मैं आपको चिट्ठी लिखूंगा। एक बेटी मोदी का पोस्टर लहरा रही थी,उसे पीएम ने संबोधित करते हुए यह बात कही।

कांग्रेस ने आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया

प्रधानमंत्री ने कहा, 60 साल तक एक ही परिवार ने रिमोट से सरकार चलाई। 2014 में आपके बीच से आए मोदी को जिम्मेदारी दी। आप लोगों के बीच से निकला हूं। गरीबी देखा है। आपके मां पिता ने जो देखा है मैंने देखा है। भाजपा ने देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति देने का फैसला किया। कांग्रेस को साथ देना था कि नहीं। कांग्रेस ने विरोध किया। जीत गई तो अनाप शनाप बोलकर अपमान भी किया। छग में आपने भरोसा जताया तो मेरे साथ अरुण साव को बड़ी जिम्मेदारी दी। कांग्रेस को पिछड़ा आदिवासी गरीब की भागीदार पच नहीं रही है।

आज शाम छह बजे 6 सीटों पर थमेगा प्रचार

चुनावी शोर थमने से पहले खजुराहो और रीवा में नड्डा की सभाएं, कांग्रेस नेताओं के भी दौरे

भोपाल। छह लोकसभा सीट पर बुधवार शाम से चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे पहले मंगलवार को कांग्रेस और बीजेपी के नेताओं ने मतदान वाली लोकसभा सीटों पर चुनावी सभाओं और जनसंपर्क तेज कर दिया है। इसी के चलते बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को पहले खजुराहो और फिर रीवा में चुनावी सभा को संबोधित किया। उधर कांग्रेस के नेता भी इन लोकसभा सीटों पर सभाएं करने में जुटे हैं। इन सीटों पर बुधवार शाम छह बजे से चुनावी शोर थमेगा।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग में शामिल 6 लोकसभा क्षेत्रों में बुधवार शाम छह बजे से चुनावी शोर थम जाएगा। इसके चलते अंतिम दौर में इन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है और चुनावी सभाओं के साथ नुक्कड़ सभाएं और चौपाल के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में खजुराहो लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के भाग्य का भी फैसला होना है। इसलिए वे खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में लगातार दौरे कर रहे हैं।

इन सीटों पर शुक्रवार को होगी वोटिंग

दूसरे चरण में शामिल मध्यप्रदेश के टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा एवं होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्रों में मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होना है, इसके चलते चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक ऐसे लोकसभा सीट पर 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोडना होता है। इसके लिए सघन निगरानी अभियान चलाया जाता है।

मंदिरों में टेक रहे माथा

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए इन दिनों प्रत्याशी मंदिरों में भी माथा टेक रहे हैं। बीजेपी के खजुराहो प्रत्याशी वीडी शर्मा ने कल मत्तगयेंद्र महादेव के दर्शन के बाद आज हनुमान जन्मोत्सव पर खजुराहो लोकसभा के हनुमान मंदिरों में माथा टेककर बजरंग बली से जीत का आशिर्वाद मांगा। दूसरी ओर कांग्रेस और सपा समर्थित इंडिया गठबंधन के समर्थित और आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी रिटायर्ड आईएएस आरबी प्रजापति भी लगातार दौरे कर रहे हैं।

रिपोर्ट में हुआ खुलासा- जहर से नहीं हुई मुख्तार अंसारी की मौत

बांदा। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 (गुरुवार) को देर रात मौत हो गई थी। इसको लेकर आरोप लग रहे थे कि मुख्तार अंसारी को जहर दिया गया है। अब विसरा की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें जहर से मरने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल विसरा रिपोर्ट को न्यायिक टीम को सौंप दी गई है। इससे पहले बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर उनके भाई, बेटे और परिजनों ने मुख्तार को जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। जिसके लिए प्रशासनिक व न्यायिक जांच बैठी थी।

जानकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भी जहर देने के शक में विसरा लखनऊ जांच के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद इसे न्यायिक जांच टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट में जहर देने की पुष्टि नहीं की गई है।बता दें कि बांदा जेल की बैरक में मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आए थे जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी।

नगालैंड में भारत सरकार के खिलाफ विद्रोह?

पिछले दो माह से आंदोलन, सरकारी कामकाज ठप्प

कोहिमा। कोहिमा में पिछले दो माह से पृथक फ्रंटियर नगालैंड बनाने की मांग हो रही है। नागालैंड के मोन, देसांग, किफरे,लोंगलेग,नौकलॉक और शामाटोर के 6 जिलों में पिछले 2 महीने से आंदोलन चल रहा है। यहां के बाजार बंद हैं। आंदोलनकारियों की अनुमति से कभी-कभी बाजारों को खोल दिया जाता है। सरकारी कार्यालय में कर्मचारी नहीं पहुंच रहे है। केंद्र सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसके कारण नगालैंड मे पिछले 2 महीने से केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन चल रहा है।

लोकसभा के चुनाव में मतदान नहीं

19 अप्रैल को यहां पर लोकसभा का मतदान होना था। एक भी मतदाता ने अपना वोट नहीं डाला। यहां तक की 6 जिलों के 20 विधायकों ने भी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किया। चुनाव आयोग ने 738 मकान केंद्र बनाए थे। सभी 6 जिलों ने पूरी तरह से मतदान का बहिष्कार किया। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो का कहना है, वह स्थानीय लोगों की मांग से सहमत है। उन्होंने जो किया वह ठीक ही किया। नगालैंड की सरकार आंदोलनकारी से कोई टकराव नहीं लेना चाहती है। उल्लेखनीय है,पूर्वी नागालैंड पीपल्स ऑर्गेनाइजेशन की धमकी का असर मतदान में देखने को मिला। विधायकों अथवा मतदाताओं ने मतदान का विरोध करके, केंद्र सरकार को चेतावनी दी है।

पीएम मोदी के खिलाफ शिकायत करने आयोग पहुंची कांग्रेस

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा वाले भाषण के बाद चुनाव आयोग की भूमिका पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। पीएम मोदी के दावों की कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के नेताओं ने कड़ी आलोचना कर उन्हें झूठा बताया है।

कांग्रेस मामले में चुनाव आयोग भी पहुंची है। बीजेपी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी 16 शिकायतें कांग्रेस ने चुनाव आयोग को सौंपी हैं। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक पुराने भाषण का हवाला देकर मुसलमानों पर टिप्पणी की थी, जिसमें उन्हें घुसपैठिए और ज्यादा बच्चे पैदा करने वाला कहा गया था। हालांकि पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह के जिस 18 साल पुराने भाषण का ज़िक्र किया है, उसमें मनमोहन ने मुसलमानों को पहला हक देने की बात नहीं कही थी।

मनमोहन ने 2006 में कहा था, अनुसूचित जातियों और जनजातियों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर ये सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों और खासकर मुसलमानों का भी उत्थान हो सके, विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला दावा होना चाहिए। मनमोहन ने अंग्रेजी में दिए गए भाषण में क्लेम शब्द का इस्तेमाल किया था।

पीएम मोदी के बयान की आलोचना ये कहकर भी हो रही है कि वे कैसे देश के करीब 20 करोड़ मुसलमानों के लिए घुसपैठिया शब्द इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, इंडी अलायंस के लिए जो भारत में गैर-कानूनी ढंग से घुसते हैं, वे देश की जनता से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।

केजरीवाल की कस्टडी 7 मई तक बढी

नई दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। इसके पहले केजरीवाल की कस्टडी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, फिर उसके बाद 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। कोर्ट के इस आदेश के बाद केजरीवाल अब लोकसभा चुनाव के दूसरे (26 अप्रैल) और तीसरे (7 मई) फेज की वोटिंग के दौरान भी जेल में रहेंगे। केजरीवाल के अलावा बीआरएस नेता के कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि के कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी। ईडी ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। 22 मार्च को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक श्रष्ठ की रिमांड पर भेजा गया। 1 अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं। इस बीच, तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि केजरीवाल को सोमवार शाम इंसुलिन दी गई। अधिकारियों ने कहा कि कम खुराक वाली इंसुलिन की 2 यूनिट दी गई, क्योंकि सोमवार शाम 7 बजे उनका शुगर लेवल 217 हो गया था।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने टीकमगढ़, रीवा, सतना में सभा के दौरान कहा

कांग्रेस ने तीनों लोक में घोटाले किए

भोपाल। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को टीकमगढ़, रीवा, सतना में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभाएं और रोड शो किया। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न आसमान छोड़ा, न समुद्र छोड़ा, न धरती छोड़ी और न ही पाताल छोड़ा। इन लोगों ने तीनों लोक में घोटाले किए हैं। आप बताओ, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं कि नहीं। केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं कि नहीं। ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं।

नड्डा ने मंच से अखिलेश यादव, केजरीवाल, ममता बनर्जी सहित इंडी गठबंधन के नेताओं के घोटाले गिनाएं। उन्होंने कहा कि मुलायम यादव के बेटे अखिलेश यादव ने गोमती रिवर फ्रंट, लैपटॉप, फूड ग्रेन घोटाला, केजरीवाल ने शराब और दवाई घोटाला, डीएमके ने बालू घोटाला, टीएमसी ने टीचर भर्ती घोटाला किया।

इंडी अलायंस का मोटिव

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सब घोटालेबाज इकट्ठे आ गए। हम तुम्हें बचाएं, तुम हमें बचाओ। इस काम में लगे हैं। ये अपनी रैली करते हैं तो अपने दो मुख्यमंत्री के लिए कुर्सी खाली रखते हैं। कहते हैं कि हमारे मुख्यमंत्री जेल में हैं, वे आएंगे तो बैठेंगे। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले आप ही कहते थे कि कोई बदलाव नहीं आएगा। लेकिन आप लोग ही कह रहे हैं कि देश बदल चुका है।

सुप्रीम कोर्ट ने फिर की बाबा की खिंचाई...

नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद की ओर से अपनी दवा कोरोनिल को कोरोना से निपटने वाली औषधि बताने के प्रचार पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिर लताड़ लगा दी। अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव से कहा था कि वे इस मामले में सार्वजनिक माफी मांगें। इसके पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अदालत में हाथ जोड़कर माफी मांगी थी। लेकिन कोर्ट ने उन दोनों की माफी को खारिज कर दिया था। इसके बाद बाबा ने कहा था कि हम सार्वजनिक माफी के लिए तैयार हैं। इसके बाद अदालत ने एक सप्ताह का वक्त दिया था। अब अदालत ने अखबारों में छपे माफीनामे पर ही सवाल उठा दिया।

बेंच ने सवाल किया कि आखिर माफीनाम

प्रकाशित माफीनामे के साइज पर उठाए सवाल

कल ही क्यों प्रकाशित किया गया। इसके अलावा बेंच ने सवाल उठाया कि क्या आपका माफीनामा उतना बड़ा ही छपा है, जितना बड़ा विज्ञापन होता है। इस पर पतंजलि आयुर्वेद के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस माफीनामे में सुप्रीम कोर्ट में वकीलों की पेशी के बाद भी प्रेसवार्ता करने और विज्ञापन में गलत दावा करने पर माफी मांगी गई है। वही नहीं सुप्रीम कोर्ट की ओर से विज्ञापन और माफीनामे के साइज को लेकर जब सवाल उठाया गया, तब उन्होंने कहा कि इसके प्रकाशन में 10 लाख रुपये का खर्च आया है।

बाबा के वकील ने बताया कि हमने कल कई अखबारों में माफीनामा छपवाया है। पतंजलि आयुर्वेद की ओर से छपे माफीनामे में कहा गया है, पतंजलि आयुर्वेद सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का बेहद सम्मान करता है। हम विज्ञापन छपवाने और सुप्रीम कोर्ट में वकीलों के बयान के बाद भी प्रेसवार्ता करने के लिए माफी मांगते हैं। हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि भविष्य में ऐसी कोई गलती न हो।

आईएमए को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को उसके डॉक्टरों द्वारा कथित तौर पर एलोपैथी में महंगी और अनावश्यक दवाओं का समर्थन करने पर फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए डॉक्टरों के प्रमुख संगठन से कहा कि चार उंगलियां आप पर भी उठती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि क्या खास ब्रांड की महंगी दवाइयां लिखने वाले डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है? यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद, बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते की।

कलकत्ता हाईकोर्ट की अपील- बहरामपुर में चुनाव आगे बढ़ाएं

आचार संहिता में दो गुटों में झगड़ा हुआ, ऐसे में वे किसी को चुन नहीं सकते

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को को चुनाव आयोग से अपील की है कि बहरामपुर (मुर्शिदाबाद) में चुनाव आगे बढ़ाया जाए। मुर्शिदाबाद में 13 और 17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव के दौरान दो गुटों में झगड़ा हुआ था। बहरामपुर सीट मुर्शिदाबाद में आती है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दो याचिकाओं की सुनवाई की थी, जिसमें घटना को लेकर सीबीआई और एनआईए जांच की मांग की गई है। कोर्ट ने कहा कि आचार संहिता के दौरान दो गुटों में झगड़ा हुआ था। इस स्थिति में वहां के लोग किसी को चुन नहीं सकते। चुनाव होने का कारण भी समस्या होगी। वहीं, कोर्ट ने बंगाल सरकार से अपील की है कि रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई थी, उस पर रिपोर्ट पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। पश्चिम बंगाल में सभी सातों फेज में लोकसभा चुनाव होने हैं। इलेक्शन कमीशन ने राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की 920 टुकडियां तैनात की हैं।

जय राम श्री राम के साथ निकाला गया हनुमान जी महाराज का चल समारोह

आकर्षण का केंद्र बने रहे शीश पर मुकुट धारण किए वीर हनुमान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हनुमान जी के जन्म उत्सव पर मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से श्री राम सेवा दल समिति द्वारा पानीपत की तर्ज पर चल समारोह निकाला गया जिसमें इस बार वीर हनुमान का स्वरूप आकाश रंगलानी के द्वारा धारण किया गया और जय राम श्री राम के जयकारे के साथ इस चल समारोह को 23 अप्रैल की शाम 7:00 बजे निकाला गया यह चल समारोह शहर के प्रमुख चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए नए राम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ, इस चल समारोह में वीर हनुमान अपने शीश पर हनुमान जी का मुकुट धारण किए हुए प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे तो वही उनके पीछे-पीछे कुछ झांकियां भी समिति के द्वारा निकाली गई। आपको बता दें कि 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के तत्वधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान सेवा दल समिति के तत्वधान में मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से हनुमान जी का पानीपत की तर्ज पर चल समारोह निकाला गया जिसमें आकाश रंगलानी द्वारा हनुमान जी का चोला धारण किया गया ,एवं मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से चल समारोह निकाला गया जिसमें ढोल नगाड़ों की थाप पर हनुमान जी महाराज के द्वारा नाचते झूमते हुए भक्तों के साथ शहर के प्रमुख चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए चल समारोह एवं साथ में प्रमुख झांकियां जो कि आकर्षण का केंद्र नजर आ रही थी।

जय राम श्री राम के नारों के साथ निकला चल समारोह

जय राम श्री राम के नारों के साथ आकाश रंगलानी अपने साथियों के साथ हनुमान जी महाराज का चोला धारण कर त्रिपुर सुंदरी मंदिर से नाचते झूमते हुए निकले जहां पर सर्वप्रथम त्रिपुर सुंदरी मंदिर से यह चल समारोह जय स्तंभ चौक होते हुए काली पुतली चौक पहुंचा जहां से राजघाट चौक ,पुराने राम मंदिर होते हुए महावीर चौक ,नया सर्राफा होते हुए हनुमान चौक और हनुमान चौक से नया राम मन्दिर पहुंची जहाँ चल समारोह का समापन हुआ।

जगह-जगह हुआ स्वागत

जैसे ही यह चल समारोह मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से निकाला गया वैसे ही दर्शकों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ इस चल समारोह के साथ निकल पड़ी जिसमें जय राम श्री राम जय जय राम जैसे नारों से यह चल समारोह सुशोभित हो रहा था वैसे ही जहां-जहां से यह चल समारोह और शोभायात्रा गुजर रही थी वहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा अपने अपने स्तर पर इस शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा किसी ने

पंडाल लगाकर इस चल समारोह का स्वागत किया तो किसी ने अपने घरों एवं संस्थानों के सामने खड़े होकर पुष्प गुछ से इस हनुमान जी महाराज के चल समारोह का स्वागत किया जिसके पीछे राम लक्ष्मण सीता की आकर्षक झांकियां भक्तों के मन को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी वही जगह जगह पर आतिशबाजी के साथ आसमान भी गुंजयमान रहा।

कठोर तप और साधना से पाठ होता है हनुमान जी महाराज का

पूरे 40 से 45 दिन इस हनुमान जी महाराज के पाठ का पाठन कठिन तपस्या और साधना के साथ करना पड़ता है जिसमें नवरात्रा के साथ ही हनुमान जी महाराज की इस साधना का दौर शुरू हो जाता है जिसमें पहले से ही यह तय हो जाता है कि अगले सत्र कौन हनुमान जी महाराज का चोला धारण करेगा जिसमें इस वर्ष आकाश रंगलानी के द्वारा हनुमान जी महाराज का चोला धारण किया गया जिसमें महाराज जी द्वारा पूरे श्रद्धा भक्ति भाव से इस ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए हनुमान जी की भक्ति में लीन रहकर यह व्रत किया जाता है।

प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता है शीश पर धारण किया हुआ मुकुट

इस चल समारोह में हनुमान जी महाराज द्वारा जो चोला धारण किया जाता है जिसमें प्रमुख आकर्षण का केंद्र हनुमान जी महाराज के शीश पर धारण किया हुआ मुकुट होता है इस मुकुट की एक विशेष खासियत होती है इसका वजन जो की 40 किलो का रहता है जिसे पूरे दिन कठोर तपस्या कर एवं इसकी विशेष तैयारी पहले से ही कर ली जाती है जिसके बाद यह चल समारोह निकाला जाता है।

भारी पुलिस बल रहा तैनात

इस चल समारोह की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद तरीके से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा पहले से ही कर ली गई थी जिसमें मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर के पास पुलिस विभाग के द्वारा भारी पुलिस व्यवस्था तैनात की गई थी जिसक जायजा पुलिस अधिकारियों के शाम 5:00 बजे से निरीक्षण कर लिया गया था वही जैसे ही यह चल समारोह और शोभायात्रा निकली उसके साथ-साथ पुलिस का भारी बल भी शोभा यात्रा की अगवानी करते हुए पूरी चाक चौबंद व्यवस्था के साथ यह चल समारोह और शोभायात्रा के साथ चलता रहा वही शहर के प्रमुख मार्गों को यातायात पुलिस कर्मी के द्वारा यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए समय-समय पर मार्गों को परिवर्तित भी करते नजर

मिक्सी के जार में फसी महिला की ऊंगलिया

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड क्रमांक ४ में एक महिला का मिक्सी से हाथ की दो ऊंगली कट गई। उक्त महिला का नाम अनिता सैयाम है जो ५२ वर्ष की है। २३ अप्रैल की शाम को जब महिला अपने घर में खाना बना रही थी तभी मशाला पीसने के दौरान चालू मिक्सी के जार में उसकी ऊंगली आ गई। तत्काल परिजनों ने उसे उचित उपचार के लिये शासकीय सिविल अस्पताल लाया गया जहां उसकी ऊंगली पर करीब ५ टांके लगाये गये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अनिता सैयाम एक घरेलू महिला है जो सब्जी के लिये मिक्सी में मशाला पीस रही थी तभी उनके साथ यह हादसा हुआ है। इस दौरान उनके घर में उनके पति थे जिन्होने तत्काल मिक्सी को बंद किया ओर उन्हे उपचार के लिये शासकीय सिविल अस्पताल लेकर आये।

संस्कार भारती के तत्वावधान में भू अलंकरण दिवस मनाया गया

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। संस्कार भारती के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस २३ अप्रैल २०२४ को हनुमान जयंती के दिन स्थानीय गांधी बाल उद्यान में प्रातः काल धरती माता का पूजन कर भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के कर कमलों से सर्व प्रथम दीप प्रज्जवलित कर पंचोपचार पूजन किया गया । प्रणय श्रीवास्तव ने जानकारी में बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी २२ अप्रैल को सम्पूर्ण भारत वर्ष के साथ ही विश्व के १९३ देशों में विश्व पृथ्वी दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान आकर्षक रंगोली से धरती माता को सुसज्जित कर पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने हेतु जन जागृति पैदा की जाती है । इस वर्ष रात्रि में रंगोली का निर्माण युवा कलाकार रिशान्त लिमजे के द्वारा गांधी बाल उद्यान में किया गया था ,किंतु अचानक भारी वर्षा एवं मौसम परिवर्तन के कारण उकेरी गई रंगोली बिखर गई । जिसमें उपस्थित सभी पृथ्वी प्रेमी नागरिकों एवं संस्था के पदाधिकारियों की ओर से अभिनंदन है । आज हमे धरती के बढ़ते हुए तापमान पर जल की कमी शुद्ध वायु ध्वनि प्रदूषण के साथ ही प्लास्टिक एवं

पालीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध के संबंध में गंभीरता से एकांत में गहन चिंतन एवं मनन की अति आवश्यकता है ,हम सभी घर से बाजार जाते समय कपड़े का थैला लेकर ही जावें। ग्लेशियर पिघल रहे हैं अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हमे धरती की हरियाली को बनाए रखना है । वहीं पंचम हनवत ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचत केवल पेड़ लगाकर ही हो सकती है । हमे वृक्षारोपण के साथ ही उनका रक्षण भी करना होगा । पालीथिन का प्रयोग पूर्णतः बंद होना चाहिए। कन्हैया चौहान ने पृथ्वी के प्रति कृतज्ञता की बात करते हुए प्राकृतिक संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी को कार्य करने की प्रेरणा दी ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके । इस अवसर पर हीरा सिंह चंदेलए ,मनीराम बिसेन, शेष राव नायडू, मनोहर सिंह ठाकुर,अमित राठौर,राम कुमार मेश्राम,अनिल मोदी, ओम प्रकाश बिसेन,बोरकर, पलक नगपुरे, अमित,पायल वाहेश्वर,रेखा नगपुरे, चहक बिसेन, लाची बिसेन मौजूद रहे।

महात्मा ज्योतिबा फुले और डा.बाबा साहब आंबेडकर जयंती समारोह आज

हट्टा के भालवा में आयोजित कार्यक्रम में दुय्यम कव्वाली का मुकाबला भी होंगा

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। राष्ट्रपिता महात्माज्योतिबा फुले और बोधिसत्व डा.बाबा साहब आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन सर्कल शाखा हट्टा में कल 24 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया है। यह समारोह दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया सर्कल शाखा भालवा तहसील किरनापुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि चरनदास डेंगरे प्रदेश अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया एवं प्रमुख अतिथि राजकुमार करहि विधायक लांजी/किरनापुर , सुश्री हिना कावरे पूर्व विधायक व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष म.प्र.शासन , दुर्गेश बिसेन पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालाघाट । समारोह की अध्यक्षता विनय मेश्राम सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सर्कल अध्यक्ष भालवा होगें। इसी प्रकार विशिष्ट तिथियों में हाजी शोहेब खान संयोजक बहुजन मुस्लिमत एकता मंच बालाघाट, संस्था के आर.के. कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश सचिव, एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष खुशियाल मेश्राम एवं देवानंद रंगारे तहसील अध्यक्ष, दुरेन्द्र सावनकर किरनापुर, बी.आर.रामटेके लांजी, के.के भालाधरे जिला सचिव , बी.एल.छल्लेकर जिला संघठक, प्रकाश बाहे सरपंच सुसवा, अंकेश्वरी अमृत राहंगडाले सरपंच भालवा, अमृत राहंगडाले पूर्व सरपंच भालवा, मुख्य वक्ता के रूप में मंजू किरण बौद्ध रायपुर, कंचनकला लांजेवार बामसेफ, सरोज मेश्राम समाजसेवी भिलाई उपस्थित होगें। इस अवसर पर कार्यक्रम के बाद कव्वाली का आयोजन होगा। जिसमें विकास राजा नागपुर व अश्विनी खोब्रागडे चंद्रपुर रेडिया एवं टीवी सिंगर द्वारा प्रस्तुती दी जावेगी। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जायेगें। मंच संचालन प्रभुराज खोबागडे कार्यालय सचिव भालवा द्वारा किया जावेगा। वही इस अवसर पर सभी से उपस्थिति की अपील योगराज पटले भालवा, डा.सुभाष चंद्र रंगारे, जितेन्द्र रंगारे व सामाजिक बंधुओं ने की है।

आम सूचना

समस्त आम जनता/ बैंक/ वित्तीय संस्थाओ को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लिंगा नवेगांव बालाघाट शाखा की ओर से सूचित किया जा रहा है कि ग्राम बुढ़ी पहन 13/1 वार्ड नं. 13 बालाघाट तहसील एवं जिला बालाघाट में स्थित भूमि संपत्ति खसरा नंबर 149/1/14/1/5 एरीया 0.024 हेक्टर को उनकी स्वामी श्रीमति प्रितीबाला भावे पति श्री प्रेमकुमार भावे द्वारा ऋण संव्यवहार में हमारी शाखा बैंक में बंधक करने का प्रस्ताव किया है तथा उनके द्वारा यह बताया है कि इस भूमि की पूर्व स्वामी श्रीमति आशालता बोरकर पति श्री ओमकारदास बोरकर से उनके मुल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30/01/2004 क्रमांक 2203 (प्री टाईटल डीड) की असल गुम हो गई है, अतएव यदि मुल रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 30/01/2004 क्रमांक 2203 (प्री टाईटल डीड) किसी भी व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्थान में बंधक के रूप मे जमा हो या इस संपत्ति पर किसी का कोई वैधानिक भार हो, तो आगामी एक सप्ताह के अंदर लिंगा नवेगांव शाखा कार्यालय में लिखित रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उपरोक्त भूमि पर वैधानिक भार उत्पन्न करते हुए शाखा बैंक द्वारा हितग्राही को ऋण प्रदान किया जावेगा।

शाखा प्रबंधक
स्टेट बैक ऑफ इंडिया
शाखा लिंगा नवेगांव
बालाघाट
तहसील जिला बालाघाट

रेलवे और एमपीआरडीसी विभाग ने नहीं दिया ध्यान

क्षतिग्रस्त ओवरब्रिज की ग्रामीणों ने की मरम्मत

कटंगी(पद्मेश न्यूज़्त)। क्षेत्र की मार्यल नगरी तिरोड़ी में रेलवे स्टेशन के पास मुख्य सड़क मार्ग पर तिरोड़ी से पीपरवानी सड़क मार्ग को जोड़ने के लिए रेलवे और म.प्र.सरकार के उपक्रम मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के द्वारा मिलकर बनाया गया सड़क ओवर ब्रिज धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो रहा था। इस ओवर ब्रिज पर बनी सड़क कई इंच तक नीचे की ओर धसक गई थी। जिस कारण वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही थी जबकि नए वाहन चालक अनजाने में सड़क हादसे का शिकार हो रहे थे। ग्रामीणों ने इस ब्रिज की मरम्मत कराने की मांग संबंधित विभाग के अधिकारियों से की थी लेकिन

अफसरों ने ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर दिया। जिसके बाद मंगलवार को स्थानीय रहवासियों ने स्वयं के व्यय से ब्रिज की मरम्मत की है ताकि सड़क हादसों पर किसी तरह से अंकुश लगाया जा सकें। ग्रामीणों की यह पहल शानदार है और इसकी प्रशंसा भी हो रही है। मगर, विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की इस पहल पर शर्म आनी चाहिए। क्योंकि ग्रामीणों ने जो काम किया. यह काम उनका नहीं बल्कि विभाग का था। उल्लेखनीय है कि रेलवे और एमपीआरडीसी ने आनन-फानन में सड़क ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया था। जब इसका निर्माण चल रहा था तभी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कई तरह के सवाल खड़े किए गए थे लेकिन तब ना तो रेल विभाग और ना ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों के कानों में जूं रेंगी और ना ही आज अधिकारी ओवर ब्रिज की हालत को लेकर गंभीर है। ज्ञात रहे कि इस पुल से हर दिन करीब 100 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। जिसमें यात्री बसों से लेकर मालवाहक वाहन शामिल है। इसके अलावा यह मार्ग पठार अंचल के कई गांवों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है जिस कारण दिन भर आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में अगर यह ब्रिज अचानक से क्षतिग्रस्त होता है तो बड़ा हादसा हो सकता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। बीते दिनों जब ओवर ब्रिज की हालत इसी तरह से खराब हुई थी तब एमपीआरडीसी ने ब्रिज की दोनों ओर की सड़क की मरम्मत करवाने के नाम पर लीपापोती कर दी थी।

सोसायटी शिव मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। वार्ड नं.३ दीनदयाल चौक स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रांगण में शिव मंदिर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ आस्था पूर्वक २३ अप्रैल को मनाइ गई। इस दौरान विशाल भंडारे का

आयोजन देर शाम को किया गया। जिसमे श्रृध्दालु भक्तों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये मंदिर समिति के पदाधिकारी मनोज लिल्हारे ने बताया कि भगवान हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सोसायटी प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में संकट मोचक भगवान हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही भक्तों द्वारा पूजन पाठ किया गया वही हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। देर शाम को भंडारे का आयोजन है जिसकी तैयारी चल रही है। इस भंडारे में वार्ड नं.३ के अलावा अन्य वार्ड के लोग भी शामिल होंगे। वही योगेश व्यास ने पद्मेश को बताया कि बीते २ वर्ष पूर्व इस मंदिर का निर्माण हुआ है। जिसे सभी श्रृध्दालु भक्त सोसायटी शिव मंदिर के नाम से जानते है। २३ अप्रैल की सुबह से ही मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुये है वही प्रातःकाल आरती की गई है वही संध्या के समय महाआरती करने के बाद विशाल भंडारे के स्वरूप महाप्रसादी का वितरण किया गया।

लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

जिले भर में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिलेभर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगह-जगह हनुमान चालीसा व सुंदरकांड के पाठ के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। मंदिरों में दर्शन-पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। तो वही काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर से एक हनुमान जी की पालकी निकाली गई जो शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः हनुमान मंदिर में आकर समाप्त हुई। आपको बता दे की मंगलवार को हनुमान जयंती पर मंदिरों में दर्शन-पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ लगी रही। शहर के काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। इस दौरान सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। तो वहीं बूढ़ी स्थित हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही डीजे के धुन पर हनुमान जी के भक्तिगीत चलते रहे तो वहीं सुबह से श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना का दौर चलता रहा तो वही गुजरी चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान जी का अभिषेक कर स्थापना दिवस मनाया गया एवं रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया वहीं शहर के तमाम



हनुमान मंदिर व अन्य मंदिरों में भी हनुमान जी की पूजा अर्चना चलती रही तो वहीं कुछ मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड का भी पाठ किया गया ,वहीं हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने स्तर पर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर हनुमान जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया।

हनुमान मंदिर से निकाली गई पालकी

काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर से विश्व हिंदू परिषद और मंदिर समिति के पदाधिकारी द्वारा हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर हनुमान मंदिर से एक पालकी सुबह 6:30 बजे निकाली गई जो हनुमान मंदिर से कालीपुतली चौक, काली पुतली चौक से मेन रोड होते हुए शहर के प्रमुख चौक चौराहों का भ्रमण करते एवं भजन कीर्तन के साथ यह पालकी पुनः काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची जहां पर इस पालकी का समापन हुआ बताया जा रहा है कि अभी कुछ वर्षों से ही हनुमान मंदिर से हनुमान जी के जन्मोत्सव पर यह पालकी निकाली जाती है जो शहर के प्रमुख चौक चौराहों का भ्रमण करते मंदिर में आकर यह पालकी समाप्त होती है।

मंदिरों में चलते रहे सुंदरकांड

हनुमान जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम पर श्रद्धालुओं द्वारा पहले से ही अपने-अपने स्तर पर हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई थी और हनुमान जयंती के दिन शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही सुंदरकांड के पाठ चलते रहे तो ,वहीं कुछ मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान जी के भजन कीर्तन कर हनुमान जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया तो वहीं कुछ लोगों ने मंदिरों के सामने डीजे बजाकर हनुमान जी के गाने बजाये।

दिन भर चलता रहा भंडारे का दौरा

हनुमान जयंती के अवसर पर देवालय एवं मंदिर समितियां द्वारा अपने-अपने स्तर पर मंदिर प्रांगणों में महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जिसके लिए सुबह से ही मंदिरों में एवं शहर के प्रमुख चौक चौराहों में श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया जो भंडारे देर शाम तक चलते रहे जिसका लाभ आने-जाने वाले लोगों सहित श्रद्धालुओं द्वारा लिया गया।

आकर्षण का केंद्र रही भगवान शंकर जी की शिवलिंग

आपको बता दे की हनुमान जी की जयंती के दिन काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में उज्जैन की तर्ज पर हनुमान मंदिर में स्थित भगवान शंकर जी के शिवलिंग का श्रंगार कर उसे हनुमान जी का रूप दिया गया जो की हनुमान जयंती के दिन आकर्षण का केंद्र रहा हर कोई इसे देखकर स्तंभित था और यह जिस प्रकार से स्वरूप दिया गया था उसे देखकर हर कोई इसकी फोटो लेते और हनुमान जी की पूजा अर्चना करते नजर आ रहा था।

हनुमान जयंती पर गूंजे जयश्रीराम के जयकारे

हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पुरे धूमधाम से मनाई गई। मंगलगीत व जयश्रीराम के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। भंडारे के आयोजन में प्रसाद ग्रहण करने को भारी भीड़ उमड़ी रही। सुबह मंदिर के में महाआरती कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। शाम को जयश्रीराम के जयकारे के बीच भंडारे की शुरुआत हुई। प्रसाद ग्रहण करने को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

निर्वाचन आदेशों की अवहेलना और नियमों की अनदेखी करने पर एक निलबिंत, 2 की वेतनवृद्धि रोकी 4 को शोकॉज जारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन कार्य में संलग्न किये गए शासकीय सेवको द्वारा आदेशों की अवहेलना और निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य की अनदेखी करने के मामलें में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने 7 शासकीय सेवकों पर कार्यवाही की है। इसमें एक को निलम्बित किया गया है। जबकि 2 की असंचयी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए गए है। इसी तरह 3 शासकीय सेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। पत्र जारी कर 3 दिनों में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के सहायक ग्रेड-3 शंकर सेवइवार को 28 मार्च को आयोजित हुए प्रशिक्षण के लिए आदेशित किया गया था। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने का समय दिया गया था। उन्होने अपने जवाब में 7 मार्च से कुल 30 दिन का चिकित्सा प्रमाण पर संलग्न कर बेड रेस्ट करने का उल्लेख किया। लेकिन 26 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 40 दिन का अर्जित अवकाश लिया गया था। फिर 26 को मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि चुनाव के कार्य से विमुक्त रहने के लिए अवकाश लिया गया है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आरपी एक्ट 1951 की धारा-134 के दंड के फलस्वरूप मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के उपनियम (1) (2) (3) के विपरीत आचरण पाए जाने पर मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 का उल्लंघन करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इनके अलावा श्रीमती प्रतिभा पटेल और बाखरू सिंह धुर्वे द्वारा भी मतदान प्रशिक्षण में अनुपस्थित होकर आदेश की अवहेलना की। प्रतिभा पटेल ने स्वास्थ्य खराब होने से चिकित्सा अवकाश लिया गया। दोनों ही द्वारा अवकाश के लिए मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया। दोनों प्रकरणों में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के उपनियम (1)(2)(3) के विपरीत आचरण किये जाने के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के कारण एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।

चार को जारी किया कारण बताओ सूचना पत्र

प्राथमिक शिक्षक श्रीमती चंद्रकांता शरणागत, सहायक ग्रेड-1 राधेलाल टेकाम, व्याख्याता अरविंद मते और सहायक शिक्षक वेदवती सिंह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इन्हें अपना प्रतिउत्तर 3 दिनों में समक्ष में उपस्थित होकर देना होगा। इन सभी को मतदान प्रशिक्षण के लिए आदेशित किया गया था। सभी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। वेदवंती सिंह, अरविंद मते और राधेलाल तेकाम को अनिवार्य सेवा निवृत्ति के संबंध में नोटिस जारी हुआ है।

विद्युत करंट से युवक का चेहरा झुलसा



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सिवनघाट में डेकोरेशन का सामान निकलते समय इसी ग्राम का एक युवक अरुण पिता टेकलाल राहंगडाले18 वर्ष का विद्युत करंट लगने से चेहरा झुलस गया जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अन्य अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरुण राहंगडाले अपने परिवार के साथ खेती किसानी के अलावा डेकोरेशन का भी काम करता था। परिवार में 22 अप्रैल को शादी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 23 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे अरुण राहंगडाले डेकोरेशन का सामान निकाल रहा था। होल्डर से बल्ब निकालने के समय विद्युत करंट की चिंगारी निकलने से अरुण राहंगडाले का चेहरा झुलस गया गया जिसे तुरंत ही जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया जहां से उपचार के बाद उसे परिवार वालों ने नगर की प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर भर्ती किये हैं।

मोती तालाब की बोटिंग व्यवस्था बदहाल

महीनों से बंद पड़ी बोटिंग पर नपा नही दे रही ध्यान, महीनों से खराब पड़ी हुई है मोतीतालाब की 6 बोट

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। कुछ वर्ष पूर्व बड़े शहरों की तर्ज पर मोती गार्डन में पहुंचने वालो लोगो को बोटिंग का लुत्फ उठाने की मंशा से बोटिंग की शुरुआत की गई। जो काफी समय तक अच्छी चली, लेकिन अब पिछले कई महीनों से यहां बोटिंग करते हुए लोग नगर नही आ रहे हैं। इसके पीछे कारण जानने का प्रयास किया गया तो सामने आया कि यहां पहले 6बोट हुआ करती थी जिनमें से 4 बोट लगभग 1 वर्ष से खराब अवस्था में पड़ी हुई है और मात्र एक बोट ही अच्छी स्थिति थी। उस बोट के माध्यम से थोड़ी बहुत ही बोटिंग कराई जा रही थी। लेकिन अब वह बोट भी पिछले कई महीनों से बंद पड़ी है। जिसके चलते गार्डन पहुचने वाले लोग इस सुविधा से मेहरूम हो गए है। वही नगरपालिका के जिम्मेदारो द्वारा इसपर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। वही सम्बंधित विभाग अमले द्वारा खराब पड़ी बोट को सुधारने के कोई प्रयास नहीं किये जा रहे है।जिसपर यहाँ आने वाले लोगो ने अपनी नाराजगी जताते हुए, व्यवस्थाओ में सुधार की मांग की है।

बोटिंग को लेकर देखा जाता था उत्साह

आपको बताए कि पहले मोती तालाब आने वाले काफी लोग बोटिंग का लुत्फ उठाते थे इसको लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। लोगों में बोटिंग को लेकर उत्साह होना भी लाजमी है।क्यों कि बहुत कम शुल्क पर मोती तालाब में बोटिंग का लुत्फ उठाने का अवसर नगरपालिका प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाता था। नगरपालिका बालाघाट द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की नगरवासी जनता द्वारा काफी सराहना भी कि गई थी। वही इससे नगरपालिका प्रशासन को राजस्व भी प्राप्त हो रहा था। उसके अलावा बोटिंग की इस व्यस्वथा से नगर की ख्याति में भी बढ़ोतरी हो रही थी।लेकिन एक एक कर खराब होती गई बोटिंग की मरम्मत व सुधार कार्य पर ध्यान ना देने के चलते यह व्यवस्था अब पूर्ण रूप से बंद हो चुकी है।जिसपर नपा का कोई ध्यान नही है।

तालाब में सिर्फ एक बोट ,वो भी खराब

आपको बताये कि वर्तमान स्थिति में मोतीतालाब में सिर्फ 1 बोट ही है जिसका संचालन भी कई महीनों से बंद है।ऐसे में नगरपालिका प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देकर खराब पड़े बोट का सुधार कार्य कराए जाने की आवश्यकता है ताकि यह सुविधा बंद ना हो और अनवरत चलती रहे। और यह आने वाले लोग इसका आनंद उठा सके।

ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसुरी, इसीलिए फिल्टर प्लांट के पास कबाड़ में डाल दी गई बोटिंग

चाहे वाहनों की बात हो या मशीनरी की,नपा द्वारा उसका समय-समय पर मेंटेनेंस किया जाता है उसी प्रकार मोतीतालाब में रखे बोट का भी समय-समय पर मेंटेनेंस किया जाना चाहिए ताकि बोटिंग की सुविधा बाधित ना हो। इसके लिए नगरपालिका बालाघाट द्वारा जिस विभाग को जवाबदारी दी गई है उस विभाग के अधिकारी को प्रमुखता के साथ इस ओर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। लेकिन यहां ऐसा नहीं हो रहा है। जहां 06 में से धीरे धीरे खराब होती गई 05 बोटिंग को पहले तो गार्डन परिसर में ही रखा गया था फिर उसमें से कुछ वोटिंग को इधर-उधर सजाया कर भी रखा गया। लेकिन जब मेंटेनेंस को लेकर सवाल उठने लगे तो मोती गार्डन में रखी 01 वोटिंग को डेकोरेट के तौर पर सजा कर रख दिया गया है। तो वहीं 04 खराब बोटी को उठाकर सीधे फिल्टर प्लांट के पास कबाड़ में डाल दिया गया है। ताकि ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसुरी। अब जब गार्डन में खराब बोटिंग ही नही है तो उसे सुधारने को लेकर कोई चर्चा भी नहीं कर रहा है।

महीनों से नही हुई तालाब की सफाई, जल कुंभी से सना है तालाब

मोती तालाब में बोटिंग व्यवस्था बंद होने और पिछले कई महीनों से तालाब की साफ सफाई न होने के चलते ,तालाब में जलकुंभी ने अपना कब्जा जमा लिया है। तो वही करीब आधे तालाब तक जहां-तहाँ जलकुंभी ही जलकुंभी नजर आ रही है। यदि समय रहते तालाब की साफ सफाई नहीं कराई गई और पुनः नौका विहार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो यह जलकुंभी पूरे तालाब में अपना कब्जा जमा लेगी। क्योंकि समय-समय पर तालाब की साफ सफाई होती रहती और यहां नाव चलाते रहती तो निश्चित तौर पर जलकुंभी तालाब में नहीं पनप पाती। लेकिन साफ सफाई न होने और नाव ना चलने के चलते जलकुंभी ने लगभग आधे तालाब को अपने आगोश में ले लिया है।

व्यवस्थाओं में सुधार करना चाहिए- अखिलेश टेभरे

इस पूरे मामके को लेकर की गई चर्चा के दौरान मोती गार्डन घूमने आए। हट्टा भालवा निवासी अखिलेश टेभरे सहित अन्य ने बताया कि वे अक्सर गार्डन में आते रहते हैं। पहले तालाब में 5-6 नाव चलती थी,जहां नौका विहार के लिए काफी भीड़ हुआ करती थी। लेकिन अब सभी बोट खराब हो चुकी है जिसके चलते बोटिंग का लाभ नही मिल पा रहा है। उन्होंने खराब हुई वोटिंग की मरम्मत किए जाने की बात करते हुए पूर्व की भांति मोती तालाब में नौका विहार की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

जिम्मेदार अधिकारी नही उठाते फोन कॉल

इस पूरे मामले को लेकर हमने मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव और नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर से संपर्क करना चाहा लेकिन उनसे संपर्क नही हो सका।वही दोनों के दुरभाष क्रमांक पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन बार बार संपर्क करने पर भी नपाध्यक्ष का फोन नं बंद बता रहा था तो वही मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने फोन कॉल रिसीव नही की।

लड़की द्वारा बलात्कार की रिपोर्ट करने के बाद भाग रहा युवक गिरफ्तार

गिरफ्तार युवक विवेक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जिला जेल, जिले की गढ़ी पुलिस ने की कार्यवाही

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। एक आदिवासी लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और शादी नहीं करने पर लड़की द्वारा रिपोर्ट करने के बाद भाग रहे युवक को गढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार युवक विवेक पिता विनोद परवार 26 वर्ष ब्राह्मण टोला कुकर्रा निवासी को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह 22 वर्षीय आदिवासी लड़की विवेक परवार को 4,5 वर्ष से पहचानती है और दोनों आपस में बातचीत करते रहते थे। विवेक परवार इस लड़की को शादी करने का झांसा दिया करता की वह उससे शादी करना चाहता है और यह लड़की विवेक परवार के झांसे में आ गई। 15 जून 2022 कि रात 10:00 बजे विवेक परवार ने इस लड़की को अपने घर बुलाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाएं। इसके बाद जब भी विवेक परवार को मौका मिलता इस लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाते रहता था। हाल ही में 28 मार्च 2024 की रात्रि 10:00 बजे विवेक परवार ने पुन इस लड़की को अपने घर बुलाकर उसे शादी करने का झांसा देकर

के उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। लड़की ने जब विवेक परवार को शादी करने के लिए बोली तब विवेक परवार ने लड़की को शादी करने से मना कर दिया। लड़की ने विवेक परवार को शादी करने बहुत मनाई किंतु वह शादी करने तैयार नही हुआ। इस प्रकार विवेक परवार ने इस आदिवासी लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाएं किंतु शादी नहीं किया।विवेक परवार द्वारा शादी नहीं करने पर यह लड़की 22 अप्रैल की रात्रि 9:00 बजे रिपोर्ट करने के लिए गढ़ी पुलिस थाना पहुंची। गढ़ी पुलिस ने इस 22 वर्षीय लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर विवेक परवार के विरुद्ध धारा 376 376(2)एन भादवि, धारा 3(2)(1),3(1)2(द्व) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया और विवेचना शुरू की थी। तभी इस लड़की द्वारा पुलिस थाना गढ़ी में रिपोर्ट करने की भनक विवेक परवार को लगी । तब 23 अप्रैल को सुबह विवेक परवार अपने घर से छतीसगढ़ राज्य में भागने की फिराक में था। जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुखदेव सिंह धुर्वे, उपनिरीक्षक घुड़नलाल अहिरवार, प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास, आरक्षक राघवेंद्र पांडे ने ब्राह्मणटोला में घेराबंदी कर विवेक परवार को भागने के पूर्व ही उसके घर मे ही गिरफ्तार कर लिये और उसे बालाघाट की विशेष अदालत में पेश कर दिए। जहां से विवेक परवार को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।

करंट लगने से मजदूर की मौत

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम हथोड़ा में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई है। यह घटना सोमवार की देर रात की है. मृतक की शिनाख्त सोनू केवट निवासी ग्राम थानगांव तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर के रूप में की है। यह मजदूर सेंटर ड्रिलिंग का काम करने के लिए ग्राम हथोड़ा में एक निजी कंपनी के जरिए आया था। मिली जानकारी सोमवार की शाम बारिश होने के कारण काम बंद था लेकिन मजदूर खेत के रास्ते कार्य स्थल की तरफ जा रहे थे। इस दौरान श्रीराम भैरम के खेत में बिछाए गए करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। रात्रि में मजदूर के शव को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया और पुलिस सहित मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। मंगलवार की सुबह तिरोड़ी पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पीएम करवाने के बाद शव परिजनों के सुर्पुद कर दिया है। बता दें कि मृतक की माता-पिता थानगांव से मृतक का शव लेने के लिए कटंगी आए थे। वहीं इस घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद कंपनी ने मृतक के परिजनों को मुआवजा प्रदान करने का भरोसा दिया है। उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणियों से फसलों की सुरक्षा और कई बार वन्य प्राणियों के शिकार के लिए खेतों में करंट बिछाया जाता है। वनों से सटे ग्रामीण इलाकों के खेतों में खेत मालिका आमतौर पर वन्य प्राणियों से फसलों को

बचाने के लिए इसी तरकीब का इस्तेमाल करते है। कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में जंगल से सटे गांवों में खेतों में बिछाए जाने वाले करंट से जहां कई बार वन्य प्राणियों की मौत होती हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह खेतों फैलाए जाने वाले करंट से लोगों की भी मौत भी हो रही है। फसल बचाने के लिए किसानों के इस प्राणघातक तरीके पर अंकुश लगाने का कोई भी गंभीर प्रयास प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। हथोड़ा की घटना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है. किसान ने भले ही वन्य प्राणियों से फसल को बचाने के लिए खेत में करंट लगाया हो लेकिन इस करंट से एक मजदूर की मौत हो गई।

कक्षा 5 वीं का 91.63 एवं 8 वीं का 88.99 प्रतिशत रहा वार्षिक परीक्षा का परिणाम

साइड नही चलने से परीक्षा परिणाम देखने में विद्यार्थी व अभिभावकों को हुई परेशानी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा आयोजित कक्षा ५ वीं एवं कक्षा ८ वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणाम २३ अप्रैल को जारी किया गया है परन्तु परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद साइड नही चलने के कारण छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को रिजल्ट देखने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही अधिकांश छात्र-छात्राओं ने अपना परीक्षा परिणाम तक नही देख पाये है जिसके कारण वे परीक्षा परिणाम को लेकर चिंतित नजर आ रहे है कि हमारा परिणाम कैसा आयेगा होगा। २३ अप्रैल को राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा कक्षा ५ वीं, ८ वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड में कक्षा ५ वीं का वार्षिक परीक्षा का परिणाम ९१.६३ प्रतिशत एवं कक्षा ८ वीं का ८८.९९ प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विद्यालय पहुंचकर, मोबाईल पर या शिक्षकों से संपर्क कर परीक्षा परिणाम जाना तो कुछ छात्र-छात्राओं ने ऑनलाईन सेंटर व मोबाईल पर देखे परन्तु पोर्टल का साइड नही चलने के कारण उन्हे अपना परीक्षा परिणाम देखने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद से छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे थे उनका इंतजार अब परीक्षा परिणाम आने के साथ ही खत्म हो चुका है और जो छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हो चुके है वे अब कक्षा ६ वीं एवं ९ वीं में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई शुरू करेगें। आपकों बता दें कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष २०२३-२४ में कक्षा ५ वीं एवं ८ वीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षा आयोजित की गई थी जिसका परीक्षा परिणाम २३ अप्रैल को जारी किया गया है परन्तु साइड नही चलने के कारण परीक्षा परिणाम देखने के लिए छात्र-छात्राओं के साथ ही अभिभावकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। वहीं जिन छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है वे खासा उत्साहित नजर आ रहे है एवं जिनके नंबर कम एवं अनुत्तीर्ण हो चुके है वे मायूस नजर आये।

कक्षा ५ वीं में ९३८ एवं ८ वीं में ९८० विद्यार्थी ए प्लस ग्रेड से हुए उत्तीर्ण

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा ५ वीं एवं ८ वीं की बोर्ड परीक्षा गत ६ मार्च से शुरू हुई थी और १४ मार्च को संपन्न हो चुकी थी। इस परीक्षा में लालबर्रा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित शासकीय/अशासकीय स्कूलों के कक्षा ५ वीं के २६४१ एवं कक्षा ८ वीं के २७०६ छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होकर पेपर दिये थे। जिसमें कक्षा ५ वीं में २४२० विद्यार्थी उत्तीर्ण, २६९ अनुत्तीर्ण हुए है। इसी तरह कक्षा ८ वीं के २४०८ उत्तीर्ण, ३७७ विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए है और परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावकों ने मोबाईल, ऑनलाईन सेंटर एवं शिक्षकों से संपर्क कर परीक्षा परिणाम जाना। लालबर्रा विकासखण्ड में कक्षा ५ वीं में २४२० छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए है जिसमें १३८ विद्यार्थियों ने ए प्लस ग्रेड प्राप्त किये। इसी तरह ६७७ ने ए ग्रेड, ८७९ ने बी प्लस ग्रेड, ५६९ ने बी ग्रेड, ११६ ने सी प्लस ग्रेड, ३५ ने सी ग्रेड, ६ ने डी ग्रेड और कक्षा ८ वीं में १८० विद्यार्थियों ने ए प्लस ग्रेड, ६४० ने ए ग्रेड, ८९४ ने बी प्लस ग्रेड, ५४८ ने बी ग्रेड, १०६ ने सी प्लस ग्रेड, ३२ ने सी ग्रेड एवं २ ने डी ग्रेड प्राप्त किये है। इस तरह से कक्षा ५ वीं का ९१.६३ प्रतिशत एवं ८ वीं का ८८.९९ प्रतिशत वार्षिक परीक्षा का परिणाम रहा है।

कक्षा ५ वीं, ८ वीं का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर - श्रीराम

दूरभाष पर चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि २३ अप्रैल को कक्षा ५ वीं, ८ वीं का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है परन्तु साइड नही चलने के कारण परीक्षा परिणाम देखने में छात्र-छात्राओं, अभिभावक व शिक्षकों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा एवं लालबर्रा

विकासखण्ड में कक्षा ५ वीं की वार्षिक परीक्षा में २६४१ में से २४२० विद्यार्थी उत्तीर्ण, २६९ अनुत्तीर्ण हुए है। इसी तरह कक्षा ८ वीं में २७०६ में से २४०८ उत्तीर्ण और ३७० अनुत्तीर्ण हुए है। इस तरह से लालबर्रा विकासखण्ड में कक्षा ५ वीं का ९९.६३ प्रतिशत, ८ वीं का ८८.९९ प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है जिनकी अंकसूची आने के बाद स्कूल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को वितरित किये जायेगें और दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है।

हनुमान जयंती पर मंदिरों में हुआ हनुमान चालीसा पाठ

सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भंडारा का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा पवन पुत्र भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव २३ अप्रैल को भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी ग्रामों में स्थित हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ भी देखने को मिली। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित बजरंग मंदिर में बजरंग मंदिर समिति के द्वारा २३ अप्रैल को पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह भगवान हनुमान जी का जलाभिषेक के बाद संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन का आयोजन किया गया। जिसके बाद भगवान हनुमान जी की आरती के पश्चात् भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया गया और श्रध्दालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किये। चर्चा में बजरंग मंदिर समिति संरक्षक ज्ञानचंद शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष बजरंग मंदिर समिति के तत्वाधान में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रातः ६ बजे जलाभिषेक, पूजन अर्चन की गई जिसके बाद सुन्दरकाण्ड पाठ पढ़ा गया तत्पश्चात राधे-राधे महिला मंडल के द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी गई तत्पश्चात आरती कर भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया गया और भगवान हनुमान से प्रार्थना करते है कि सभी के जीवन में हमेशा खुशहाली बनाये रखे। श्री शर्मा ने इस हनुमान जयंती में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से मिले

सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त करते है एवं आगामी समय पर हनुमान जन्मोत्सव का पर्व और भव्य रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर हनुमान मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य व श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

विश्व शांति व समृध्दि के लिए हर व्यक्ति पौधारोपण अवश्य करें - अर्जुनवार

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चलाया गया पौधारोपण अभियान

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के लालबर्रा गार्डन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विश्व में सुख, शांति, समानता एवं सहृदयता की मजबूती के लिए महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विचार मंच के द्वारा रविवार को पौधारोपण अभियान चलाकर विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। यह कार्यक्रम पांढरवानी सरपंच अनीस खान की अध्यक्षता एवं महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विचार मंच के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक, संस्थापक विश्व शांतिदूत प्रकाश आर अर्जुनवार के प्रमुख आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्व पृथ्वी दिवस क्यों मनाया जाता है उसके बारे में उपस्थितजनों को बताया गया तत्पश्चात् लालबर्रा गार्डन में पीपल, बरगद, नीम के पौधों का रोपण किया गया। साथ-साथ साथ सूर्ति वंदन एवं पृथ्वी का पूजन भी किया गया। इस अवसर पर संस्थापक विश्व शांतिदूत प्रकाश आर अर्जुनवार ने उपस्थितजनों को विश्व पृथ्वी दिवस क्यों मनाते है उसके बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विश्व शांति व समृध्दि के लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण अवश्य करना चाहिए जिससे हरियाली भी बनी रहेगी और शुध्द ऑक्सीजन मिलेगा।इस अवसर पर एकता सामाजिक शिक्षण संस्था की अध्यक्ष समाजसेवी मीना परिमल, रैप डांसर चैतन्य प्रकाश, ग्राम पंचायत लालबर्रा के सचिव एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सहृदयता की मजबूती के लिए महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय

किसान ने खारी सरपंच, सचिव व ग्रामीण पर फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करने का लगाया आरोप

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही एवं आहरण की गई राशि वापस दिलवाने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ६ किमी. दूर ग्राम पंचायत खारी के किसान विजय बोपचे ने सरपंच, सचिव व ग्रामीण महेश महेरकर पर हितग्राही मूलक योजना की राशि फर्जी तरीके से आहरण करने का आरोप लगाते हुए २३ अप्रैल को जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कठोर कार्यवाही एवं आहरण की गई २६,९९८ रूपये की राशि वापस दिलवाने की मांग की है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत खारी निवासी किसान विजय बोपचे का खेत सुधार कार्य के लिए शासन की मनरेगा योजना से १.८० लाख रूपये एवं खेत में लगने वाली सामग्री के लिए ४४ हजार रूपये अलग से स्वीकृत वर्ष २०२३ में हुआ था और उक्त राशि से पंचायत के माध्यम से खेत सुधार कार्य किया गया है परन्तु वह कार्य अपूर्ण है। साथ ही खेत में ट्रेक्टर प्लाउ से खुदाई व अन्य कार्य करवाया गया है जिसका किराया किसान विजय बोपचे के द्वारा २७००० रूपये किया गया है जिसका मूल्यांकन उपयंती के द्वारा २६,९९८ रूपये किया गया है और उक्त राशि किसान को मिलना चाहिए था परन्तु उक्त

राशि खेत मालिक को सूचना दिये बिना सरपंच, सचिव व महेश महेरकर के द्वारा मिलीभगत कर महेश महेरकर के खाते में फर्जी बिल लगाकर २६,९९९ रूपये की राशि खाते में डालकर निकाल ली गई है। साथ ही सरपंच-सचिव के द्वारा कार्य स्थल पर साईन बोर्ड भी नही लगाया गया है और खेत का सुधार कार्य भी अधुरा है। इस तरह से सरपंच, सचिव के द्वारा अधुरे कार्य करवाकर फर्जी तरीके से दुसरे के खाते में राशि डालकर आहरण की गई है जिससे किसान खासा परेशान है और फर्जी बिल लगाकर दुसरे के खाते में राशि डालकर आहरण की गई है उक्त राशि को वापस दिलवाने एवं दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग जिला प्रशासन से की है। चर्चा में खेत मालिक विजय बोपचे ने बताया कि मैं विकलांग हुं और खेत सुधार कार्य के लिए पंचायत में वर्ष २०२३ में आवेदन किया था जिसके बाद शासन की मनरेगा योजना के तहत १.८० लाख रूपये खेत सुधार एवं अन्य सामग्री के लिए ४४ हजार रूपये स्वीकृत हुए थे जिसके बाद खेत का सुधार कार्य किया गया है परन्तु वह कार्य भी अपुर्ण है। साथ ही यह भी बताया कि मुझे बिना जानकारी दिये सरपंच, सचिव ने महेश महेरकर से मिलीभगत कर २० सितंबर २०२३ को फर्जी तरीके से नकली बिल लगाकर २६,९९८ रूपये की राशि निकाल लिये है। जबकि खेत का सुधार कार्य अपूर्ण है जो राशि उनके द्वारा निकाली गई है उस कार्य में लगे ट्रैक्टर प्लाउ व अन्य खर्च मेरे द्वारा दिया गया हैं इसलिए वह राशि मुझे मिलना था परन्तु सरपंच-सचिव व महेश महेरकर तीनों ने मिलकर फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण कर लिये है। श्री बोपचे ने बताया कि २३ अप्रैल को कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओं को ज्ञापन सौंपकर खारी सरपंच, सचिव, महेश महेरकर के द्वारा हितग्राही मूल्य योजना की राशि फर्जी तरीके से आहरण किये गये है उसकी जांच कर दोषियों पर कार्यवाही एवं आहरण की गई राशि वापस दिलवाने की मांग की है।

इनका कहना है

किसान विजय बोपचे के खेत में मनरेगा योजना के तहत खेत सुधार का कार्य करवाया गया है जिसमें महेश महेरकर का ट्रेक्टर प्लाउ से खुदाई कार्य करवाया गया है। जिसका भुगतान किया गया है एवं फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करने का जो आरोप लगा रहे है सभी आरोप निराधार एवं बेबुनियाद है।

श्रीमती डिलेश्वरी नखाते
सरपंच
ग्राम पंचायत खारी

अमोली में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य रैली

सुन्दरकाण्ड पाठ, हवन-पूजन व भंडारे का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली में ग्रामीणजनों व बजरंग सेवादल समिति के संयुक्त तत्वाधान में २३ अप्रैल को भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव भक्तिभाव व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः ६ बजे भगवान हनुमान जी का जलाभिषेक, पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद दोपहर में हवन-पूजन संपन्न हुआ एवं शाम ५ बजे डीजे की धुन पर पैदल रैली निकाली गई और यह रैली ग्राम अमोली व लालबर्रा के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस रैली में युवा व युवतियों ने नृत्य भी किया। साथ ही जय-जय श्रीराम, जय-जय पवन पुत्र बजरंगबली के नारे भी लाये जिससे पूरा नगर नारों से गुंजमान्य हो उठा और सभी भक्तिमय में नजर आये। यह रैली नगर मुख्यालय का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंची जिसके बाद भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया गया और श्रध्दालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किये। चर्चा में बजरंग सेवादल समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पवनपुत्र संकटमोचन भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर हनुमान मंदिर में दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए जिसके बाद शाम ५ बजे डीजे की धुन पर भव्य पैदल रैली निकाली गई। जो नगर मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर बजरंग सेवादल समिति के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीणजनों का सराहनीय योगदान रहा।

खमरिया क्षेत्र में बिजली कटौती से ग्रामीणजन परेशान

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में बिजली कटौती होने से ग्रामीणजनों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह बिजली कटौती का कोई निश्चित समय भी नही है जिससे हर कोई परेशान है। साथ ही ग्रामीणजनों के द्वारा क्षेत्र में हो रही विद्युत कटौती के संबंध में विद्युत विभाग को कई बार शिकायत कर चुके है परन्तु उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में गत दिवस से विद्युत विभाग के द्वारा किसी भी समय बिजली कटौती कर दी जा रही है जिसके कारण क्षेत्रीयजन परेशान है और रात्रि के समय कटौती होने से अंधेरा रहने पर जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने का डर बना हुआ रहता है। साथ ही यह भी बताया कि वर्तमान समय में वैवाहिक कार्यक्रमों का दौर जारी है और रात्रि के समय बिजली कटौती होने पर ग्रामीणजन रात्रि के समय शादी-विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अंधेरे में आना-जाना करते है जिन्हे परेशानी होती है। साथ ही गर्मी लगने पर कुलर, पंखे भी नही चला पा रहे है इसलिए विद्युत विभाग से मांग है कि अगर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोलों में तकनीकी खराबी है तो उसमें सुधार कर नियमित रूप से बिजली प्रदाय करें।



सूरत एवं खजुराहों लोकसभा का चुनाव तत्काल निरस्त कर पुनः करवाया जाये चुनाव - मनोहर

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जिला कांग्रेस कमेटी महामंली मनोहर अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर अपने वक्तव्य में कहा कि जैसा कि भाजपा पूरी तरह तानाशाही पर उतारू हो गई है, नियम कानून को 'अपने संविधान' के हिसाब से चलाना चाहती है। गुजरात के सूरत लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी निलेश कुंभारी का पर्चा रद्द कर वहां के शेष प्रत्याशियों पर भी दबाव बनाया गया और उनके प्रत्याशी मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जबकि चुनाव आयोग ने निर्वाचन परिणाम की तारीख ४ जून तय किया है फिर आज ही रिटर्निंग ऑफिसर सूरत द्वारा उन्हें विजय प्रमाण पत्र जारी करना अवैधानिक है। इसी तरह मध्यप्रदेश में खजुराहों लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की ओर से सपा प्रत्याशी मनोज यादव का फॉर्म भी निर्वाचन अधिकारी द्वारा रिजेक्ट किया गया वह भी असंवैधानिक था। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस कैंडिडेट निलेश कुंभारी और सपा प्रत्याशी के फॉर्म में यदि कुछ कमियां थी तो इसको पूर्ण करवाने की जिम्मेदारी निर्वाचन अधिकारी की होती है वह इस पर तत्काल सुधार करवा सकते थे। श्री अग्रवाल ने कांग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी एवं पुर्व मुख्यमंली कमलनाथ सहित अन्य नेताओं को पत्र लिखकर उनका ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि कांग्रेस की तरफ से इस पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर गुजरात के सूरत एवं मध्यप्रदेश के खजुराहो के निर्वाचन को अवैध घोषित किया जाये और पुनः निर्वाचन की प्रक्रिया करवाई जाये।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

हनुमान जयंती पर हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

जगह-जगह धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया जन्मोत्सव

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। हनुमान जयंती के अवसर पर पूरा नगर सहित क्षेत्र धर्ममयी हो गया। प्रात:काल से ही हनुमान भगवान पर आस्था रखने वाले भक्तगणों ने नगर व क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में जल चढ़ाकर उनका अभिषेक किया जिसमें सुबह से ही हनुमान भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। संकट मोचक हनुमान की जयंती के अवसर पर अनेको जगह जगह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व भंडारो का आयोजन किया गया जिसमें हनुमान भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर में भी सभी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती का आयोजन धार्मिक भावना के अनुरूप हुआ। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ,नपाध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे , संदीप मिश्रा,मोनू जिमजे, जसवंत पटले सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और संकट मोचक भगवान हनुमान के दर्शन कर क्षेत्र में खुशहाली व उसके विकास के लिये दुआं मांगी।

सिध्द श्री जागृत हनुमान मंदिर जोड़ा पीपल में हुआ नगर भोज

नगर के वार्ड नं.१४ गंगोत्री स्थित सिध्द श्री जागृत हनुमान मंदिर जोड़ा पीपल में संकट मोचक हनुमान की जयंती धार्मिक आस्था के अनुरूप मनाई गई। इस दौरान सुबह से भगवान की पूजा कर दिन भर हनुमान भजन हनुमान चालीसा का पाठ करते हुये भक्तों ने भगवान रामभक्त हनुमान का अभिषेक किया। वहीं शाम हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन नगर भोज के रूप में किया गया। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये समिति सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष सिध्द श्री जागृत हनुमान मंदिर जोड़ा पीपल में हम लोग इस पर्व को काफी धूमधाम के साथ धार्मिक आस्था के अनुरूप मनाते है। भविष्य में और इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की जायेगी। सुबह से ही हम लोगों के द्वारा भगवान हनुमान का जलाभिषेक कर अन्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । फिर बाइक रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया जिसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ कर हवन पूजन पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। इसमें सुबह ५ बजे से धार्मिक आयोजन किये गये।

लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी मनाई गई हनुमान जयंती

इसी तरह लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी भगवान हनुमान जयंती का कार्यक्रम पूरे भक्तिभाव से मनाया गया। जहाँ प्रात:काल से ही भक्तों का जत्था इस सिध्द प्राचानी मंदिर में भगवान हनुमान का अभिषेक करने उमड़ पड़ा था। तत्पश्चात इस कार्यक्रम के बाद सुंदर कांड पाठ व हनुमान चालीसा पाठ हुआ वहीं शाम को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस संबंध में मंदिर जानकारी देते हुये पण्डित आलोक भोंडले ने बताया कि यह मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है जहां भगवान हनुमान की प्रतिमा लेटे हुये है। उन्होने बताया कि जिस स्थान पर यह मंदिर है वो स्थान किसी समय जंगल के रूप में था। हमारे कई पूर्वजों के द्वारा बताया जाता है कि मंदिर पहले एक नीम के पेड़ के नीचे था। सभी के सहयोग से अब जाकर यह मंदिर का निर्माण भव्य स्वरूप में हुआ है। दूर दूर से भक्त इस मंदिर के दर्शन करने आते है जो भगवान का आर्शीवाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करते है।

नगर के श्रीराममंदिर में मनाया गया जन्मोत्सव

नगर के सबसे प्राचीन श्रीराम मंदिर में सुबह से ही भगवान हनुमान के भक्त बारी बारी से आकर भगवान का जलाभिषेक कर उनके चरण वंदन करते हुये दिखाई दिये। जहाँ दोपहर में सुंरद कांड हनुमान चालीसा व भगवान हनुमान से संबंधित भक्ति गीत प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान दोपहर १२ बजे हनुमानलला का पालना झूला कर जन्मोत्सव मानकर बधाई गीत गाये गये। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के श्रृध्दालु भक्त शामिल हुये।

वारा में हनुमान जयंती पर आर्केस्ट्रा का हुआ आयोजन

वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा वारा के वेयरहाउस स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी हनुमान जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जहां भगवान हनुमान जी का रुद्राभिषेक करने के पश्चात विधि विधान से हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। इसके बाद हनुमान जयंती के अवसर पर जबलपुर से बुलाए गए आर्केस्ट्रा के द्वारा भगवान हनुमान भगवान राम एवं भगवान शिव के मनमोहक भजनों की शानदार संगीतमयी प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रृध्दालुभक्त उपस्थित हुये।

पंचवटी नगर में भगवान हनुमान को चढ़ाया गया चोला

इसी तरह नगर के वार्ड नं.३ पंचवटी नगर में स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समिति के सभी सदस्यो ने मिलकर भगवान हनुमान को चोला चढ़ाया तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं शाम को महाप्रसादी का वितरण हुआ।

बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर में हुये विविध कार्यक्रम

नगर के मुख्य बस स्टैण्ड में स्थित हनुमान मंदिर में भी संकट मोचक भगवान हनुमान की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम में भगवान हनुमान का रुद्राभिषेक कर चोला चढ़कर हवन पूजन सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ । तत्पश्चात महाप्रसाद के रूप में खीर और पुलाव का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण का धर्म लाभ अर्जित किया।

श्री सिध्द हनुमान मंदिर सराफा बाजार में रुद्राभिषेक किया गया

श्रीसिद्ध हनुमानलला मनोकामना पूर्ति मंदिर सराफा बाजार में हनुमान केजन्मोत्सव के अवसर पर वारासिवनी नरेश का महारूद्राभिषेक पूजन विधि विधान से किया गया। इस दौरान रुद्राभिषेक करने करने के लिये ना सिर्फ वारासिवनी बल्कि पूरे क्षेत्र से दूर दूर से भक्तो का हुजूम सुबह ५बजे से उमड़ पड़ा। जहां सुबह रुद्राभिषेक करने के पश्चात विधि विधान से हनुमान जी का पूजा अर्चना कर दोपहर में महाप्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद ग्रहण किया।

हनुमान मंदिर में की गई पूजा

नगर के वार्ड नंबर १३ निवासी आनंद ताम्रकार के निवास पर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जहां पर सुबह से भगवान हनुमान जी का महारुद्राभिषेक किया गया इसके बाद हवन पूजन कर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करने के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पीआरओ पुष्पेंद्र वास्कले ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निर्दोष मॉडल ,धवल मॉडल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

विधायक विवेक पटेल ने टेका हनुमान मंदिरों में मत्था

नगर के सभी हनुमान मंदिर में विधायक विवेक विक्की पटेल ने भी अपना मत्था टेका। जहाँ उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान हमेशा संकट में अपने भक्तों का साथ देते है इसलिये उन्हे संकट मोचक कहा जाता है। हनुमान जयंती के अवसर पर वे नगर सहित क्षेत्र के मंदिरों का भ्रमण कर क्षेत्र व नगर की खुशहाली के लिये अपनी अर्जी लगा रहे है। भगवान हनुमान हमेशा अपने भक्तों की रक्षा के लिये तत्पर रहते है। उनसे हमेशा यह कामना करते है कि क्षेत्र में विकास व शांति बने रहे और सभी लोग समृध्द रहे।

रमरमा मामले में वनविभाग ने अधिकारियों पर की कार्यवाही

1 डिप्टी रेंजर 3 वनरक्षक निलंबित

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। बीते दिनों वारासिवनी के रमरमा में घटित हुए मामले में 23 अप्रैल को दक्षिण सामान्य वन मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मामले में संलिप्त एक डिप्टी रेंजर और तीन वनरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस दौरान उन्हें निलंबन अवधि के लिये लांजी वन विभाग में संलग्न कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत रमरमा के महादेव मंदिर परिसर में रविवार की दरयामी रात वारासिवनी वन विभाग में पदस्थ डिप्टी रेंजर राजेंद्र बिसेन, सावंगी बीटगार्ड रविंद्र लड़कर, नैतरा बीटगार्ड राजा मडावी, रमरमा बीटगार्ड अशोक परते ने रात्रि लगभग 10:30 बजे मंदिर परिसर पहुँचकर टेबल,कुर्सी,और व्यापार कर रहें दुकानों के पंडालो में जमकर तोड़फोड़ कर वहाँ लगे झंडो पर आग लगा दी गयी थी। इसके बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और वन विभाग का जमकर विरोध करने लगे यह घटना घटित होने के बाद इसकी जानकारी लगते ही कटंगी और वारासिवनी विधायक दोनों मौके पर पहुंचे जिन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करते हुए संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाकर मौके पर हिदायत दी गई वही वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों से चर्चा कर घटना की विस्तृत जानकारी लेकर मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर अगले दिन मौका निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों के बयान दर्ज कर मामले में प्रकरण तैयार कर वरिष्ठ अधिकारी को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया गया था जिसमें मंगलवार को डीएफओं मीना मिश्रा ने डिप्टी रेंजर सहित वनरक्षकों को निलंबित कर उन्हे लांजी अटैच कर दिया है।

इनका कहना है

रेंजर छत्रपाल सिंह जादौन ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि घटना की रात्रि मे जानकारी मिलने के बाद तत्काल घटना स्थल पर पहूचकर घटना के सबंध मे जानकारी ली गई। सोमवार को एसडीओ कंटगी के साथ घटना स्थल पर पहूचकर निरिक्षण किया गया स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं समिति के सदस्यों को बुलाकर प्राथमिक जॉच रिर्पोट तैयार कर सबंधित अधिकारी को सौंपा गया था। जिसके आधार पर डीएफओं स्तर से डिप्टी रेंजर व वनरक्षकों को निलंबित कर उन्हे लांजी अटैच कर दिया गया है। मामले में जांच समिति के द्वारा जांच की जा रही है।

छत्रपाल सिंह जादौन
रेंजर

जय श्रीराम के नारों से गुंजा नगर

हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का हुआ आयोजन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मनाया गया। जिसमें सुबह से ही नगर सहित क्षेत्र के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किये गये। इस दौरान नगर में विशेष रूप से हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न चौक चौराहा का भ्रमण कर लोगों को धर्म से जोड़ने का कार्य किया । वहीं झांकियां के माध्यम से लोगों को ईश्वर की वास्तविकता का भी संदेश दिया गया। यह शोभायात्रा श्रीराम मंदिर से निकली जो वापस श्रीराम मंदिर पहुंची जहां पर इसका समापन हुआ। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग एवं जनप्रतिनिधियों ने इस शोभायात्रा में शामिल होकर नगर का भ्रमण किया।

श्रीराम मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा

हनुमान जन्मोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर के अति प्राचीन श्रीराम मंदिर से निकाली गई जो नगर के वार्ड नंबर १० का भ्रमण करते हुए गोलीबारी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए ओबेडकर चौक, नेहरू चौक ,जय स्तंभ चौक से वापस विभिन्न चौक चौराहा और गलियों का भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची जहां पर शोभायात्रा का समापन किया गया। जिसके बाद मंदिर में प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर डीजे पर बज रहे भगवान श्रीराम और भगवान हनुमान के गीतों पर जमकर नृत्य भी किया । वहीं जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा।

शोभायात्रा में झांकियां रही आकर्षण का केंद

हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा प्रतिवर्ष की शोभायात्रा से काफी विशाल शोभायात्रा मानी जा रही है। इस वर्ष अत्यधिक झांकियां शोभायात्रा में शामिल की गई है जो चारों तरफ आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस दौरान लोग शोभायात्रा में शामिल तो हो रहे हैं परंतु आसपास खड़े लोग जो शोभायात्रा देखने के लिए सड़क किनारे और अपने घरों की छतों पर खड़े हुए हैं । वह भी नीचे आकर झांकियां को देखते हुए शोभायात्रा में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान भगवान हनुमान ,भगवान रामलला ,मां नर्मदा ,राधा कृष्ण ,राम दरबार ,भगवान भोलेनाथ ,भूत पिशाच सहित अनेक प्रकार की जीवंत झांकियां शामिल है जो मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

जगह जगह भंडारे का हुआ आयोजन

नगर में शोभायात्रा का स्वागत लोगों के द्वारा जगह जगह विशाल भंडारे का आयोजन कर किया गया। जहां पर सुबह से शोभा यात्रा का इंतजार किया जा रहा था । जैसे ही शोभा यात्रा निकाली गई तो शोभा यात्रा में शामिल लोगों को नगर के विभिन्न स्थानों पर अनेकों समाजसेवियों के द्वारा पानी शरबत पुलाव एवं मिठाई बाटकर उनका स्वागत किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेश कार्यक्रम आयोजित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में मध्य प्रदेश शासन के पत्र एवं निर्देशानुसार उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेश कार्यक्रम का एक दिवसीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन स्वास्थ्य विभाग तथा महाविद्यालय उमंग समन्वय समिति एवं महाविद्यालय फाब् के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी विकास साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय तुरकर ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर स्वास्थ्य विभाग , विशिष्ट अतिथि कुमारी वैशाली पारधी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर स्वास्थ्य विभाग ,डॉ हेमंत कुमार मंडाले,डॉ तृप्ति सोनवे, कृष्णा पराते एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे। एक दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार जस्ट आस्क चैट बोर्ड आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ आईडी निर्माण थैलेसीमिया रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विषय से संबंधित छात्र.छात्राओं को देने हेतु आयोजित किया गया। जिसमें एनसीसी प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेया शुक्ला के द्वारा थैलेसीमिया रोग की पहचान एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वैशाली पारधी के द्वारा थैलेसीमिया रोग से संबंधित जानकारी में बताया कि यह जानकारी वर्तमान में यह बीमारी लाइलाज के रूप में प्रभावी हो रही है । भारत में लगभग १० लाख बच्चे इस रोग से प्रभावित है । और थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया के शिकार बढ़ते जा रहे हैं हमें विवाह से पूर्व रक्त संबंधी जांच करना अनिवार्य हो गया है।

खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

नफरत का सहारा

नरेन्द्र मोदी की राजनीति की मुख्य विशेषताओं में से एक है, निर्लज्ज ढंग की दक्षिणपंथी बयानबाजी पर उनकी निर्भरता। जनता की भावनाओं के दोहन की राजनीति, अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरती भाषण और 'डॉग विसल' (ऐसे राजनीतिक संदेश जिनका मकसद अपने जनाधार के कट्टर तबकों को खुश करना होता है) का इस्तेमाल इसी से जुड़े हुए हैं। रविवार को, इन तीनों पहलुओं का उस वक्त खुला प्रदर्शन हुआ जब नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी भारतीयों की संपत्ति को मुसलमानों के बीच बांट देगी और वे 卐बड़ी संख्या में बच्चों卐 वाले लोग और 卐घुसपैठिये卐 हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह का वक्तव्य था कि 卐मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है卐। इनमें से कोई भी कथन सच्चाई के करीब नहीं है। अपने घोषणापत्र में, कांग्रेस ने सकारात्मक कार्रवाई को मजबूत करने के लिए एक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना का वादा किया है। साथ ही, गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बीच फाजिल जमीन के वितरण की निगरानी के लिए एक प्राधिकरण स्थापित करने का वादा किया है। ऐसे स्वतंत्र सर्वेक्षण मौजूद हैं जो यह इंगित करते हैं कि भाजपा शासन के 10 सालों में किस तेजी से संपत्ति में गैर-बराबरी बढ़ी है। करों में कटौती के जरिए कॉरपोरेट घरानों को कर राहत की सरकारी नीतियों, अप्रत्यक्ष करों पर ज्यादा निर्भरता और कुल कर में कॉरपोरेट कर (46.5 फीसदी) के मुकाबले व्यक्तिगत कर की ज्यादा बड़ी हिस्सेदारी (53.3 फीसदी) का नतीजा संपत्ति के स्वामित्व में बड़े असंतुलन के रूप में सामने आया है।

वर्ष 2006 में डॉ. सिंह ने कहा था कि उनकी सरकार को ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता देने की जरूरत है जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), महिलाओं और अल्पसंख्यक वर्गों खासकर मुसलमानों का उत्थान करें। और जैसा भारत का समाज है, उसमें हाशिए पर पड़े लोगों का संसाधनों पर पहला दावा है। उसी समय से, इस बयान को हिंदुत्ववादी दक्षिणपंथी खेमे एवं मोदी ने तोड़ा-मरोड़ा है और एक बार फिर इसका सहारा लिया है। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि मुसलमानों में प्रजनन दर हिंदुओं के करीब है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना में बेवजह देरी की है। यह सभी वर्गों में प्रजनन दर में आयी बड़ी गिरावट को दिखा सकती है जिस तरह पहले की जनगणनाओं और एनएफएचएस जैसे दूसरे भरोसेमंद सर्वेक्षणों ने दिखाया है। 卐घुसपैठिया卐 एक भद्दा शब्द है जिसका इस्तेमाल अक्सर 'डॉग विसल' के रूप में किया जाता है। तथ्य आसानी से उपलब्ध हैं और भलीभांति ज्ञात हैं, लेकिन यह भावनाएं भड़काने वालों को उन्माद फैलाने से नहीं रोक पाया है। दुखद है कि भारत का सार्वजनिक दायरा एक दशक से झूठी सूचनाओं से दूषित है। इस तरह की बयानबाजी का प्रभाव बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया और टीवी चैनलों के इस्तेमाल ने भावनाएं भड़काने वालों को गलत साबित होने के डर से बेपरवाह बना दिया है। इसके अलावा, भाजपा जैसी पार्टियां सामाजिक न्याय और समतावाद के उन पहलुओं के प्रति असहज रही हैं जिसमें पुनर्वितरण शामिल है। और यह इस बात की व्याख्या करता है कि उसके द्वारा 'अन्य समूहों' के दानवीकरण का इस्तेमाल समता और जातिवाद व सामाजिक आलोड़न से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के एक तरीके के रूप में किया जाता है।

मंगलसूत्र और केंचुआ का ध्यान योग....

केंचुआ हो या चौकीदार यदि अपना काम मुस्तैदी से न करे तो देश का अहित होता है। देश का ही नहीं देश की राजनीति का,सामाजिक तानेबाने का भी अहित होता है। लेकिन होता है तो होता रहे । केंचुआ अपनी ध्यानमुद्रा का त्याग नहीं कर सकता। उसके लिए मौन रहना ही देश हित है भले ही लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का चीर-हरण कोई भी कर ले जाय। अबकी चीरहरण का आरोप विश्वगुरु और हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी के ऊपर लगा है । इसके लिए उन्होंने पहली बार सनातनी महिलाओं के मंगलसूत्र का इस्तेमाल किया है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने संयम पर लगे अलीगढ़ के ताले को अलीगढ़ की एक चुनावी रैली में खोला और बोला कि –कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई, तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं, वो आगे कहते हैं कि ये जो संपत्ति है, उसको कब्जे में लेकर सरकार सबको बांट देगी। ये उनका मेनिफेस्टो कह रहा है। अब इनकी नजर कानून बदलकर, हमारी माताओं-बहनों की संपत्ति छीनने पर भी है। इनकी नजर अब उनके मंगलसूत्र पर है।

मुझे लगता है कि जब प्रधानमंत्री जी ने ये सब कहा है तो उनके भक्तों में तो खलबली मच ही गयी होगी । जो काम बजरंगबली नहीं कर पाए उसे करने का बीड़ा माननीय प्रधानमंत्री जी ने उठाया है। ये प्रधानमंत्री जी ही कर सकते हैं,क्योंकि उनके पास 56 इंच का सीना है जिसे वे पिछले चुनाव में बजरंगबली की तरह जनता को खोलकर दिखा चुके हैं। उनके सीने में सनातन है ,हिन्दू राष्ट्र है । एक निशान,एक विधान है ,लेकिन मुसलमान नहीं है । कांग्रेस नहीं है भ्रष्ट कांग्रेसी हैं । वे 140 करोड़ की आबादी वाले देश में रहने वाले 20 करोड़ मुसलमानों को अलग रखकर देश चलाना चाहते हैं। उनकी कोशिश है कि उनके अंधभक्तों का मंगलसूत्र खतरे में न पड़े भले ही देश की साझा संस्कृति और विरासत का भट्टा बैठता है तो खूब बैठ जाए। माननीय ने अपनी बात अलीगढ़ के बाद राजस्थान में भी दोहराई। गनीमत है कि वहां उन्होंने महिलाओं से ये नहीं कहा की उनका गोरला भी खतरे में है। मोदी जी हर खतरे से वाकिफ है। उन्होंने भले ही अपने घर के मंगलसूत्र को तवज्जो न दी हो लेकिन वे देश की बहुसंख्यक महिलाओं के मंगलसूत्र का ध्यान रखते हैं। यदि वे तीसरी बार सत्ता में आये तो देश में मंगलसूत्र सुरक्षा क़ानून भी ला सकते हैं ,नारी शक्ति वंदना क़ानून की तर्ज पर।

माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण से उनके अन्धभक्तों को खुश होना था ,सो वे हुए ही होंगे,किन्तु कांग्रेस और देश के अल्पसंख्यक दुखी जरूर हो गए । कांग्रेस ने तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिए भाषण को भद्दा, गैरकानूनी और संविधान की आत्मा के खिलाफ बताते हुए चुनाव आयोग से मोदी जी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए पार्टी ने कहा है कि मोदी जी ने अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल एक विशेष धार्मिक समुदाय को लक्ष्य कर विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और झूठा बयान दिया है और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह बड़े ओहदे के प्रभाव से मुक्त होकर कानून सम्मत उचित कार्रवाई करे।

लगता है कि कांग्रेस अभी तक देश के केंद्रीय चुनाव आयोग अर्थात केंचुआ को पहचान नहीं पाई है ? भला कोई अपने स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करता है ? केंचुआ तो केवल और केवल विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई के लिए बना है ,और ये काम वो बाखूबी कर रहा है। केंचुआ ने बिना कोई भाषण दिए राहुल गांधी नाम के एक नेता को एडवाइजरी जारी की थी। केंचुआ ने एक कांग्रेसी नेता को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोका भी। लेकिन केंचुआ से ये अपेक्षा करना उसके साथ ज्यादती है कि वो माननीय प्रधानमंत्री जी के खिलाफ कोई कार्रवाई करे या उन्हें हटके यानि एडवाइजरी जारी करे। केंचुआ को पता है कि मालिक हो या राजा कभी कोई गलती नहीं करता । यदि करता है तो उसे अनदेखा करने में ही राष्ट्रहित है।

आप मानें या न मानें किन्तु मै अपने प्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी को इस दशक का सत्यवादी हरिश्चंद्र मानता हूँ। वे कभी झूठ नहीं बोलते । उन्हें नागपुर वालों ने कभी झूठ बोलना सिखाया ही नही। वे देश के अल्पसंख्यकों के पक्के हितेषी हैं। उन्हें जबरन मुसलमानों,सिखों,ईसाइयों का शत्रु माना जाता है। वे खुद कहते हैं कि तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति भी दी है। कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। जब मैं पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं क्योंकि ऊपर के लोगों ने मलाई खाई और पसमांदा मुसलमानों को कुछ नहीं मिला।

देश के अल्पसंख्यकों को मोदी जी की बात मानना और समझना चाहिए। मोदी जी उनके लिए मोदी भाईजान हैं। और भाईजान से कभी कोई नफरत करता है भला ? राहुल तो राहुल भाईजान नहीं बन पाए। अलबत्ता मोदी जी और उनकी पार्टी अल्पसंख्यकों को चुनाव में टिकट देकर परेशां नहीं करना चाहते । मोदी जी को पता है कि अल्पसंख्यकों के पास चुनाव लड़ने के लायक न पैसा है और न वोट बैंक । वे चुनाव लड़कर करेंगे भी क्या ? उनके लिए जितना मोदी जी और उनकी पार्टी सोच सकती है उतना तो वे खुद अपने लिए नहीं सोच सकते। वे खामखां मोदी जी से दूर खड़े होना चाहते हैं।

कांग्रेस को मुगालते में नहीं रहना चाहिये । मोदी जी की शिकायत केंचुआ से नहीं करना चाहिये । मोदी जी के खिलाफ शिकायत करना अपना वक्त जाया करने जैसा है। केंचुआ का दफ्तर नक्कारखाना है। वहां तूतियों की आवाज नहीं सुनी जाती। कांग्रेस के पास कोई नक्कारा [नगाड़ा] है नहीं जो बजाकर केंचुए को नींद से ध्यान से बाहर लाया जा सके। बेहतर हो कि कांग्रेस अपना काम करे और मोदी जी को अपना काम करने दे। मोदी जी मोदी जी हैं उन्हें न बदला जा सकता है और न सुधारा जा सकता है। मोदी युगावतार हैं ,उन्हें अवतार की तरह ही लेना चाहिए। उनके मुंह से जो भी निकले उसे ब्रम्हवाक्य नहीं बल्कि संविधान का एक अनुच्छेद समझकर उसका सम्मान किया जाना चाहिए। मोदी जी ने यदि देश की सनातन महिलाओं के मंगलसूत्र पर खतरा बताया है तो खतरा होगा। अब महिलाएं या तो अपना मंगलसूत्र बैंक के लाकरों में रख दें या उसे बेचकर कुछ और खरीद लें।

कांग्रेस को पता नहीं है कि मोदी जी की याददाश्त कितनी बेहतर है। उन्हें डॉ मनमोहन सिंह का 18 साल पुराना बयान ही याद नहीं है बल्कि उन्हें तो अपने जन्म के पहले की सारी कहानियां याद हैं। वे कांग्रेस से ज्यादा कांग्रेस के बारे में और महात्मा गाँधी से ज्यादा महात्मा गांधी के बारे में जानते हैं। वे इनसाइक्लोपीडिया हैं सियासत के। उन्हें चुनौती नहीं दी जा सकती।वे गंगापुत्र हैं। वे बाबा विश्वनाथ के शिष्य हैं। वे भारत का भविष्य हैं ,अतीत हैं और वर्तमान भी है। यानि मोदी जैसा न भूतो ,न भविष्यति । वे जो कर सकते हैं और कोई नहीं कर सकता। इसलिए उन्हें बोलने दीजिये ,जमकर बोलने दीजिये। पता नहीं भगवान इस चुनाव के बाद बोलने का मौक़ा दे भी या नहीं। उनकी बोलती बंद करना इस देश के विपक्ष और देश के मतदाताओं के बूते की बात नहीं है। वे ही सबकी बोलती बंद करने का हुनर जानते हैं। जय मोदी ,जय नमोदी।

- राकेश अचल

दलबदलू : हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद ?

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हाँ कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतय: अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्राय: सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्राय: इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की ग़रज़ से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी , जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही स्क्रका फुल फ़ार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मक़सद ही धनार्जन, स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो ज़ाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज़ कोई महत्व रखती। ऐसे ज़मीर फ़रोशों और मौक़ा परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाक़िफ़ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की ग़रज़ से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेते हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर दलबदलू होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौक़ापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेंक चुकी हैं जिनका या तो मक़सद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई ज़रूरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फ़िलहाल कोई ख़ास ज़रूरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को पन्ना प्रमुख बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाज़ा करा दिया है।

दलबदलुओं ख़ासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और भी खेल खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज़्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुज़ारियां, इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहज़ाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नज़र नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया।

दरअसल इसमें ज़मीरफ़रोश नेताओं की ग़लती कम जबकि इन्हें समर्थन देने वाली आम जनता की ग़लती ज़्यादा है। विचार परिवर्तन यानी वैचारिक यू टर्न लेने के बावजूद तथा यह समझने के बावजूद कि अमुक नेता ने केवल पार्टी प्रत्याशी न बनाये जाने के लिये दलबदल किया है यानी वह नेता स्वार्थी है फिर भी जनता उसके पीछे लगी रहती है ? लोगों को पता है कि अमुक नेता भ्रष्टाचारी है और केवल अपने आप को सुरक्षित रखने के लिये सत्ता की शरण में जा रहा है, फिर भी ऐसे नेता के समर्थक उसकी जयजयकार करते रहते हैं ? जनता ने खुद सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफ़ादार न हुये जिसमें रहकर उन्हें मान, नाम, इज़्ज़त, शोहरत, पद रुतबा पहचान आदि वह सब कुछ मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी क़ीमत लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता, अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफ़ादार हो सकता है ? बक़ौल मिर्ज़ा ग़ालिब – हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद? जो नहीं जानते वफ़ा क्या है।

(लेखक - तनवीर जाफ़री)

विकसित देश भारत के आर्थिक दर्शन को लागू कर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकाल सकते हैं

विश्व के कुछ विकसित देश, विशेष रूप से अमेरिका और ब्रिटेन, भारत को समय समय पर आर्थिक क्षेत्र में अपना ज्ञान प्रदान करते रहे हैं। परंतु, अब विश्व के आर्थिक धरातल पर परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और भारत की स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ होती जा रही है वहीं विकसित देशों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। अमरीका स्थित निवेश बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान भारत के कुल कर्ज की स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि भारत का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में, तेजी से बढ़ता जा रहा है। जबकि, इसी मापदंड के आधार पर अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की स्थिति देखी जाय तो भारत की तुलना में इन देशों की स्थिति बहुत अधिक दयनीय स्थिति में पहुंच गई है, परंतु यह देश भारत को आज भी ज्ञान देते नहीं चूकते हैं कि भारत अपनी स्थिति में किस प्रकार सुधार करे।

अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है। अमेरिका आज प्रतिवर्ष अपने आय के कुल स्त्रोतों से अधिक ऋण ले रहा है। जब भी अमेरिकी सरकार को खर्च करने हेतु धन की आवश्यकता पड़ती है, वह बाजार में अमेरिकी बांड्स जारी कर ऋण लेकर अपना काम चलाता है। यह बहुत ही गलत तरीका है परंतु अमेरिकी सरकार को आज भी इस बात की चिंता नहीं है। हालत यहां तक बिगड़ गए हैं कि अमेरिकी कानून द्वारा अमेरिकी सरकार के बाजार के ऋण लेने के लिए निर्धारित की गई अधिकतम सीमा भी पार हो जाती है एवं लगभग प्रत्येक तिमाही के अंतराल पर अमेरिकी संसद द्वारा ऋण लेने की इस अधिकतम सीमा को बढ़ाया जाता है, इसके बाद अमेरिकी सरकार बाजार से ऋण लेती है और अपने खर्चे चलाती है। यदि बाजार से ऋण लेने की सीमा को प्रत्येक तिमाही पश्चात अमेरिकी संसद द्वारा नहीं बढ़ाया जाय तो शायद अमेरिकी सरकार द्वारा अपने सामान्य खर्चों को चलाना ही असम्भव हो जाएगा। अमेरिका में आर्थिक क्षेत्र में हालत इस स्थिति में पहुंच गए हैं कि अमेरिकी सरकार को ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए भी बाजार से ऋण लेना पड़ रहा है। अमेरिकी सरकार द्वारा लगभग प्रत्येक 100 दिनों के अंतराल में 1 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण बाजार से लिया जा रहा है। ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज की राशि आज अमेरिका के सुरक्षा बजट से भी अधिक हो गई है। आज प्रत्येक वर्ष अमेरिकी सरकार को 87,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि ऋण पर ब्याज के रूप में अदा करनी होती है जबकि अमेरिका का वार्षिक सुरक्षा बजट 82,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। उक्त परिस्थितियों के बीच अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, जेपी मोर्गन चेज, बैंक आफ अमेरिका, ब्लैक रॉक, आदि वित्तीय संस्थानों के उच्च अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार को चेतावनी दी है कि वह इस प्रकार के तरीकों को अपनाने से बाज आए अन्यथा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को डूबने से कोई बचा नहीं सकेगा और इसका प्रभाव पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़े बिना नहीं रहेगा। अमेरिका का बढ़ता ऋण पूरे विश्व में ब्याज दरों को प्रभावित कर रहा है, इससे विश्व में कई देशों को ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ रहा है और ऋण की लागत के साथ ही विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। आज विश्व के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं, वैश्वीकरण के इस युग में, आपस में जुड़ी हुई हैं एवं एक दूसरे को प्रभावित कर रही हैं।

आज अमेरिका द्वारा अन्य देशों को ज्ञान देने के बजाय अपनी लगातार गर्त में जा रही अर्थव्यवस्था को सम्हालने के प्रयास करने चाहिए। अमेरिकी सरकार को अपने खर्चों पर नियंत्रण करते हुए अपने आय के साधनों को बढ़ाना चाहिए। न कि, भारत एवं अन्य विकासशील देशों को सीख दे कि ये देश अपने देश में किसानों को दी जा रही सब्सिडी/सुविधाओं में कटौती करें और अंतरराष्ट्रीय व्यापार करते समय अमेरिका द्वारा दी गई सलाह को ध्यान में रखें। आज अमेरिकी अर्थव्यवस्था की जो स्थिति है और विश्व के अन्य देश यदि अमेरिकी सलाह के अनुसार अपनी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करते हैं तो सम्भव है कि इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी संकट के बादल मंडराने लगें। अमेरिका में पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था अब अंतिम सांसे लेती दिखाई दे रही है। यदि शीघ्र ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नहीं सम्हाला गया तो कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा।

भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या को लेकर भी पश्चिमी जगत अपनी चिंता व्यक्त करता रहता है। हाल ही में ब्रिटेन के एक सांसद ने इस सम्बंध में अपनी राय प्रकट करते हुए कहा है कि भारत को गरीबों की संख्या को कम करने हेतु कुछ विशेष उपाय करने चाहिए। इस प्रकार की सलाह देने वाले विदेशी नागरिक यह भूल जाते हैं कि पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और अब यह लगभग 10 प्रतिशत तक रह गई है। जब ब्रिटेन ने वर्ष 1947 में भारत छोड़ा था तब भारत को अति गरीब देश बनाकर छोड़ा था और भारत की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी। और, आज ब्रिटेन में ही लगभग 18 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। फिर, किस आधार पर ब्रिटेन एवं अन्य विकसित देशों के नागरिक, आर्थिक क्षेत्र में, भारत को सलाह देने लगते हैं। जबकि, भारतीय अर्थव्यवस्था चूंकि सनातन चिंतन पर आधारित आर्थिक नियमों का अनुपालन करते हुए आगे बढ़ रही है इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था आज इन देशों की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई दे रही हैं। विकसित देशों को यदि अपनी आर्थिक समस्याओं को हल करना है तो साम्यवाद एवं पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियों का परित्याग कर भारतीय आर्थिक दर्शन को अपनाकर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए, न कि समय समय अन्य देशों को इस सम्बंध में अपना ज्ञान बांटना चाहिए।

(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

(लेखक - प्रहलाद सबनानी)

एकमात्र उम्मीदवार

सोमवार तड़के (भारतीय समयानुसार) टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में डोम्माराजू गुकेश की जीत खेल की दुनिया में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शुमार हो गई। इस साल के अंत में, वह इतिहास में सबसे कम उम्र के चैलेंजर के रूप में विश्व चैंपियनशिप के लिए चीन के डिंग लिरेन से भिड़ेंगे। शतरंज में, अधिकांश खेलों के उलट, विश्व विजेता को एक भी गेम खेले बिना अपने ताज की रक्षा करने का विशेषाधिकार हासिल होता है, जबकि उसके चैलेंजर को मुश्किल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से गुजरना पड़ता है। टोरंटो में मैदान उम्मीद के मुताबिक मुश्किल था, जहां दुनिया के दूसरे नंबर और तीसरे नंबर के खिलाड़ी क्रमश: फैबियानो कारूआना और हिकारू नाकामुरा ने पसंदीदा के रूप में शुरुआत की थी। उनके पीछे इस टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करणों के विजेता इयान नेपोम्नियाचची थे। कुछ ही लोगों ने यह सोचा होगा कि चेन्नई का एक 17 वर्षीय खिलाड़ी इन सभी खिलाड़ियों से आगे निकल जायेगा। गुकेश न सिर्फ असाधारण रूप से प्रतिभाशाली हैं, बल्कि वह कमसिन कंधों के ऊपर एक परिपक्व दिमाग के मालिक भी है। उनकी जीत ने विश्व शतरंज में सबसे तेजी से उभरते देश के रूप में भारत का कद बढ़ा दिया है। वह टोरंटो में अकेले भारतीय नहीं थे। वहां पांच खिलाड़ी शिरकत कर रहे थे-तीन खुले वर्ग में और दो महिलाओं के वर्ग में। और इस टूर्नामेंट के किसी न किसी चरण में फॉर्म में गिरावट के बावजूद उन सभी ने काफी उम्दा प्रदर्शन किया। आर. प्रज्ञानंद और विदित गुजराती के लिए कुछ अच्छे पल रहे, हालांकि उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी (दूसरे नंबर की खिलाड़ी) और आर. वैशाली (चौथे नंबर की खिलाड़ी) ने शुरुआती दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दृढ़ता दिखाई। तान झोंग्यी विजेता हैं और उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि महिलाओं का विश्व चैंपियनशिप चीन में ही रहे- उनकी प्रतिद्वंद्वी जू वेनजुन हैं। गुकेश के पास चीन को एक बार फिर दोहरा खिताब जीतने से रोकने का बेहतरीन मौका है। बहरहाल, अभी भारत के लिए उनकी शानदार उपलब्धि का जश्न मनाने का मौका है। उसके बाद शतरंज महासंघ, सरकार और कॉरपोरेट जगत मिलकर शतरंज के खेल में भारत की रफ्तार को बनाए रखने के तरीकों के बारे में सोच सकते हैं। गुकेश ने दिसंबर में चेन्नई में सुपर ग्रैंडमास्टर टूर्नामेंट में खेलने के बाद कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई किया था। जल्दबाजी में आयोजित उस टूर्नामेंट ने अपना मकसद पूरा कर लिया। इसके बगैर, गुकेश टोरंटो तक पहुंचने में कामयाब नहीं होते। लेकिन इससे ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि यह भारत में आयोजित अपने किस्म का पहला टूर्नामेंट था। भले ही पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद दशकों तक दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार रहे, लेकिन उन्हें एक बार भी भारत में इस किस्म के टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिला। भारत में एकमात्र विश्वस्तरीय टूर्नामेंट टाटा स्टील द्वारा कोलकाता में आयोजित किया जाता है, लेकिन इसका प्रारूप स्पीड शतरंज का होता है, न कि कैंडिडेट्स और विश्व चैम्पियनशिप में खेला जाने वाला शास्त्रीय किस्म का शतरंज।

इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर । छुटपुट मॉंग के बीच मंगलवार को खाद्य तेलों में बाजार सुस्ती के रहे। किराना बाजार में व्यापार सुस्त-सुस्त ही रहा। अनाज, दलहन व तिलहन मंडी में हनुमान जयंति के उपलक्ष्य में अवकाश रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। जिसके चलते बाजार सुस्ती में नज़र आये। सोया तेल रिफाइंड मालों में 948-950 रू. प्रति 10 किलो को छू गये। उधर, किराना बाजार में ग्राहकी ठंडी-ठंडी ही रही। बाजार पूर्वस्तर पर बने रहे। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में अनाज, दलहन व तिलहन मंडी में अवकाश रहा। भाव इस प्रकार रहे –

किराना – शक्कर 3930-4000, खोपरा गोला 120-140, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 270-275, मीडियम 280-285, बेस्ट 290-300, ऊंझा हल्का 285-290, मीडियम 310-340, बेस्ट 360-380, हल्दी निजामाबाद 180-215, सांगली 275-290, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 130-140, मीडियम 180-220, बेस्ट 280-325, सौंफ बारि?क 270-310, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 575-580, गरबल 550-560, मटर दाना 580-595, खसखस अनक्लीन 800-900, क्लीन 950-1200, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700-710, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 91-101, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1900-2000, केसर 190-210, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 550-750, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2050-2100, बोल्ड 2250-2300, एक्ट्रा बोल्ड 2400-2650, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1375-1450, मीडियम 1500-1600, बेस्ट 1625-1700, तरबूज मगज 610-640, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 640-770, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1485-1500, बेस्ट 1600, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 650-925, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1900-1950, (160) 2100-2150, (200) 2300-2350, (250) 2150-2200

तेल – सींगदाना 1480-1500, मुम्बई 1510, राजकोट तेलिया 2360, सोया साल्वेंट 895-900, सोया रिफाइंड 948-950, कपास्या 935-940, धूलिया 940, कड़ी 940,

रात की धारणा – गुजरात लुज 1450-1475, मुम्बई पाम 935, मुम्बई सोया 940,

खली – कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1825, अकोला 2875 (प्रति क्व ?िंटल)

तिलहन – सरसो 5500-5600, रायडा 4600-4700, सोयाबीन 4600-4650, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन – चना कांटेवाला बेस्ट 6100-6125, एवरेज 5800-5900, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5850-5900, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 11000-11100, एवरेज 10500-10700, हल्की 9500-9800, तुअर महाराष्ट्र 11500-11700, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल – चना दाल एवरेज 7900-8000, बोल्ड 8100-8500, तुअर दाल सवा नं. 14200-14400, तुअर दाल फूल 16000-16100, तुअर दाल बोल्ड 17000-17100, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10750-10850, बोल्ड 11000-11100, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 11300-11500, बोल्ड 11500-11600, मोगर 12100-12200, बोल्ड 12300-12400,

अनाज – गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

चावल – चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

मावा – इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर । उठाव की सुस्तता से मंगलवार को सराफा बाजार में दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 80500, चॉंदी (99) 80400, टंच 79800, सिक्का 900, सोना 10 ग्राम 73300,

एयटेल का नया इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च

नईदिल्ली । दूरसंचार क्षेत्र की कंपनी एयरटेल ने नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक को लॉन्च किया गया है। यह प्लान विदेश घूमने वाले यूजर्स के लिए है। इनका टैरिफ प्लान 133 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से शुरू होता है। इस प्लान में विदेशी सिम बेहद कम कीमत में खरीदा जा सकता है।

इसके अलावा इन पैक्स में बेहतर डेटा बेनिफिट्स मिलते हैं। इसमें इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी मिलती है। किन देशों में लाइव हुए पैक एयरटेल के नए पैक को कुल 184 देशों में रोलआउट कर दिया गया है।

आज का राशिफल

मेष – मेष राशि के जातकों के लिए आज दिन नुकसानदेह रहेगा। पारिवारिक बातों को घर के बाहर न आने दें। आप यदि कहीं घूमने फिरने जाएं, तो उसमें अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। नहीं तो बाद में आपको कोई स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

वृष – आज आपको अपने बिजनेस पर ध्यान देना होगा। अन्यथा आपको नुकसान होने की संभावना है। आपको नौकरी में तरक्की मिल सकती है। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, वह आज किसी संस्था से जुड़ सकते हैं। टेक्निकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। आपको अपने किसी काम को लेकर भाग दौड़ अधिक करनी होगी, तभी वह पूरा होता दिख रहा है।

मिथुन – आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता भरा रहेगा। आप अपने साथियों के साथ कहीं बाहर डिनर करने जा सकते हैं। आप किसी काम को करने के लिए उतावले ना हो, नहीं तो उसमें आपसे कोई गलती हो सकती है। परिवार में किसी हर्ष व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी सदस्य को नई नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में किसी की कोई गलती ना निकालें, नहीं तो वह आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते है। जीवनसाथी को करियर में तरक्की करते देख आपको प्रसन्नता होगी।

कर्क – आज का दिन आपके लिए बहुत ही सोच विचार कर काम करने के लिए रहेगा। आपको वाहन के प्रयोग से सावधान रहना होगा, क्योंकि वाहन की अक्समात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। परिवार में कुछ बातों को लेकर सदस्यों में आपसी मनमुटाव रहेगा। आप किसी विशेष काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं। आपको विदेश में रह रहे किसी परिजन से फोन कॉल के जरिए कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

सिंह – आज का दिन आपकी मन की इच्छा की पूर्ति के लिए रहेगा। परिवार में सब आपसे सामानता बनाए रखेंगे। किसी प्रॉपर्टी आदि की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं। काम का दबाव अधिक होने के कारण आपका मन काम में नहीं लगेगा। परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर जिद्द व अहंकार ना दिखाएं।

कन्या – आज का दिन बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपने जिन काम को पूरा करने के बारे में विचार किया है वह पूरे होंगे। घर व बाहर लोग आपके व्यवहार के साथ आपके काम की भी प्रशंसा करते नजर आएंगे। लोगों के साथ तालमेल बनाकर चलना बेहतर रहेगा। यदि आप किसी से कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। यदि बिजनेस में आपका किसी से कोई विवाद चल रहा था वह भी समाप्त होगा।

तुला – आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी नए काम को लेकर भाग दौड़ अधिक करेंगे। इसमें आप अपने भाइयों से मदद ले सकते हैं। किसी विवाद के बाद कार्यक्षेत्र में अपने विचारों से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। किसी कानूनी मामले में आप अपने विरोधियों को आसानी से मात दे पाएंगे। आपके बिजनेस की कुछ योजनाएं गति पकड़ेंगी, जिनसे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

वृश्चिक – आज आप किसी अजनबी पर भरोसा न करें। आप अपने मन की किसी बात को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। पारिवारिक विवाद आपके लिए समस्या बन सकते हैं। आपके शत्रु भी आप पर हावी रहेंगे। आपका काम से मन थोड़ा उलझा रहेगा। आपका काम करने में मन कम लगेगा इसलिए आप कोई सही निर्णय नहीं ले पाएंगे।

धनु – आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। व्यापार में आपके काम बिगड़ सकते हैं जिस वजह से आप परेशान रह सकते हैं। आप अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को अनदेखा न करें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियो से डांट खानी पड़ सकती है।

मकर – आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपका कोई बड़ा व लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलेगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपके मन में कोई चिंता है तो वह भी दूर होगी। आप अपने से बड़ों का सम्मान करें। आप अपने मन में सकारात्मकता बनाए रखें।

कुंभ – आज का दिन किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने के लिए अच्छा रहेगा। आप संतान को संस्कारों व परंपराओं का पाठ पढ़ाएगे। आप कही घूमने फिरने जाए, तो वाहन बहुत ही सावधानी से चलाएं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। माताजी से आप अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

मीन – आज का दिन कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। आपकी कोई पुरानी बीमारी फिर से उभर सकती है, इसलिए आप स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखें, नहीं तो आपसी लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं। किसी को कोई भी सलाह सोच विचार कर ही दें। अन्यथा आपको उसके लिए खरी-खोटी सुनने को मिल सकती है।

शब्दजाल - 7518

शब्द जाल में 'न' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए। शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं।

बं	न	गा	र	न	व	ज	क	ब	ल	न
ब	ज	य	लि	दा	व	क	मौ	स	ल	य
ई	रा	ब	न	ज	वा	ज्यो	दा	बं	य	ना
का	ना	बं	र	ता	वी	ब	ति	ल	न	भि
म	इ	दि	म	स	रा	द	श	न	ब	रा
न	म	स्का	र	र	र	क	व	ना	श	म
न	बं	दि	श	वा	क	जी	र	ग	प	ब
व	र	न	ग	म	ा	व	सी	ब	न	प
नी	ब	ल	ज	न	बा	री	न	ज	प	र
त	मी	ल	प	वू	या	स	वी	ब	प	जा
का	न	न	वि	र्मा	ण	न	ग	प	बं	

नगमा, नजराना, नयनतारा, नवीन,नमस्कार, नयनाभिराम, नवज्योति, नवजीवन, नवनीत, नवनिर्माण.

शब्दजाल - 7517 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6462

ऊपर से नीचे:-

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़ें वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करले तुम से प्यार तुम्हें' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, ईंदकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'डफली वाले डफली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बाली' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'बस्सो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे हैं' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रुपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराए' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरुख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6461

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 7986

बाएँ से दाएँ

1.आकाश,व्योम-2
2.नाजुक,मुलायम-3
4.हार,पराजय-2
6.संध्या,सांझ,गोधूलि-2
7.जोर,बल-2
9.सोना,धतूरा-3
12.नाप-जोख करना-3
14.सिक्कों की आवाज-3
16.रहस्यज्ञाता-4
17.तालाब,ताल,तलैया-4
18.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
20.गिरवी वस्तु-3
22.सैनिक कार्रवाई-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.बर्तन-2
27.सुर,क्रम-2
28.वाचन करने वाला-3
29.पितामह-2

ऊपर से नीचे

1.लवण-3
2.भीगा हुआ-2
3.खुमार,नशा-2
5.सर्दी में हाथ सेंकना-3
6.भाजी,सब्जी,तरकारी-2
8.इंकार,मनाही-2
10.मस्जिद,नमाज पढ़ने की जगह-5
11.आम जनता-2
13.लालन-पालन-5
14.इमाम दस्ता-3
15.वचन,प्रतिज्ञा-3
19.रुखसार,कपोल-2
20.पासे फेंक कर भविष्य जानना-3
21.नाखून-2
22.सखा,दोस्त-2
23.निजात,छुटकारा-3
25.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
26.पवित्र-2

शब्द पहेली -7985 का हल

ला	य	क		द		ना	सू	र
		ला	वा		व	जु		
ना	प	ना		आ		क	या	स
य			म	हा	न	ता		र
क	था		जा		र		सी	ता
	ल	ल	क		म	हा	रा	ज

Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

24 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	06.43 बजे से
चंद्र	तुला में	मिथुन	08.42 बजे से
मंगल	मीन में	कर्क	10.55 बजे से
बुध	मीन में	सिंह	13.11 बजे से
गुरु	मेष में	कन्या	15.23 बजे से
शुक्र	मीन में	तुला	17.34 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	19.48 ब.से
राहु	मीन में	धनु	22.04 बजे से
केतु	कन्या में	मकर	00.10 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		कुंभ	01.56 बजे से
		मीन	03.29 बजे से
		मेष	04.59 बजे से

बुधवार 2024 वर्ष का 115 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2081 **शक संवत्** 1946
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
पक्ष कृष्ण
तिथि प्रतिपदा अहोरात्र।
नक्षत्र स्वाती 00.41 बजे रात्र को समाप्त।
योग सिद्धि(असृक) 05.05 बजे प्रात: को समाप्त।
करण बालव 18.06 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 15.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 12° 57'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871959
जूलियन दिन 2460424.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल **तारीख** 14

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
लाभ	05.54 से 07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से 07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से 08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से 08.44 बजे तक
काल	08.15 से 10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से 10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से 11.47 बजे तक	चर	10.16 से 11.47 बजे तक
रोग	11.47 से 01.16 बजे तक	रोग	11.47 से 01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से 02.44 बजे तक	काल	01.19 से 02.51 बजे तक
चर	02.44 से 04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से 04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से 05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से 05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगत: बादशाह की सीख

यह घटना उस समय की है, जब दिल्ली के तख्त पर नसरुद्दीन नामक बादशाह बैठा हुआ था। वह बहुत ही भला और सहिष्णु शासक था। वह शाही खजाने का उपयोग केवल प्रजा की भलाई के लिए करता था। वह अपने परिवार का खर्च कुरान शरीफ का अनुवाद करके चलाता था। एक दिन उसके एक नौकर ने कहा, 'बादशाह सलामत! मेरी बेटी की शादी है। यदि आप इसमें थोड़ी सहायता कर सकें तो बड़ी मेहरबानी होगी।' नौकर की बात सुनकर नसरुद्दीन ने कहा, 'भाई, इस समय तो मेरे पास केवल मेरी कमाई के दो रुपये हैं। तुम इन्हें ले जाओ। खुदा तुम्हारा भला करेगा।' केवल दो रुपये देखकर नौकर हैरानी से बादशाह की ओर देखने लगा। बादशाह ने कहा, 'भइया, ये दो रुपये मेरी नेक कमाई के हैं। कुछ कम जरूर हैं, मगर तुम यह हमेशा याद रखो कि नेकी की कमाई में हमेशा बढ़ोतरी ही होती है।' अब इस पर नौकर क्या कहता। उसे लगा बादशाह और पैसे नहीं देना चाहते। वह मायूस होकर अपने गांव चल पड़ा। रास्ते में उसने सोचा कि इन रुपयों से उसकी बेटी की शादी में कोई खास मदद नहीं हो पाएगी, इसलिए उसने उससे अनार की कुछ टोकरियां खरीद लीं। कई दिनों बाद गांव के करीब पहुंचने पर नौकर को पता चला कि नसरुद्दीन की बीवी सख्त बीमार है और हकीम का कहना है कि वह अनार का रस पीने से ही ठीक हो सकती हैं। बादशाह ने घोषणा की थी कि जो कोई भी अनार लेकर आएगा उसे एक अनार के एक हजार रुपए दिए जाएंगे। उस समय राजधानी में अनार नहीं मिल रहे थे। घोषणा सुनकर नौकर तेजी से लौटा और अनार लेकर राजदरबार में पहुंच गया। बादशाह ने खुश होकर सभी अनार खरीद लिए और नौकर को एक लाख रुपये देकर विदा किया। नौकर रुपये लेकर अपने घर लौट आया। उसने धूमधाम से अपनी बेटी की शादी की। बादशाह की बात सच निकली कि नेकी की दौलत में बढ़ोतरी होती है।

सूडोकु नवताल- 6771

मध्यम

			1					6
7		2		5				9
		4			2	7	5	
5	7				9		1	8
				6				
6	1		3				2	4
	5	1	9			8		
2				8		9		1
9					3			

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -6770 का हल

1	9	3	2	4	6	5	8	7
4	7	2	5	1	8	3	6	9
6	5	8	7	3	9	1	2	4
3	8	9	4	5	1	2	7	6
2	4	7	6	9	3	8	1	5
5	1	6	8	7	2	4	9	3
8	2	4	9	6	5	7	3	1
7	6	1	3	2	4	9	5	8
9	3	5	1	8	7	6	4	2

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई । घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदादारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जमकर खरीदारी हुई। इसके अलावा रियल्टी, एफएमसीजी और आईटी इंडेक्स बढ़त में भी बढ़त रही। इसके साथ ही वाहन और इंफ्रा शेयरों में भी खरीदारी दर्ज की गयी जबकि दवा, धातु और उर्जा शेयरों पर दबाव आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 89.83 अंक करीब 0.12 फीसदी बढ़कर 73,738.45 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 31.60 अंक तकरीबन 0.14 फीसदी ऊपर आकर 22,368 अंक पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान ग्रेसिम इंडस्ट्रीज , भारतीय एयरटेल , नेस्टले इंडिया, मारुति सूजुकी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं सन फार्मा, बीपीसीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एमएंडएम और हिंडाल्को के

शेयरों को नुकसान हुआ। इससे पहले गत कारोबारी दिन भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 411.27 अंक चढ़कर 74, 059.89 पर और निफ्टी 111.15 अंक बढ़कर 22,447.55 पर पहुंच गए। आज लगातार तीसरे सत्र में बाजार बढ़त पर रहा। शेयर बाजार में बीते दो दिन से तेजी का सिलसिला रहने से निवेशकों की संपत्ति 4.97 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी है। वैश्विक बाजारों में तेजी से ये बढ़त आई है। वहीं शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) गत दिवस 2,915.23 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे। वहीं अंतराष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो एशियाई और युरोपीय बाजार में भी तेजी रही।

आज हनुमान जयंती पर खुले सभी बैंक, सामान्य रुप से काम जारी

नई दिल्ली। आज हनुमान जयंती है और लोग रामभक्त हनुमान की भक्ति में लीन हैं हनुमान मंदिरों में भक्त की भीड़ नजर आ रही है। वहीं हनुमान जयंती के मौके पर आज बैंक बंद हैं या खुले हुए हैं, इसे लेकर लोग कशमाकश में हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की ओर से हर वर्ष बैंक में छुट्टियों का जारी किया जाता है। आरबीआई की इस लिस्ट में आज यानी 23 अप्रैल 2024 को हनुमान जयंती के दिन बैंकों की छुट्टी घोषित नहीं गई हैं। हनुमान जयंती के दिन देश के सभी बैंक खुले हुए हैं और को सामान्य रूप से कार्य चल रहा हैं। हालांकि अप्रैल में कई दिन बैंक में छुट्टियां रहेंगी। ऐसे में अगर आपका बैंक से संबंधित कोई जरूरी काम है तो उसे निपटा लें। ऐसा नहीं करने पर आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

आपको बता दें बैंकों में दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश रहता है। ऐसे में बैंकों में अप्रैल के महीने में अगला अवकाश 27 अप्रैल और 28 अप्रैल को होगा। 27 अप्रैल को चौथे शनिवार के कारण बैंक बंद रहेंगे। वहीं 28 अप्रैल को रविवार के कारण बैंकों में कार्य नहीं होगा। इसके अलावा अप्रैल के बचे सभी दिन में कामकाज सामान्य रूप से जारी रहेगा। अगर आपका बैंक से संबंधित कोई काम है तो उसे निपटा लें। आप ऑनलाइन सुविधा के जरिए घर बैठे अपने बैंक के काम निपटा सकते हैं। आप बैंक की छुट्टी के दिन भी एटीएम से कैश निकाल सकते हैं। वहीं एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। इसके लिए आप नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली । अगर आपको सोने और चांदी की खरीदारी करनी है तो ये सही समय है। इन देनो ही कीमती धातुओं की कीमतें मंगलवार को गिरी हैं। सोने के भाव में कल से नरमी देखी जा रही है। आज सुबह से भी सोने-चांदी के भाव नीचे आने लगे। सोना फिसलकर अब 70 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। इस प्रकार आज कीमतों में 900 रुपये से ज्यादा टूटी हैं। वहीं जानकारों के अनुसार सोने और चांदी के भाव में अभी और गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे पहले सोने-चांदी की कीमतों में लगातार तेजी बनी हुई थी।एमसीएक्स एक्सचेंज पर डिलीवरी वाला सोना 732 रुपये की गिरावट के साथ 70,465 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। वहीं एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज चांदी 748 रुपये की गिरावट के साथ 79,831 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गयी है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 1.31 फीसदी या 30.80 डॉलर की गिरावट के साथ 2,315.60 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,306.47 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिख रहा है।

चांदी के वैश्विक भाव में मंगलवार को गिरावट आई है। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 1.04 फीसदी या 0.29 डॉलर की गिरावट के साथ 27.24 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिख रहा है। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 27.00 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिख रहा है।

नगर में आस्था एवं श्रृद्धा भाव से मनाया गया श्री हनुमानजी प्रकटोत्सव

लांजी (पदमेश न्यूज़)। लांजी नगर व क्षेत्र में पूर्ण आस्था श्रृद्धा भाव के साथ श्री हनुमान प्रकटोत्सव मनाया गया। नगर के धार्मिक संगठनों के साथ ही हनुमान भक्तों के द्वारा क्षेत्र के श्री हनुमान मंदिरों में अभिषेक पूजन कर चोला चढ़ाया एवं विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया। इस अवसर पर नये राम मंदिर, पुराना राम मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख मंदिरों जिसमें पूराना श्रीराम मंदिर, नया श्रीराम मंदिर, पुलिस थाना परिसर में स्थापित श्री हनुमान मंदिर, पुरानी ग्राम पंचायत भवन स्थित हनुमान मंदिर, बालाजी धाम कटंगी, दुलापुर श्री हनुमान मंदिर सहित क्षेत्रों में स्थापित श्री हनुमान मंदिरों 23 अप्रैल को धूमधाम के साथ श्री हनुमान प्रकटोत्सव मनाया गया। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिरों में दिन में अभिषेक पूजन व चोला चढ़ाने के उपरांत दोपहर में हनुमान चालीसा पाठ एवं सुंदरकाण्ड का पाठ किया एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंगलकामना की। हनुमान जी हर बुरी शक्ति का नाश कर हर काम में आगे बढने में मदद करने वाले हैं।

नये राममंदिर में मनाया गया श्री हनुमान प्रकटोत्सव

माँ लंजकाई ट्रस्ट के अधीन पुराना गुजरी चौक स्थित नये श्रीराम मंदिर में 23 अप्रैल को श्री हनुमान प्रकट उत्सव धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह कपिल अग्रवाल द्वारा विधि विधान पूर्वक अभिषेक पूजन किया गया। दोपहर में आदर्श महिला मंडल के द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्री हनुमान चालीसा पाठ समिति जो कि प्रत्येक शनिवार को मंदिर में श्री हनुमान चालीसा पाठ करते आ रही है, इन्ही भक्तों के द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर भजन कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसी कड़ी में शाम 6 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया गया।

पुराने राम मंदिर में

नगर के पुराने राम मंदिर में महंत लक्ष्मीनारायण वैष्णव के द्वारा प्रातः बेला में श्री हनुमान जी का अभिषेक कर पूजन किया गया। इसके उपरांत हनुमान जी को घी सिंदूर के साथ चोला चढ़ाएं जाने के पश्चात श्रृंगार किया गया । दोपहर में हनुमानजी का प्रकटोत्सव मनाया गया एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाम को भण्डारे का आयोजन किया गया।

पुराने पंचायत भवन स्थित हनुमान मंदिर में

नगर के पुराने पंचायत भवन स्थित हनुमान मंदिर परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भक्ति भाव से मनाया गया। यहां दोपहर में अभिषेक पूजन कर चोला चढ़ाया गया। तत्पश्चात चालीसा पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति उपरांत 4 बजे से प्रसादी का वितरण किया गया।

पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी का पांचवीं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

लांजी (पदमेश न्यूज़)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल के द्वारा 23 अप्रैल को कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसके अन्तर्गत पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्थान के द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार 23अप्रैल 2024 दिन बुधवार को दोपहर 12ः30 बजे बोर्ड कक्षा पांचवी एवं आठवी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी द्वारा निम्न छात्र छात्राओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा जिसमे कक्षा 5वी में प्रथम पुण्य येड़े 86.5 प्रतिशत, द्वितीय शिक्षा बड़धैंया 86 प्रतिशत एवम तृतीय प्रणय मेश्राम 84.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में घोषित परीक्षा परिणामो के अनुसार आठवीं में प्रथम हुनर भीमटे 95 प्रतिशत, द्वितीय डिंपल फुलमारे 94 प्रतिशत, तृतीय पल्लवी मेश्राम 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना, परिजनों का एवं संस्थान का नाम रोशन किया है। बतादे की पाली एकेडमिक संस्थान बिसोनी में अध्यनरत समस्त छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में पास होकर 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है।

सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत में इनका रहा योगदान

पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य, प्राचार्य महेंद्र सोनवाने, कक्षा शिक्षक महेंद्र येडे ,तरुण तिलवार और समस्त विषय शिक्षक ,जो बोर्ड परीक्षाओं को लेकर हमेशा ही कुछ न कुछ मार्गदर्शन छात्र छात्राओं को दिया करते हैं। जिनके अथक प्रयास एवं मोटीवेशन से समस्त छात्र छात्राओं ने भरसक मेहनत कर 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने में कोई कसर नहीं छोड़ी साथ ही सत्र 2024-25 में भी इसी प्रकार कड़ी मेहनत और लगन से नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा एवं राज्य शिक्षा केन्द्र की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम की लिए सभी शिक्षक एवम छात्र छात्राओं को प्रेरित कर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का 5वीं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

लांजी (पदमेश न्यूज़)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा 23 अप्रैल को 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का पांचवी और आठवी बोर्ड परीक्षा का परिणाम

सराहनीय रहा । विद्यालय के कक्षा आठवीं से कुल 54 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहें, इसी क्रम में कक्षा पांचवी से 52 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीण रहें एवं परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। कक्षा आठवी मे वैष्णवी मुकेश दशरिया 95.3 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, वाणी संतोष सोनवाने 94.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, नील राजू बाहेश्वर 93.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में आदित्य जीवनलाल किरनापुरे 90 प्रतिशत, प्रणव संतोष मोरघड़े 89.16 प्रतिशत, आंचल नरेंद्र बडगैया 89 प्रतिशत, सांझ राकेश महिमेहरो 88 प्रतिशत, प्रज्ञा सत्येंद्र नारनौरे 87 प्रतिशत, दिव्या भोजराज लटारे 85.6 प्रतिशत, कृतज्ञ नंदकिशोर मेश्राम 85.3, सर्वेश सुनील सोनवाने 84.8 प्रतिशत, मुस्कान संतोष ढोक 84.5, भावेश शेषराम भिमटे 84.3 प्रतिशत, मोनिका रमेश मेहरबान 84.33 प्रतिशत, आदित्य युवराज बारमाटे 84 प्रतिशत, कुणाली सुमित कोठारे 82.8 प्रतिशत, अभिजीत चंद्रप्रकाश नगपुरे 82.6 प्रतिशत, यशराज पपेंद्र गव्हारे 81 प्रतिशत, अंकित श्यामनारायण सहारे 80 प्रतिशत, सत्यम कैलाश जगने 79.66 प्रतिशत, कशिश कमलेश बनवारी 79.6 प्रतिशत, लाली गंगेश्वर सोमनकर 79.6 प्रतिशत, सागर सोमेश पिपरे 79.16 प्रतिशत, एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने अपना उत्कर्ष प्रदशर्न दिया। पांचवी मे रूद्रप्रताप कालबेले 90 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, सुहानी अशोक दशहरे 87.75 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, मिष्ठी मस्करे 87.25 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में अर्थव सोनवाने 86.5 प्रतिशत, आरूषी लिल्हारे 84 प्रतिशत, अर्जित ब्रम्हपुरे 82 प्रतिशत, ओमी मानकर 81.5 प्रतिशत, हिमांशु बल्हारे 81.25 प्रतिशत, महक सोमनकर 81.25 प्रतिशत, उन्नति रावत 80.25 प्रतिशत, नव्या प्रकाश हट्टेवार 80 प्रतिशत, अंश ठाकरे 79.25 प्रतिशत, दिवाकर तिवारी 79.25 प्रतिशत, मानस नेवारे 78 प्रतिशत, सिद्धी नरताम 77.5 प्रतिशत, पूर्वी किरमें 77 प्रतिशत, निशांत सोनकुरे 76.75 प्रतिशत, दिव्यांशी गव्हारे 76.25 प्रतिशत, रूही मानकर 76 प्रतिशत, प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया छात्र/छात्राओं की इस सफलता पर छात्र/छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक संतोष मोरघडें, प्राचार्य महेंद्र दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी सोनवाने तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित की है।

ग्राम अमेड़ा (पा) में सनातनी हनुमान जन्मोत्सव समिति ने मनाया श्री हनुमान प्रकटोत्सव



लांजी (पदमेश न्यूज़)। क्षेत्र ग्राम अमेड़ा (पा) में 22 एवं 23 अप्रैल को सनातनी हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा श्री हनुमान जी का प्रकटोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार 22 अप्रैल को समिति के द्वारा ग्राम वासियों की सहयोग से विशाल कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल को 108 हनुमान चालीसा, सुन्दर काण्ड पाठ के साथ साथ भजन कीर्तन एवं हवन यज्ञ पूर्णाहुति के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान सनातनी हनुमान जन्मोंत्सव समिति अमेडा पा और गंगाराम बडघैय, यशवंत बडघैया, संतोष दुरुगकर, मनोज बडघैया, दीपक रणदिवे, विशाल नेवारे, अर्पण बडघैया, दिनेश बडघैया आदि लोगो सहित ग्राम वासियों के सहयोग से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बम्हनवाडा के श्री हनुमान मंदिर मे पालीवाल परिवार एवं ग्राम वासियों द्वारा की पूजा अर्चना

बम्हनवाड़ा स्थित श्री हनुमान मंदिर में ग्राम समित तथा पालीवाल परिवार के तत्वावधान जो कि स्व- श्री सुशील पालीवाल जी पैतृक ग्राम है यहा इनकी बहन श्रीमती संतोष देवी पालीवाल, पत्नि श्रीमती लता पालीवाल, पुत्र अशोक पालीवाल, ज्योति पालीवाल, शकुन मटाले, पुष्पाबाई, माहन मटाले, किशन नाथ सोलंकी सहित अन्य ग्राम वासी की उपस्थिती में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया एवं महाप्रसाद वितरण किया इस अवसर समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसी कडी मे ग्राम दुलापुर, पूर्वाटोला, मोहझरी, कारंजा रमपुरा, कलपाथरी आदि ग्राम मे हनुमान जी के मंदिरो मे प्राण प्रतिष्ठा सहित हनुमान चालिसा पाठ के आयोजन किये गये।

देवलगांव में हनुमान प्रकटोत्सव पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

क्षेत्र में श्री हनुमान प्रकटोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया जायेगा। श्री हनुमान मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभा यात्रा का भी आयोजन मंदिर सहित क्षेत्रो मे किया गया है इसी कड़ी में 23 अप्रैल को लांजी क्षेत्र के ग्राम देवलगांव के सिद्ध हनुमान मंदिर में संगीतमय हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कबीर भक्ति संगीत मण्डल के द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड एवं हनुमान चालिसा पाठ सुबह 10 बजे से 4 बजे तक संपन्न हुआ। तत्पश्चात समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से महाप्रसादी का वितरण किया गया। कबीर भक्ति संगीत मण्डल के सदस्यों जिनमें सुखदेव रहांगडाले, वासुदेव रहांगडाले, ओमप्रकाश बरई, खेमेन्द्र रहांगडाले, कमलेश रहांगडाले, श्यामलाल सोनवाने, राजेन्द्र हरिनखेड़े, भोजेश्वर रहांगडाले, संजय वरकड़े आदि सहित ग्राम वासी के सहयोग से उक्त आयोजन संपन्न हुआ।

हनुमान मंदिर में किया पूजन

ग्राम पंचायत बहेला मुख्यालय के गांधी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल

ग्राम बहेला के गांधी चौक स्थित श्री

दुकान किराये से देना है
सर्किट हाऊस रोड बालाघाट
होटल कलश के नीचे चार दुकाने किराये से देना है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल
9425448043

आवश्यकता है
होटल कलश में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल
9425448043

मैत्रेय पब्लिक स्कूल देवलगांव का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

लांजी (पदमेश न्यूज़)। राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा 23 अप्रैल को कक्षा पांचवी एवं आठवीं का कक्षा परीक्षा परिणाम दोपहर 12ः30 बजे घोषित कर दिया गया। जिसके अन्तर्गत लांजी क्षेत्र में संचालित विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर स्कूल एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में लांजी विकासखण्ड के ग्राम देवलगांव में संचालित मैत्रेय पब्लिक स्कूल का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसके तहत कक्षा पांचवी प्रथम मीनाक्षी प्रकाश चौहान 87.5 प्रतिशत, द्वितीय अक्षलीना संतोष मेश्राम 86.75 प्रतिशत, तृतीय मिथिला सुदीप महिमेहरो 85.25 प्रतिशत, चतुर्थ तनवी सतेंद्र पटले 84 प्रतिशत, पंचम नव्या जितेंद्र तेंभरे 83 प्रतिशत इसी कड़ी में कक्षा आठवीं में प्रथम रीति दमाहे 86.62 प्रतिशत, द्वितीय आर्या रविशंकर पटले 83.84 प्रतिशत, तृतीय ओम उमेंद्र हरिनखेडे 83 प्रतिशत, चतुर्थ सूर्यांशी संतोष हरिनखेड़े 82 प्रतिशत, पंचम विद्या संजीत ठाकरे 80.66 प्रतिशत अर्जित कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया । विद्यालय के संचालक प्रशांत मेश्राम और समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की है।

सीआईए का पांचवीं आठवीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

लांजी (पदमेश न्यूज़)। सत्र 2023 - 24 राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम दिनांक 23 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया है जिसमें नगर की शैक्षणिक संस्था सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में कक्षा पांचवी व आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसके तहत कक्षा पांचवी में प्रथम अदिती बोरकर 96.5 प्रतिशत, द्वितीय सिद्धि ठाकुर 96.25 प्रतिशत एवं नव्या सातपुते 96.25 प्रतिशत तृतीय स्नेहल ठाकुर 94 प्रतिशत चर्तुथ मिश्र उमरे 92.5 प्रतिशत पंचम स्तुति रावल 90.75 प्रतिशत इसी के साथ अन्य छात्र छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में प्रथम दृष्टि ठोमरे 95.66 प्रतिशत द्वितीय आराध्या हरिनखेडे 94.66 प्रतिशत तृतीय स्विंजल खोंगल 93.66 प्रतिशत चतूर्थ प्रज्जवल मिश्रा 93.5 प्रतिशत पंचम प्रतीक बडघैया, 92.66 प्रतिशत इसी के साथ कक्षा आठवीं के समस्त छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर अपने और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य हेमंत बनकर ने सभी छात्रों, शिक्षको व अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार शुक्ला ने सभी सफल छात्रों को उनकी मेहनत व लगन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी। समिति सचिव श्रीमती मीरा बनकर ने सभी सफल परीक्षा परिणाम हेतु श्रीमती संतोषी राकडे, भावना चौरसिया नेहा रामटेककर, ज्योति पांचाले, रेखा सहारे, रोशनी अग्रवाल, प्रवीणा येरपुड़े, सुषमा लटारे गीता, रामटेककर मनीषा, खोबरागड़े साक्षी आसटकर गोपाल मातरे व अन्य सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किया।समिति अध्यक्ष श्रीमती विभा तिवारी ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करने के साथ ही परीक्षा परिणाम को विद्यालय के सभी शिक्षक / शिक्षिकाओं छात्रों के अथक परिश्रम व अभिभावकों की सक्रियता के उनकी भागीदारी का परिणाम बताया।

घोटी नंदोरा में धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान प्रकटोत्सव

लांजी (पदमेश न्यूज़)। क्षेत्र के ग्राम घोटी नंदोरा में 23 अप्रैल को श्री हनुमान प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां हनुमान चालीसा पाठ समिति के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम शिव मंदिर में एकत्रित होकर बाईक रैली निकालकर ग्राम के सभी हनुमान मंदिरों में पूजन किया गया। यहां शिव मंदिर, कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर राम मंदिर पहुंचकर पुजा अर्चना की। इसके उपरान्त समिति के सभी सदस्य हनुमान मंदिर पहुंचकर यहां हनुमान चालीसा पाठ किया गया एवं आरती उपरान्त प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ समिति के सदस्य तुकाराम बारेकर, ईशवरी बिल्हारे, राजू बिलगौर, तिलकचंद कौशल, दीपक गजबे, गज्जू किरनापुरे, दिलीप दांदरे, सेवकराम आसटकर, कृष्णा, आयुष, छोटू, विनायक, अभिनव, लखाराम वाघाडे, उलासराम रंधये, रामण हनोते, वैशाली बोरकर, विनोद गुर्दे, शैलेन्द्र तिड़के सहित ग्रामवासी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु मंदिर लांजी का पांचवी, आठवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

लांजी (पदमेश न्यूज़)। राज्य शिक्षा केंद्र मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 23 अप्रैल 2024 को कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर लांजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा पांचवी से प्रथम स्थान कु. हिमांशी वाकले 88.25 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कु.भाव्यानी बागडे 86 प्रतिशत, तृतीय स्थान कु. हर्षिका नरताम 85.75 प्रतिशत, इसी प्रकार कक्षा आठवीं से प्रथम स्थान कु. योगिता दमाहे 89.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कु. आस्था बापूरे 86.8 प्रतिशत, एवं तृतीय स्थान कु. मेरुल टिकेश्वर 84.6प्रतिशत। इस परीक्षा परिणाम पर कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी के अध्यक्ष श्यामलाल पांडे, उपाध्यक्ष बारेलाल बढ़घैया, सचिव एवं खंड संघ चालक विजय रामटेक्कर, सहसचिव श्रीमती नीलम भर्रे, कोषाध्यक्ष लिकेश ए ?, सदस्य श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर, संतोष तिडके, नरेशचंद्र अग्रवाल, राजेश रणदिवे, रमेश भटेरे, विद्यालय के प्राचार्य त्र्यंबक कुमार भगत एवं प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने एवं विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार ने सभी नगर व क्षेत्रवासियों को हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही सभी सफल विद्यार्थीयों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

5वीं और 8वीं रिजल्ट जारी...

पांचवी में सरकारी और आठवीं में निजी स्कूलों ने बाजी मारी

भोपाल। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को 5वीं और एमपी बोर्ड 8वीं रिजल्ट जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी नीचे दिए गए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक कर सीधे रिजल्ट पेज पर पहुंच सकते हैं। मप्र में 5वीं और 8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के नतीजे सुबह 11.30 बजे राज्य शिक्षा केंद्र सभागार से जारी किए गए। 5वीं कक्षा में सरकारी स्कूलों का रिजल्ट निजी स्कूलों से अच्छा रहा है। जहां सरकारी स्कूलों में 5वीं कक्षा में 91.53 फीसदी छात्र पास हुए हैं, वहीं निजी में 90.18 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। वहीं 8वीं कक्षा की बात करें, तब निजी स्कूलों का रिजल्ट सरकारी से बेहतर रहा है। प्राइवेट स्कूलों में 90.60 प्रतिशत बच्चे पास हुए, जबकि सरकारी में 82.22 प्रतिशत बच्चे पास हुए। इस वर्ष 12 लाख से अधिक बच्चों ने पांचवीं और 11 लाख से अधिक बच्चों ने आठवीं की परीक्षा दी थी। दोनों परीक्षाओं में करीब 24 लाख बच्चे शामिल हुए हैं। पिछले वर्ष एमपी बोर्ड 5वीं में 82.7 फीसदी और 8वीं में 76.09 फीसदी छात्र पास हुए थे।

बता दें कि मध्य प्रदेश में राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पांचवीं-आठवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा आयोजित करता हैं। इस साल सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों और मदरसों के विद्यार्थियों ने भी इस बोर्ड पैटर्न परीक्षा में हिस्सा लिया था। प्रदेश में इस वर्ष एक लाख 14 हजार 956 सरकारी, प्राइवेट स्कूल और मदरसों के लगभग 25 लाख 51 हजार 818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

एमपी बोर्ड 5वीं और 8वीं रिजल्ट की घोषणा से पहले मप्र राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परिणाम की समीक्षा भी की। जो पिछले साल गलतियां हुईं थीं, उन्हें दूर किया। इस बार हर छात्र की माइक्रो लेवल पर मॉनिटरिंग हुई है। विभाग को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि विद्यार्थियों का कौन सा पक्ष कमजोर है और कहां वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एमपी बोर्ड 10वीं 12वीं का रिजल्ट भी इस सप्ताह जारी हो सकता है। अभी हालांकि डेट तय नहीं हुई है। एमपी बोर्ड 10वीं 12वीं रिजल्ट का इंतजार भी 17 लाख स्टूडेंट्स को है।

दोनों परिणामों में लड़कियों ने मारी बाजी

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमपीबीएसई) ने कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम 87.71 प्रतिशत रहा है, वहीं कक्षा पांच का परीक्षा परिणाम

90.97 प्रतिशत रहा। कक्षा पांच में 89.62 प्रतिशत बालक और 92.41 प्रतिशत बालिकाएं उत्तीर्ण हुई हैं। वहीं, कक्षा आठ में बालकों का पास प्रतिशत 85.94 प्रतिशत और बालिकाओं का 89.56 प्रतिशत रहा।

कक्षा पांचवी का 90.97 और आठवीं में 87.71 प्रतिशत पास

मदरसों का परिणाम सरकारी और प्राइवेट स्कूल से पीछे

कक्षा पांच की बात करें तो सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 91.53 प्रतिशत रहा, जबकि प्राइवेट स्कूलों में 90.18 प्रतिशत बच्चे ही पास हुए। मदरसे में 73.26 प्रतिशत बच्चे ही पास हो सके। कक्षा आठ की बात करें तो सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 86.22 प्रतिशत रहा, जबकि प्राइवेट स्कूलों में 90.60 प्रतिशत बच्चे पास हुए। मदरसों का पास प्रतिशत 67.40 प्रतिशत ही रहा।

ग्रामीण स्कूलों का रिजल्ट बेहतर

ग्रामीण और शहरी स्कूलों की तुलना करें तो पांचवीं और आठवीं में ग्रामीण स्कूलों का प्रदर्शन शहरी स्कूलों से बेहतर रहा है। कक्षा पांचवीं में ग्रामीण स्कूलों में पास प्रतिशत 92.60 प्रतिशत रहा, जबकि शहरी स्कूलों में 86.19 प्रतिशत बच्चे ही पास हुए है। इसी तरह आठवीं कक्षा में ग्रामीण स्कूलों के 88.35 प्रतिशत बच्चे पास हो गए। वहीं, कक्षा आठवीं में शहरी स्कूलों में 86.04 प्रतिशत बच्चे ही पास हुए।

5वीं में ये जिले टॉप 10 में

नरसिंहपुर, डिंडोरी, मंडला, अनुपपुर, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सीहोर, झाबुआ, शहडोल, बुरहानपुर

8वीं में ये जिले टॉप 10 में

नरसिंहपुर, अलीराजपुर, झाबुआ, सीहोर, अनूपपुर, बड़वानी, डिंडोरी, मंडला, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर

10वीं, 12वीं का रिजल्ट भी जल्द घोषित होगा

हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षाओं का रिजल्ट भी इस सप्ताह घोषित किया जा सकता है। मंडल ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली हैं। मंडल सूत्रों के मुताबिक, अभी तारीख तय नहीं हुई है। इस बार बोर्ड परीक्षाओं में 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।

यह चुनाव देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव तथा लोकतंत्र को बचाने का चुनाव- जीतू पटवारी

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव एवं राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा उदयपुरा (रायसेन) में होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। नेताओं ने यहां जनसभा को संबोधित किया एवं कांग्रेस प्रत्याशी को सफल बनाने की अपील की।

पटवारी ने कहा कि भाजपा कहती है कि मोदी जी का 10 साल का शासन तो केवल एक ट्रेलर है पूरी पिक्चर अभी बाकी है तो हम यह पूछना चाहते हैं कि यदि 1200 रू. का सिलेंडर इन्होंने बेचा, तो अब आप खुद ही सोचिए ये मोदी जी का ट्रेलर था तो पिक्चर में क्या होगा, क्या 4000 का सिलेंडर एवम 400 का पेट्रोल-डीज़ल पूरी पिक्चर का हिस्सा होगा?

पटवारी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने झूठी गारंटी दी थीं, जिसमें 3000 रुपए लाडली बहना को, किसानों को 2700 गेंहू का भाव, 3100 धान का भाव एवं 450 रुपए में सिलेंडर देने की बात कही थी, पूछिए कि क्या हुआ उस गारंटी का।

पटवारी ने कहा कि आज हर घर में बेरोजगार है, ईडी सीबीआई का दुरुपयोग कर भाजपा आपको भ्रमित करना चाहती है जबकि भाजपा के नेताओं के खिलाफ लोकायुक्त में प्रकरण है और सरकार अनुमति नहीं दे रही है। भाजपा की मंशा नफरत, घृणा से चुनाव जीतने की है। इन्होंने कहा था किसानों की आय दोगुनी कर देंगे, किसान की न आय दोगुनी हुई और ना ही उसके बच्चों को रोजगार मिला। स्विस बैंक की लिस्ट लाने की बात कही थी परंतु स्टेट बैंक की लिस्ट आ गई उसमे पता चला कि भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों तक से चंदा ले लिया।

पटवारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव है तथा लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, हम सरपंच भी चुनते हैं तो सोच समझकर चुनते हैं, घर में विवाह भी होता है तो आजू-बाजू से पूछ कर आगे बात करते हैं, लोगों का इतिहास जानते हैं तो ये तो सांसद का चुनाव है और आप जानते हैं कि भाजपा की राजनीति झूठ, पाखंड, नफरत और भ्रमजाल की राजनीति है इसलिए हमारे प्रत्याशी को जिताएं ताकि आपको किए वादे हमारी सरकार पूरी कर सके।

वित्त नियंत्रक को भेजा रिमांड पर, पत्नी की याचिका निरस्त

मामला में 19.48 करोड़ रुपये की आर्थिक अनियमितता का

भोपाल। राजीव गांधी प्रौदयोगिकी विश्वविदयालय में करोडों के घोटाले के मामले में आरोपी वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा को विशेष न्यायाधीष ने 25 अप्रैल तक की पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है। उधर उनकी पत्नी सीमा वर्मा का जमानत आवेदन निरस्त कर दिया गया है। वह पहले से न्यायिक हिरासत में थीं। कल वर्मा ने नाटकीय ढंग से सोमवार को जिला कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उधर एसआईटी ने गत शुक्रवार को सीमा को चिनार उपवन दानिश नगर से गिरफ्तार किया था। घोटाले में तत्कालीन रजिस्ट्रार राकेश सिंह राजपूत फरार हैं। उक्त मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश रामप्रसाद मिश्र के न्यायालय में चल रही है। इस दौरान सीमा वर्मा की जमानत याचिका पर उनके वकील ने दलील दी कि सीमा राजधानी के राजा भोज शासकीय स्कूल में शिक्षिका हैं। उनका आरजीपीवी विश्वविद्यालय से कोई संबंध नहीं है। उनके पति ऋषिकेश वर्मा आरजीपीवी विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। मामले के सह अभियुक्त मयंक कुमार द्वारा सीमा के अकाउंट में 19 लाख रुपये की राशि डाली गई है, जबकि मयंक कुमार की उसके पति ऋषिकश वर्मा से कार्यालयीन कार्य के दौरान भेंट हुई थी। मयंक कुमार ने अपने बैंक के वित्तीय वर्ष का लक्ष्य पूरा करने के लिए अकाउंट खोलने का निवेदन किया गया, जिस पर ऋषिकेश वर्मा ने आरबीएल बैंक में अकाउंट खोलने के लिए आरोपित सीमा का 21 हजार रुपये का चेक मयंक कुमार को दिया था और उसकी जानकारी के बिना 19 लाख रुपये इस अकाउंट में जमा कराए, जिसकी जानकारी कभी नहीं हो पाई। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि सीमा वर्मा उच्च रक्त चाप एवं अस्थमा की मरीज हैं। इस पर अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक पीएन राजपूत ने आपत्ति जताई और कहा कि मामला व्यापक है। गबन की संपूर्ण राशि का पता नहीं चला है। इसलिए आरोपित सीमा जमानत पर छोड़े जाने की दशा में साक्ष्य को प्रभावित कर सकती हैं। आरजीपीवी घोटाले की जो राशि मयंक कुमार के खाते में ट्रांसफर की गई थी, उसी से सीमा वर्मा के नाम पर 20 लाख रुपये की एफडी बनाई गई थी। घोटाले की जांच में उनका भी नाम सामने आया है।

हाई कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय पर लगाया 5 हजार का जुर्माना

सात साल बाद भी नहीं किया कोर्ट में जवाब पेश

भोपाल। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय पर 5 हजार का जुर्माना लगा दिया। इसकी वजह विभाग द्वारा जवाब पेश करने में देरी करना है। रक्षा मंत्रालय द्वारा सात साल बाद भी कोर्ट में जवाब पेश नहीं किया है। हाई कोर्ट ने इस मामले में नाराजगी भी जताई। इसी के साथ रक्षा मंत्रालय के सचिव और डायरेक्टर जनरल ऑफ क्वालिटी एश्योरेंस (डीजीक्यूए) रक्षा मंत्रालय पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया।। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने यह राशि हाई कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी में जमा करने की शर्त पर जवाब पेश करने चार सप्ताह की मोहलत दी है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी जेएस मक्कर की ओर से अधिवक्ता केएल जाटव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता मप्र विद्युत मंडल से एसई के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। याचिकाकर्ता पूर्व में 1972 से 1979 तक गन कैरिज फैक्ट्री में ग्रेज्युट ट्रेनी (इंजीनियर) में रूप में कार्यरत था। दलील दी गई कि जब याचिकाकर्ता विद्युत मंडल से सेवानिवृत्त हुआ तो जीसीएफ में की गई सेवाओं को पेंशन, ग्रेच्युटी आदि में नहीं जोड़ा गया। यह याचिका 2018 में दायर की गई थी। इसमें विद्युत मंडल के अलावा रक्षा मंत्रालय के उक्त अधिकारियों को भी पक्षकार बनाया गया था। पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान अधिकारियों की ओर से पुनः जवाब के लिए मोहलत मांगी गई, जिस पर अधिवक्ता जाटव ने आपत्ति पेश की।

मप्र के आदिवासी होंगे अपराध मुक्त!

आदिवासियों पर दर्ज मामलों को वापस लेगी सरकार

भोपाल। 2008 के बाद मप्र सरकार के बार फिर से आदिवासियों पर दर्ज वन अपराध वापस लेने की तैयारी कर रही है। यानी 16 साल बाद एक बार फिर आदिवासियों को अपराधमुक्त किया जाएगा। सरकार स्तर पर यह फैसला होने के बाद वन विभाग ने हर साल दर्ज होने वाले करीब 50 हजार वन अपराधों में से आदिवासियों के प्रकरणों की छंटाई शुरू कर दी है। विभाग का दावा है कि इस संबंध में निर्देश आते ही कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। आदिवासियों पर वन भूमि पर कब्जे, अवैध कटाई सहित अन्य मामलों में पिछले 10 साल में करीब 15 हजार प्रकरण दर्ज हुए हैं। राज्य सरकार आदिवासियों पर दर्ज वन अपराध वापस लेने जा रही है। इसके लिए सरकार ने वन विभाग को एक्शन प्लान बनाकर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं, जो प्रकरण न्यायालयों में विचाराधीन है, उन्हें तत्काल शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से निराकरण कराने के लिए कहा गया है। पीसीसीएफ संरक्षण शाखा ने जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी डीएफओ आदिवासियों पर दर्ज किये गये वन अपराध प्रकरणों को शासन की मंशा के अनुरूप नियमानुसार त्वरित रूप से नस्तीबद्ध करने के लिए कार्रवाई करें। इसके अलावा, वन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही भी की जाए।

सरकार ने आदिवासियों पर दर्ज आपराधिक प्रकरण वापस लेने का निर्णय लिया है। इसमें वन अपराध भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक जंगलों में रहने और रोजमर्रा की जरूरतों के चलते आदिवासियों पर सबसे ज्यादा अपराध भी वन विभाग ही दर्ज करता है। इसमें लकड़ी चोरी, वनभूमि पर अतिक्रमण और शिकार के मामले होते हैं। वर्ष 2008 से अब तक हर साल करीब एक हजार मामले दर्ज हुए हैं। पीसीसीएफ संरक्षण शाखा ने कालातीत वन अपराध प्रकरणों की समीक्षा वनमंडल स्तर पर स्वयं वनमंडलाधिकारी निरंतर करते रहें। इसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाए। मुख्य वनसंरक्षक भी समय-समय पर मासिक बैठक में इस बिन्दु समीक्षा कर यह तय करेंगे कि कोई प्रकरण कालातीत न हो। भारतीय वन अधिनियम 1927 में हुए नवीन संशोधनों का अध्ययन कर अधीनस्थ स्टाफ को अवगत कराया जाए। वन विभाग विभिन्न वन अपराधों में राजसात किए गए वाहनों का सरकारी नंबर लेकर उनका विभागीय कार्यों में उपयोग करेगा। इस संबंध में उच्च स्तर से निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निदेशों में कहा गया है कि सभी वनमंडलों के अंतर्गत वन अपराध प्रकरणों में राजसात किए गए वाहनों में यदि कोई वाहन विभागीय उपयोग हेतु उपलब्ध हो, तो उसका विधिवत प्रस्ताव तैयार कर मुख्य वनसंरक्षक विभागीय उपयोग करने की अनुमति प्रदान करेंगे। साथ ही अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (समन्वय) भोपाल मुख्यालय से वाहन उनके वनमण्डल को आवंटित कराएंगे एवं आरटीओ भोपाल से सरकारी नंबर एमपी- 02 प्राप्त करेंगे। यदि उनके वनमंडल में वाहनों की आवश्यकता न हो, तो अन्य वनमंडलों से वाहन उपयोग में लिए जाने का अनुरोध कर सकते हैं। राजसात की कार्रवाई समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए है।

हर साल 50 हजार वन अपराध दर्ज

उल्लेखनीय है कि विभाग आमतौर पर हर साल 50 हजार वन अपराध दर्ज करता है। इनमें से करीब आठ हजार मामले आदिवासियों के खिलाफ दर्ज किए जाते हैं। जबकि करीब छह हजार मामले पांच सौ, एक हजार रुपए के अर्थदंड के बाद समाप्त हो जाते हैं और शेष मामले कोर्ट तक पहुंचते हैं।सरकार ने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले वर्ष 2008 में भी आदिवासियों के खिलाफ तमाम कोर्ट में चल रहे आपराधिक प्रकरण वापस लिए थे। तब विभाग ने 87 हजार 549 वन अपराध वापस लिए थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ श्रीवास्तव ने बुरहानपुर के फील्ड के अफसरों को आपराधिक प्रकरण के निराकरण के लिए 3 महीने का समय दिया है। प्रदेश में सबसे अधिक वन अपराध के प्रकरण बुरहानपुर में ही दर्ज हुए हैं। डॉक्टर श्रीवास्तव ने अपने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि बुरहानपुर में आदिवासियों पर वन अधिनियम 1927 और वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत दर्ज 513 प्रकरण न्यायालय में लंबित है। सरकारी वकीलों के जरिए इन प्रकरणों का निराकरण करवाएं। यहां यह उल्लेखनीय है कि बुरहानपुर जिले में कुल 1लाख 90 हजार 100 हेक्टेयर जंगल है। 17000 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रामकों को पट्टे के रूप में बांट दी गई है। सूत्रों की मानें तो बुरहानपुर में करीब 58000 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र पर अतिक्रमण माफिया ने कब्जा कर लिया है।

तीन महीने का एक्शन प्लान

जानकारी के अनुसार 10 वर्षों में 15,000 से अधिक आदिवासियों पर दर्ज वन अपराध को वापस लेने के लिए वन विभाग के एक्शन प्लान में न्यायालयों में

शिवराज का ब्रांड अभी भी कायम

- प्रत्याशी मांग रहे पूर्व सीएम की सभाएं

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भले ही विदिशा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हो, प्रदेश की अन्य सीटों पर भी उनकी डिमांड बढ़ गई है। भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बाद उनकी सभा कराने की मांग कर रहे हैं। महिलाओं में भाई और मामा की छवि को भूनाने के लिए भाजपा ने भी ज्यादा से ज्यादा सीटों पर प्रचार की जिम्मेदारी उन्हें दी है। भाजपा ने मध्य प्रदेश के लिए शिवराज को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। विदिशा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने के बाद लगा था कि शिवराज वहीं बंधकर रह जाएंगे, लेकिन वे विदिशा से पहले भी पांच बार सांसद रहे हैं, उन्हें मैदानी गतिविधियों में जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। एक दौर का प्रचार वे अपने क्षेत्र में कर चुके हैं। अब दूसरे सीटों पर उनकी डिमांड बढ़ रही है। पार्टी की प्रादेशिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रियता दिखी है। खासकर मध्य भारत की सीटों पर उनका प्रभाव है, जिसका फायदा पार्टी उठाना चाहती है। विदिशा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। पार्टी को लग रहा है कि जो वक्त मिला है, उसका लाभ शिवराज की अन्य सीटों पर सभाओं के जरिये उठाया जा सकता है।

अरुण यादव बरसे सुरेश पचौरी पर, बोले

मजबूत नेताओं के कटवाए थे टिकट

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के निशाने पर अब कांग्रेस छोडक़र भाजपा में जा चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी आ गए हैं। उन्होंने पचौरी पर बड़ा आरोप लगाया है। यादव ने कहा कि सुरेश पचौरी कहते थे इसे टिकट मत देना। इसे देना, इसे नहीं देना। उनका नाम टिकट कटाऊ नेताजी हो गया था। कोई भी अच्छा हो, मजबूत लीडर हो, उसको टिकट नहीं मिलना चाहिए, यह उनका क्राइटेरिया होता था। हमने मध्य प्रदेश में राहुल (गांधी) जी का आशीर्वाद लेकर टिकट कटाऊ नेताओं की एक नहीं सुनी। जब नगरीय निकाय का चुनाव हुआ, तब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सारे नौजवानों को टिकट देने का काम किया।



एक चुनावी सभा में यादव ने कहा कि मुझे याद है जब मैं 2013 में अध्यक्ष बना तो मुझे होशंगाबाद आने में बड़ा डर लगता था। यहां के नेताओं को थोड़ा-बहुत पता होगा। डर क्यों लगता था? यह आप समझ जाइए। डर इसलिए लगता था क्योंकि यहां पर एक ऐसे नेता हमारे हुए। यहां अगर आना है तो परमिशन लेनी पड़ती थी कि मैं प्रदेश का अध्यक्ष हूं। लेकिन अगर आपकी इजाजत हो तो मैं यहां पर शादी में हो आऊं। या किसी के यहां माताजी खत्म हो गई तो मुझे जाना है। यहां आने के लिए परमिशन लेनी पड़ती थी।

बिना चुनाव लडे 30 साल तक सासंद

अरुण यादव ने कहा कि मैं आपकी जानकारी में ला दूं कि हिंदुस्तान के इतिहास में और कांग्रेस के इतिहास में एक नेता ऐसा हुआ जो 30 साल तक बिना चुनाव लड़े राज्यसभा का सदस्य रहा। मंत्री रहा। कांग्रेस पार्टी के तमाम ओहदों पर रहे। जो कोई भी चुनाव नहीं लड़ा और अगर लड़ा तो एक बार 27 हजार, एक बार 32 हजार से हारे। हमने तो इस बार भी कहा था लड़ लीजिए। हमारी तरफ से तो कोई मना ही नहीं था। पता चला कि वे तो चुनाव की पहले ही चले गए।

958 को मिली चुनाव ड्यूटी से राहत

बच्चों की पढ़ाई और प्रसव आदि के लिए 1500 आवेदन आए

भोपाल। लोकसभा चुनाव में विभिन्न कार्यों के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। चुनाव कार्य से मुक्त करने के लिए 1500 आवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय के पास पहुंचे हैं। इसमें बच्चों की पढ़ाई, शादी, बीमारी और प्रसव आदि का हवाला देकर चुनाव कार्यों से मुक्त रखने के आवदेन किए हैं। इनमें से 958 कर्मचारियों को राहत मिल गई है जबकि अन्य के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। दरअसल चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए कोई बीमारी का हवाला देकर तो कोई शादी का कार्ड देकर ड्यूटी कटवाने की जुगत में लगा है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों के पास ऐसे करीब ढाई सौ से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिनमें शादी का हवाला देकर नाम कटवाने की गुहार की गई है।

लोकसभा चुनाव में मतदान कर्मियों की ड्यूटी तय कर दी गई है। इसी बीच जिन मतदानकर्मियों के घर में शादी है वे परेशान हैं। अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए कोई शादी के कार्ड का सहारा ले रहा है तो कुछ बीमारी का हवाला देने में लगे हैं। कई कर्मचारी तो बाकायदा प्राइवेट अस्पतालों और डाक्टर से लंबी बीमारी और इलाज का विवरण लिखा पर्चा लेकर आ रहे हैं। वर्तमान में शादियों का दौर चल रहा है। अठारह मई तक बड़ी संख्या में शादी हैं, तो किसी के यहां शादी के बाद रिसेप्शन है। इन हालात में वह शादी की तैयारी करें कि चुनाव ड्यूटी में जाएं, यही बात मतदान कर्मियों के लिए सिरदर्द बन गई है। इधर, जिला निर्वाचन कार्यालय नाममात्र के आवेदनों पर ही निर्णय ले रहा है। उसमें भी आवेदन करने वाले के परिवार में शादी होनी चाहिए साथ ही बीमारी होने पर मेडिकल बोर्ड से बीमारी के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही विचार किया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर आदित्य जैन का कहना है कि जिन लोगों के परिवार में शादियां हैं, उन्हें छुट्टी दी जा रही है। अन्य कारणों से चुनावी ड्यूटी से छुट्टी लेने वालों के आवेदनों की जांच की जा रही है।

आज मप्र में प्रधानमंत्री लोकसभा सीटों पर करेंगे चुनाव प्रचार

सीएम बोले- एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी को चरितार्थ कर रहे हैं प्रधानमंत्री

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को एक बार फिर मप्र के दौरे पर आएंगे। ये सागर और हरदा में सभा के साथ भोपाल में रोड शो करेंगे। भोपाल लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के बड़े नेता का पहला कार्यक्रम बुधवार को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां रोड शो करेंगे, जो एक किलोमीटर का होगा। इसकी शुरुआत पुरानी विधानसभा के सामने लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा से होगी। यह शोरनपुरा चौराहे से होते हुए अपेक्स बैंक तिराहे तक होगा। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव तीनों कार्यक्रमों में साथ रहेंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए राजधानी भोपाल को भगवामय किया जा रहा है। सीएम का कहना है कि प्रधानमंत्री एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी को चरितार्थ कर रहे हैं। यात्रा मार्ग पर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों से स्वागत किया जाएगा

प्रधानमंत्री सागर के नरयावली विधानसभा में आने वाले बड़तूमा से वे बुंदेलखंड अंचल के समीकरण साधेंगे। यहां वे आठ माह पहले संत रविदास के मंदिर और संग्रहालय के भूमिपूजन के अवसर पर आए थे। वहीं, हरदा में बैतूल लोकसभा से प्रत्याशी दुर्गादास उइके के पक्ष में सभा करेंगे। मप्र में संत रविदास के अनुयायी बड़ी संख्या में हैं। विधानसभा चुनाव के पहले सरकार ने बड़तूमा में संत रविदास का मंदिर और संग्रहालय बनाने के लिए भूमिपूजन प्रधानमंत्री के हाथों कराया था। बडतूमा सागर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले नरयवाली विधानसभा क्षेत्र में आता है। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र रहली, देवरी और बंडा दमोह लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। बुंदेलखंड अंचल की ही खजुराहो और टीकमगढ़ सीट पर भी मतदान 26 अप्रैल को है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभा के माध्यम से इन सभी क्षेत्रों में संदेश देने का काम करेंगे। इसी तरह बैतूल लोकसभा के अंतर्गत आने वाले हरदा विधानसभा में सभा रखी गई है। जिले की दोनों विधानसभा सीटें हरदा और टिमरनी कांग्रेस के पास हैं। हरदा से लगा हुआ नर्मदापुरम जिला है जो होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में आता है। यहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। साथ ही खंडवा लोकसभा क्षेत्र भी जुड़ा हुआ है। यहां चौथे चरण में चुनाव है।

200 मंचों से होगा भव्य स्वागत

भोपाल में प्रधानमंत्री रोड-शो में शामिल होकर जनता का अभिवादन करेंगे। यह रोड-शो करीब एक किलोमीटर का होगा और रोड-शो के दौरान लगभग 200 मंच स्थलों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर क्षेत्रीय जनता का अभिवादन करते हुए मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक पहुंचेंगे। भोपाल को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है और यात्रा मार्ग में विभिन्न समाज वर्ग की महिलाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आरती उतारेंगी एवं आम जनता पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री जी का स्वागत करेगी। प्रधानमंत्री का यात्रा मार्ग में संत समाज, सामाजिक, व्यापारिक सहित विभिन्न समाज के नागरिकों द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया जाएगा।

आज होगा दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला

प्लेऑफ के लिए दावेदारी बनाये रखने जीत के इरादे से उतरेंगी दोनो टीमें

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल के 40 वें मुकाबले में बुधवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। कैपिटल्स ने इस सत्र में खराब शुरुआत के बाद लगातार दो मैच जीतकर लय हासिल की थी पर पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे सबक लेते हुए दिल्ली अब इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। पिछले मैच में दिल्ली की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असफल रही थी। इसलिए इस मैच में उसका लक्ष्य शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना होगा। इस मैच में कप्तान ऋषभ पंत को भी जीत के लिए आक्रामक अंदाज में खेलना होगा। हैदराबाद के खिलाफ मैच में वह उस तेजी से नहीं खेल पाये थे जिसकी जरुरत थी। इसके अलावा उनकी कप्तानी भी ठीक नहीं रही थी। सनराइजर्स के खिलाफ उनके फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह ओस के पहलू को सही तरह से नहीं समझ पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके अलावा पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का उनका फैसला भी गलत रहा जिससे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को आक्रामक शुरुआत का अवसर मिल गया।

टीम ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर फिसल गयी है। ऐसे में उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने अब हर मैच जीतना होगा।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ संघर्ष करते दिखे। वह 35 गेंद में 44 रन ही बनाकर आउट हो गये।

टीम के बल्लेबाजों से सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की अपेक्षा थी पर उसके सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और डेविड वार्नर इसमें सफल नहीं रहे। युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने तेजी से खेलते हुए 18 गेंद में 65 रन बनाए पर उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली पर ये जीत के लिए पर्याप्त नहीं थी। वहीं गेंदबाजी में भी दिल्ली के गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे और सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद के अलावा दिल्ली के प्रमख गेंदबाज एनरिक नोर्किया भी विफल रहे। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा जकड़ने के पिछले मैच से बाहर रहे थे अगर उनकी वापसी होती है तो टीम को लाभ होगा। स्पिन कुलदीप यादव ही अब तक दिल्ली के सबसे सफल रहे हैं। उन्होंने इस सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट लिए हैं पर सनराइजर्स पर वह भी अंकुश नहीं लगा पाये।

वहीं दूसरी ओर शुभमन गिल की कप्तानी में उतर रही गुजरात के लिए भी ये सत्र अधिक सफल नहीं रहा है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। इससे टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी नजर आती है हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में मिली जीत से टीम के हौंसला बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा। टीम अब तक आठ मैच में चार जीत और चार हार से आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। ऐसे में अब उनका लक्ष्य भी इस मैच में जीत दर्ज कर प्ले ऑफ के लिए अपनी दावेदारी बनाये रखना रहेगा। टीम की बल्लेबाजी शुभमन के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर, आदि बल्लेबाजों पर रहेगी। वहीं निचले क्रम में टीम को तेजी से आगे बढ़ाना आक्रामक बल्लेबाज राहुल तेवतिया के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। गेंदबाजी की कमान मोहित शर्मा, नूर अहमद के अलावा स्पिनर राशिद खान संभालेंगे। वहीं दिल्ली की बल्लेबाजी ऋषभ के अलावा , डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल के अलावा जेक फ्रेजर-मैकगर्क पर आधारित रहेगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी एनरिक नोर्किया, खलील अहमद, कुलदीप यादव के अलावा अक्षर पटेल के पास रहेगी। ये मैच कुल मिलाकर रोमांचक रहेगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

दिल्ली कैपिटल्स - ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल , एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क।

गुजरात टाइटंस - शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार।

दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर मिचेल मार्श आईपीएल से बाहर हुए

मुम्बई। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण आईपीएल टूर्नामेंट से हट गये हैं। ऑलराउंडर मार्श का बाहर होना दिल्ली टीम के लिए करारा झटका है। कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्श हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण अब आईपीएल सत्र के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पायेंगे। पोंटिंग के अनुसार इस चोट से उबरने में समय लगाता है। इस कारण वह अब भारत नहीं लौटेंगे। मार्श क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चिकित्सीय दल से परामर्श करने के लिए 12 अप्रैल को पर्थ वापस चले गए थे। वहां जांच के बाद पता चला है कि मार्श के लिए अब ये सत्र खेलना संभव नहीं है। उसी के बाद इस मामले में कैपिटल्स ने अंतिम फैसला लिया।

पोंटिंग ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब वह वापस आएंगे क्योंकि सीए चाहता है कि मार्श की चोट की रिकवरी ऑस्ट्रेलिया में ही हो। इसी कारण से हमने भी उन्हें स्वदेश भेज दिया था। सीए के मेडिकल स्टाफ के सदस्य कुछ सप्ताह से उनके रिहैब पर काम कर रहे हैं। मैंने मार्श से हाल ही में बात की थी और ऐसा लगता है कि उस चोट से उबरने में उन्हें अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है पर मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

वहीं ये भी अनुमान हैं कि मार्श आगामी टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये और चार मैचों में केवल 61 रन ही बना पाये। तीन पारियों में उनका सबसे अधिक स्कोर 23 का था। इसके अलावा उन्होंने आठ ओवर की गेंदबाजी करते हुए 12.87 की इकॉनमी रेट से एक विकेट भी लिया था। यह लगातार दूसरी बार है जब मार्श को सत्र के बीच में ही बाहर होना पड़ा है। उन्होंने 2023 में भी दिल्ली कैपिटल्स के लिए केवल नौ मैच ही खेले थे।

आईपीएल में नंबर एक पर बरकरार है राजस्थान रॉयल्स

मुम्बई। राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अभी भी शीर्ष पर कायम है। राजस्थान ने मुम्बई के खिलाफ जीत के साथ ही अंक तालिका में अपनी बढ़त बरकरार रखी है। आईपीएल में 10 टीमो के बीच जबरदस्त मुकाबला जारी है। रॉयल्स 8 मैच में 7 जीत और एक हार से 14 अंक लेकर पहले जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स 7 मैचों में 5 जीत और दो हार के साथ ही 10 अंक लेकर दूसरे व सनराइजर्स हैदराबाद भी 7 मैचों में 5 जीत और दो हार के साथ ही 10 अंक लेकर तीसरे नंबर पर है। इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस तीनों ही 8-8 अंक लेकर चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इसके बाद मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स 6-6 अंकर लेकर सातवें और आठवें जबकि पंजाब किंग्स और आरसीबी 4 व दो अंक लेकर नौवें और दसवें नंबर पर हैं।

नरेन टी20 विश्वकप के लिए संन्यास से वापसी नहीं करेंगे

युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया जाना चाहिये

मुम्बई। आईपीएल में अपने प्रदर्शन से धूम मचा रहे वेस्टइंडीज के स्पिन ऑलराउंडर सुनील नरेन ने कहा है कि उनकी आगामी टी20 विश्वकप खेलने के लिए संन्यास से वापसी की कोई योजना नहीं है। नरेन ने ये बात वेस्टइंडीज टी20 टीम के कप्तान रोवमैन पॉवेल के उस बयान को लेकर कही है, जिसमें पॉवेल ने नरेन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उनसे टी20 विश्वकप को देखते हुए वापसी का अनुरोध किया था। पॉवेल ने बात इस आईपीएल सत्र में उनके प्रदर्शन को देखते हुए कही थी। इस पर जवाब देते हुए नरेन का कहना है कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के अवसर अब उनके लिए हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। साथ ही कहा कि वह उन युवा खिलाड़ियों की इस विश्वकप के लिए दावेदारी का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं।

आम तौर पर देखने में आया है कि आईसीसी टूर्नामेंट आते ही

अनुभवी खिलाड़ियों की टीम में वापसी होने लगती है जबकि जो युवा खिलाड़ी लगातार उस फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं उन्हें टीम से बाहर होना पड़ता है। मगर अब सुनील नरेन ने संन्यास से वापसी नहीं करने का फैसला कर युवा खिलाड़ियों का अवसर दिया है। नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मुझे उम्मीद है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से बाहर आने और आगामी टी20 विश्वकप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने आगे लिखा, मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता पर वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन युवा खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे।

नरेन आईपीएल 2024 में केकेआर की ओर से खेल रहे नरेन जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने टी20 करियर का पहला शतक भी लगाया था। उन्होंने इस सत्र में 40.86 के औसत और 176.54 के स्ट्राइक रेट के साथ 286 रन बनाये हैं जबकि ती गेंदबाजी के दौरान 7 मैचों में 7.11 की इकॉनमी के साथ 9 विकेट भी लिए हैं।

राजस्थान रॉयल्स ओर मुम्बई इंडियंस मुकाबले में यशस्वी सहित तीन खिलाड़ियों ने बनाये रिकार्ड

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स ओर मुम्बई इंडियंस के बीच हुए आईपीएल मैच में तीन खिलाड़ियों ने रिकार्ड बनाये हैं। ये हैं राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायस्वाल, स्पिनर यजुवेंद्र चहल और मुम्बई के बल्लेबाजी तिलक वर्मा। यशस्वी ने इस मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार शतक लगाकर एक बार फिर अपना सर्वश्रेष्ठ फार्म हासिल करने के संकेत दिये हैं। रॉयल्स की जीत में यशस्वी के शतक की अहम भूमिका रही है। इस मैच में यशस्वी ने शतक के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी बनाया है। यशस्वी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 गेंद में अपना शतक लगा दिया। इस शतक के साथ ही वह आईपीएल में 23 साल की उम्र से पहले 2 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बने हैं। वहीं राजस्थान के ही स्पिनर यजुवेंद्र चहल ने भी इस मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। चहल ने मोहम्मद

नबी का विकेट लेकर एक खास रिकॉर्ड बनाया। इस प्रकार वह आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं।

इसके अलावा इस मैच में मुम्बई के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा अपना अर्धधतक लगाने के साथ ही आईपीएल में 1000 रन पूरे करने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। तिलक ने 21 साल 166 दिन में यह उपलब्धि हासिल की है हालांकि आईपीएल में 1000 रन पूरे करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी का रिकॉर्ड तो ऋषभ पंत के नाम है। उन्होंने 20 साल 218 दिन में यह कारनामा किया था।

स्क्वाश खिलाड़ी घोषाल ने पेशेवर खेल को अलविदा कहा, देश की ओर से खेलते रहेंगे

नई दिल्ली। देश के शीर्ष पुरूष स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल ने पेशेवर खेल से संन्यास ले लिया है हालांकि कहा है कि वह भारत की ओर से खेलना जारी रखेंगे। पेशेवर सर्किट में दो दशक से अधिक समय तक खेलने वाले 37 साल के घोषाल ने देश की ओर से खेलते हुए कई पदक जीते हैं। इंचियोन और हांग्झोउ एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में भी तीन पदक जीते हैं।

उन्होंने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक भी जीता था। घोषाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''जब मैंने 22 साल पहले 'पीएसए विश्व टूर' पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। मैंने इस दौरान दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े टूर्नामेंटों में सोचा कि ये दौर हमेशा जारी रहेगा पर हर चीज का एक अंत होता है। संन्यास की घोषणा करते समय मैं भावनाओं से अभिभूत हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है। इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीएसए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।''

घोषाल दुनिया के शीर्ष 10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की उच्चतम रैंकिंग हासिल की और छह महीने तक उसे बनाये रखने में सफल रहे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में पदार्पण करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था।

हर मैच का आनंद उठा रहा हूं - संदीप शर्मा

दो साल पहले नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत में पांच विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई है। इसके साथ ही संदीप सभी के आकर्षण का केन्द्र बने हैं। संदीप ने विविधता और सही लाइन व लैंथ का इस्तेमाल कर मुम्बई के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। उनकी गेंद की गति में इतना बदलाव था कि मुम्बई के बल्लेबाज बड़े शॉट लगाने के फेर में एक के बाद एक आउट होते चले गये। संदीप ने अपने चार ओवर के स्पेल में 4.50 की इकॉनमी रेट से 18 रन देकर पांच खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा। उनके कारण ही मुम्बई के बल्लेबाज अंतिम ओवरों में भी रन नहीं बना पाये। संदीप अपने इस प्रदर्शन पर खुश हैं परन्तु इस दौरान दो साल पहले नीलामी में नहीं खरीदे जाने का उनका दर्द उभर आया। इस गेंदबाज ने कहा चोट से वापसी के बाद वह अच्छा महसूस

कर रहे हैं। वह इस सत्र का आनंद उठा रहे हैं। साथ ही कहा कि दो दिन पहले ही मैं फिट हुआ हूं। फिटनेस के बाद पहला मैच खेल रहा हूं, अच्छा महसूस कर रहा हूं। पिच धीमी और निचली तरफ थी, इसलिए मेरी योजना बदलाव और कटर गेंदबाजी जारी रखने की थी। अगर आप अंत में गेंदबाजी कर रहे हैं तो आपको बड़े शॉट का सामना करने तैयार रहना चाहिये।

उन्होंने दो साल पहले हुई नीलामी को लेकर कहा ,आप जानते हैं दो साल पहले मुझे किसी ने नहीं खरीदा था। मुझे विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया था। इसलिए मैं इस बार हर मैच का आनंद उठा रहा हूं। बता दें कि इस बात से हर कोई हैरान था कि संदीप तब नहीं बिके थे। बाद में जब राजस्थान ने उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया तो आईपीएल 2024 के लिए रिटेन किया। इस मैच में तो टॉस जीतकर मुम्बई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तिलक वर्मा और नेहल वढेरा की शानदार बल्लेबाजी से नौ विकेट पर179 रन बनाये। इसके बाद यशस्वी जायसवाल की शानदार बल्लेबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने ये मैच आसानी से जीत लिया।

सैमसन बोले, यशस्वी जानता है कब क्या करना है – सैमसन

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि ये सभी के योगदान से मिली है। सैमसन ने इस मैच में शतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें किसी सलाह की जरुरत नहीं है। साथ ही कहा कि वह एक पेशेवर खिलाड़ी है जो जानता है कि ब्रेक मिलने पर क्या किया जाना चाहिये। वह तकनीकी रुप से काफी बेहतर खिलाड़ी है जो समय के साथ ही निखरता जा रहा है। यशस्वी इस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैचों में अधिक रन नहीं बनाने के कारण आलोचना का भी शिकार हुए थे पर टीम उनके साथ बनी रही जिसका परिणाम सामने है, इस बल्लेबाजी ने धमाकेदार शतक के साथ वापसी की है।

इसके अलावा सैमसन ने मैच में पांच विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने संदीप शर्मा की भी प्रशंसा की। वहीं संदीप ने कहा कि फिटनेस हासिल करने के बाद यह मेरा पहला मैच था। इसमें बेहतर प्रदर्शन कर अच्छा महसूस कर रहा हूं। पिच धीमी और निचली तरफ थी, इसलिए मेरी योजना गेंदबाजी में विविधता और कटर रखने की थी जो सफल रही। साथ ही कहा कि अंतिम ओवरों में गेंदबाजी के दौरान आपको बढ़े शॉट का सामना करने तैयार रहना होता है। हमने आईपीएल में देखा है, आक्रामक बल्लेबाजी के कारण गेंदबाज दबाव में रहते हैं। इसलिए हमें बेहतर तरीके से अपनी रणनीति पर अमल करना होता है।

पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया-आकाश चोपड़ा

जयपुर। आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या अब तक असफल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी वह केवल 10 रन ही बना पाये। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि उन्हें इस मैच में पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया। उन्हें जल्दी बल्लेबाजी के लिए उतरकर मोर्चे से आगुवाई करने की जरुरत थी पर हैरानी की बात ये रही कि मैच में मुम्बई के विकेट गिरते रहे और पंड्या कभी डगआउट में तो कभी सीट पर बैठते, फिर कभी पुशअप्स मारते और कभी टहलते। फिर जब वह मैदान पर उतरे भी कोई कमाल नहीं कर पाये। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस प्रकार पंड्या एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहे। इससे पहले उन्होंने 7 पारियों में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 11, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 24, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 34, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 39, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 21, चेनई सुपर किंग्स के खिलाफ 2 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 रन बनाये थे। इसके बाद पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने एक बार फिर पंड्या पर निशाना साधा है। पठान ने कहा कि आईपीएल में पंड्या की कप्तानी, बल्लेबाजी और गेंदबाजी सभी बेकार रही हैं। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हार्दिक पंड्या की हिटिंग क्षमता कम होती जा रही है। यह एक बड़ी चिंताजनक बात है।

हम इसे निवेश के रवैये से नहीं देखते - वेंकी मैसूर

कोलकाता। आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क विफल रहे हैं। स्टार्क गेंदबाजी के दौरान विकेट के लिए संघर्ष करते हुए दिखे हैं। इसके बाद भी आईपीएल इतिहास के इससे सबसे महंगे खिलाड़ी का टीम प्रबंधन ने समर्थन किया है। केकेआर ने नीलामी में स्टार्क को 24 करोड़ रुपये में खरीदा था। केकेआर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को 'निवेश के नजरिये से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपये की बोली के साथ टीम में शामिल किया था जबकि इसे तभी सही फैसला

नहीं माना जा रहा था क्योंकि इस तेज गेंदबाज के पास टी20 प्रारूप में काफी कम अनुभव था। वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे। वहीं वेंकी मैसूर ने कहा, वह सुपरस्टार है और बेहतरीन खिलाड़ी है।

उन्होंने कहा, हम इसे निवेश के रवैये से नहीं सोचते हैं, क्योंकि आप नीलामी में जाते हैं और नीलामी में ऐसी चीजें होती हैं, जो न तो खिलाड़ी के हाथ में होती हैं और न ही किसी और के हाथ में होती हैं। उन्होंने कहा, हमें सब यही लगा कि स्टार्क जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल करने से काफी महत्व बढ़ेगा। मेरा मतलब है कि टीम में उसकी मौजूदगी से मजबूती मिलती है। उनके पास उस तरह की विशिष्ट कौशल है जिसकी हमारे सहयोगी स्टाफ को तलाश थी। स्टार्क ने अपने शुरुआती दो मैचों में ही 100 रन से ज्यादा दे दिये थे।

टी20 विश्वकप के लिए यशस्वी की दावेदारी कमजोर हुई

मुम्बई। आईपीएल के ठीक बाद जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए कई युवा खिलाड़ी भी दावेदारी में हैं। विश्वकप के लिए एक जून को भारतीय टीम की घोषणा होगी। इसी को देखते हुए चयनकर्ता आईपीएल में भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं। युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल अब इस आईपीएल सत्र में प्रभवित नहीं कर पाये हैं, ऐसे में उनकी दावेदारी कमजोर हुई और उनकी जगह किसी नये खिलाड़ी को भी जगह मिल सकती है। यशस्वी ने 7 मैच में 17.28 की औसत से 121 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 39 रन रहा है। वहीं शुभमन गिल भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। शुभमन ने 7 मैच में 42.57 की औसत से 298 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 89 रन रहा है। ऐसे में उन्हें भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा। वहीं इस सत्र में धमाके दार प्रदर्शन कर रहे सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा ने अबतक 7 मैच में 36.71 की औसत और 215.96 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाकर प्रभावित किया है। इस दौरान अभिषेक ने तीन अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 24 छक्के भी लगाये हैं और वह इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं।। वहीं इस टूर्नामेंट में उनसे ज्यादा 26 छक्के हेनरिक क्लासेन ने लगाये हैं। ऐसे में अगर आगे भी यशस्वी रन नहीं बना पाते हैं तो विश्वक कप के लिए उनकी दावेदारी और कमजोर पड़ जाएगी। ऐसे में अभिषेक को भी अवसर मिल सकता है।

सूरत के ऑपरेशन निर्विरोध में रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका संदेह के घेरे में

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल के निर्देशन में संपन्न हुआ ऑपरेशन?

अहमदाबाद। गुजरात के सूरत संसदीय क्षेत्र से भाजपा के मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। यह ऑपरेशन देश एवं सारी दुनिया में रातों-रात चर्चित हो गया है। 7 मई को यहां पर मतदान होना था। कांग्रेस के उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी तथा कांग्रेस के डमी प्रत्याशी सुरेश पडसाला सहित आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों का पर्चा निरस्त होने के बाद, शेष उम्मीदवारों के नाम वापसी का ऑपरेशन एक फाइव स्टार होटल और एक फार्म हाउस से चलाया गया। इस आपरेशन में रिटर्निंग ऑफिसर और एक नोटरी की भूमिका अहम बताई जा रही है। नोटरी ने शपथ पत्र तैयार कराए थे। रिटर्निंग ऑफिसर ने बिना शपथ पत्र सत्यापित कराये, कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चों को निरस्त कर दिया। शेष उम्मीदवारों की नाम वापसी में भी कुछ इसी तरीके की प्रक्रिया अपनाई गई। पूर्व में होने वाले छात्र संघ की तर्ज पर हुए इस चुनाव की चर्चा अब सारे देश में हो रही है।

कांग्रेस उम्मीदवार कुंभाड़ी ने अपने प्रस्तावक और समर्थक के रूप में बहनोई जगदिया सावलिया, बिजनेस पार्टनर ध्रुविन धामेलिया और रमेश पोलरा को अपना प्रस्तावित बनाया था। कांग्रेस के डमी प्रत्याशी सुरेश पडशाला का प्रस्तावक भांजे

भौतिक कोलडिया को बनवाया था। रिटर्निंग ऑफिसर के सामने पर्चे दाखिल किए गए। कोई भी प्रस्तावक और समर्थक रिटर्निंग ऑफिसर के सामने पेश नहीं हुआ। उसके बाद से कांग्रेस प्रत्याशी भी भूमिगत हो गए। उम्मीदवार समर्थक और प्रस्तावक सभी को भूमिगत बताया जा रहा है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इसके बाद कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस का जवाब देने के लिए कोई भी हाजिर नहीं हुआ। प्रस्तावक और समर्थन की ओर से फर्जी हस्ताक्षर वाले शपथ पत्र जरूर रिटर्निंग ऑफिसर के पास पेश किए गए। शपथ पत्र मिलने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने दोनों उम्मीदवारों के परचों को खारिज कर दिया।

रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा शपथ पत्र को आधार मानकर पर्चे खारिज किए गए। जिनके शपथ पत्र थे, उनका भौतिक सत्यापन भी रिटर्निंग ऑफिसर ने नहीं कराया। पहले वाले हस्ताक्षर फर्जी थे, या फर्जी हस्ताक्षर वाले शपथ पत्र पेश किए गए हैं। इसका सत्यापन रिटर्निंग ऑफिसर ने नहीं किया।

ऑपरेशन निर्विरोध का दूसरा पार्ट

सूरत में ऑपरेशन निर्विरोध की कमान सूत्रों के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटील ने संभाल रखी थी। सूरत के एक फाइव स्टार होटल में 24 घंटे के अंदर अन्य उम्मीदवारों के नाम वापसी का ऑपरेशन चलाया गया। सभी उम्मीदवारों को खोजा गया। उन्हें एक फार्म हाउस और फाइव स्टार होटल में लाया गया। कहा जा रहा है, इसमें सूरत पुलिस की मदद भी ली गई। इस ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भाजपा ने छात्र राजनीति की तरह साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपनाई। सरदार वल्लभभाई पटेल पार्टी, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी और अन्य चार के प्रत्याशियों के अंतिम दिन नामांकन पत्र वापस लेकर, निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ किया गया।

निर्विरोध ऑपरेशन लोटस

चारों निर्दलीय प्रत्याशियों को फाइव स्टार होटल में लाया गया। आमने-सामने बिठाकर उन्हें राजी किया गया। अन्य दलों के प्रत्याशियों के शपथ पत्र और नाम वापसी के फार्म पर हस्ताक्षर कराए गए। ऑपरेशन निर्विरोध में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रिटर्निंग ऑफिसर की मानी जा रही है। कांग्रेस उम्मीदवारों के नामांकन में जो प्रस्तावक और समर्थक थे, उनके फर्जी हस्ताक्षर को लेकर शपथ पत्र पेश किए गए। रिटर्निंग ऑफिसर के सामने कोई भी पेश नहीं हुआ। इस सारे ऑपरेशन में एक नोटरी द्वारा सभी के शपथ पत्र तैयार कराए जाने की बात सामने आ रही है। इस तरह सूरत में भाजपा के उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित कराने का जो ऑपरेशन शुरू किया गया, वह पूर्ण रूप में सफल हुआ। इसमें सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है, कि प्रस्तावक और समर्थक के जो शपथ पत्र पेश किए गए हैं, उसमें फर्जी हस्ताक्षर किए जाने का दावा किया है। रिटर्निंग ऑफिसर के सामने उन्होंने स्वयं अपने शपथ पत्र पेश नहीं किये। रिटर्निंग ऑफिसर ने शपथ पत्र स्वीकार भी कर लिये। शपथ पत्र को आधार बनाकर सूरत संसदीय क्षेत्र का यह पूरा निर्विरोध ऑपरेशन संपन्न हुआ है, जिसकी सारे देश पर चर्चा हो रही है।

अदालती लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

सूरत में जिस तरह से ऑपरेशन चलाकर भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध चुनाव जिताया गया है। उसके संबंध में अब कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने इसे गंभीरता से लिया है। इस मामले को अब सुप्रीम कोर्ट में ले जाने की बात सामने आ रही है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में जिस तरह का खेल किया गया था, कांग्रेस नेताओं का मानना है, सूरत में उसकी पुनरावृत्ति हुई है।

कक्षा 5वीं में बिरसा एवं कक्षा 8वीं में लांजी का रहा सर्वोत्तम प्रतिशत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा मंगलवार को घोषित किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के डीपीसी डॉ. महेंश शर्मा ने बताया कि जिले में कक्षा 5वीं बोर्ड की परीक्षा में 26588 छात्र सम्मिलित हुए थे जिनमें से 25025 छात्र उत्तीर्ण रहे। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 94.22प्रतिशत रहा तथा कक्षा 5वीं में प्रदेश में जिले का स्थान 18 वां रहा। इसी तरह कक्षा 8वीं में 26550 छात्र सम्मिलित हुए जिनमें से 24136 छात्र उत्तीर्ण रहे। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 90.91 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 8वीं में प्रदेश में जिले का स्थान 19वां रहा।

जिले के विकासखंडों में कक्षा 5वीं का ऐसा रहा परिणाम

कक्षा 5वीं बोर्ड की परीक्षा में बिरसा ब्लॉक में 2904 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें 2843 ने सफलता प्राप्त की। ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 97.90 प्रतिशत रहा। इसी तरह ब्लॉक लांजी परीक्षा में शामिल हुये विद्यार्थी 3274 सफल हुये 3201 व परीक्षा परिणाम 97.77 प्रतिशत, बैहर में शामिल हुये विद्यार्थी 2113 सफल हुये 2037 व परीक्षा परिणाम 96.40 प्रतिशत, बालाघाट में शामिल हुये विद्यार्थी 3852 सफल हुये 3699 व परीक्षा परिणाम 96.03 प्रतिशत, परसवाड़ा में शामिल हुये विद्यार्थी 1878 सफल हुये 1789 व परीक्षा परिणाम 95.26 प्रतिशत, कटंगी में शामिल हुये विद्यार्थी 2619 सफल हुये 2425 व परीक्षा परिणाम 92.59 प्रतिशत, वारासिवनी में शामिल हुये विद्यार्थी 2638 सफल हुये 2430 व परीक्षा परिणाम 92.12 प्रतिशत, किरनापुर में शामिल हुये विद्यार्थी 2636 सफल हुये 2420 व परीक्षा परिणाम 91.81 प्रतिशत, लालबर्रा में शामिल हुये विद्यार्थी 2641 सफल हुये 2420 व परीक्षा परिणाम 91.63 प्रतिशत तथा खैरलांजी ब्लॉक में 2033 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 1786 ने सफलता प्राप्त की एवं ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 87.85 प्रतिशत रहा। इस तरह जिले में कक्षा 5वीं बोर्ड में कुल 26588 विद्यार्थियों शामिल रहे। जिसमें 25050 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की तथा जिले में 5वीं का कुल परीक्षा परिणाम 94.22 प्रतिशत रहा।

कक्षा 8वीं का परिणाम इस तरह रहा

बिरसा ब्लॉक में शामिल हुये विद्यार्थी 2655, उत्तीर्ण 2511 परीक्षा परिणाम 94.58 प्रतिशत, लांजी में शामिल हुये विद्यार्थी 3256 उत्तीर्ण 3102 परीक्षा परिणाम 95.27 प्रतिशत, बैहर में शामिल हुये विद्यार्थी 1932 उत्तीर्ण 1741 परीक्षा परिणाम 90.11 प्रतिशत, बालाघाट में शामिल हुये विद्यार्थी 4052 उत्तीर्ण 3604 परीक्षा परिणाम 88.94 प्रतिशत, परसवाड़ा में शामिल हुये विद्यार्थी 1818 उत्तीर्ण 1678 परीक्षा परिणाम 92.30 प्रतिशत, कटंगी में शामिल हुये विद्यार्थी 2740 सफल हुये 2494 व परीक्षा परिणाम 91.02 प्रतिशत, वारासिवनी में शामिल हुये विद्यार्थी 2692 सफल हुये 2438 व परीक्षा परिणाम 90.56 प्रतिशत, किरनापुर में शामिल हुये विद्यार्थी 2634 सफल हुये 2379 व परीक्षा परिणाम 90.32 प्रतिशत, लालबर्रा में शामिल हुये विद्यार्थी 2706 सफल हुये 2408 व परीक्षा परिणाम 88.99 प्रतिशत तथा खैरलांजी ब्लॉक में 2065 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 1781 ने सफलता प्राप्त की एवं ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 86.25 प्रतिशत रहा। इस तरह जिले में कक्षा 8वीं बोर्ड में कुल 26550 विद्यार्थियों शामिल रहे। जिसमें 24136 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की तथा जिले में 8वीं का कुल परीक्षा परिणाम 90.91 प्रतिशत रहा।

सेना पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला दुनिया का चौथा देश है भारत

नई दिल्ली। समूची दुनिया में सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहा है। सेना और हथियारों पर होने वाला यह खर्च साल 2023 रिकॉर्ड 2,443 बिलियन डॉलर पहुंच गया। भारत भी इस रेस में पीछे नहीं है और अमेरिका, चीन व रूस के बाद लिस्ट में चौथे नंबर पर है। नई दिल्ली की ओर से सेना के आधुनिकरण की कोशिशें जारी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने रिपोर्ट में कहा है कि 2023 में 83.6 अरब डॉलर के खर्च के साथ भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश रहा। भारत का यह खर्च पिछले वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक था। सिपरी की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा सैन्य खर्चकर्ता चीन है।

शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द्र थपलियाल के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थता योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है। उन्होंने मध्यस्थता के लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय होती है। श्री गुर्जर ने सायबर स्टॉकिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इससे सबसे अधिक पीड़ित महिला एवं बच्चें होते है। सायबर स्टॉकिंग का अपराध करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354डी एवं प्रौद्योगिक अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेंद्र मोहन धुर्वे ने कहा कि तकनीकी विकास ने आधुनिक जीवन शैली को बदल दिया है। समय के साथ इंटरनेट का प्रयोग आम जीवन में बढ़ता जा रहा है। हमारी छोटी सी चूक सायबर अपराधियों के लिए डेटा चोरी के द्वार खोल सकती है। सायबर अपराधी हमारे पैसे चुरा सकते है हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकते है। अधिकांश सायबर अपराध मानवीय लापरवाही के कारण होते है। इसलिए सायबर सुरक्षा जागरूकता आवश्यक है। बच्चों को मोबाईल एवं ऑनलाईन संसाधनों का उपयोग बहुत सावधानी पूर्वक करना चाहिए। असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सुश्री प्रियंका शुक्ला द्वारा डिफेंस काउंसिल योजना के संबंध में उपस्थित छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उपस्थित छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम व दहेज प्रतिषेद्य अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास की अधीक्षिका, शिक्षिका एवं पैरालीगल वालेन्टियर कमर सुल्ताना व छात्रा उपस्थित रहें।

ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता विषय पर ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत मंगलवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोज घोड़ेश्वर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम भाषण प्रतियोगिता प्रारंभ कि गई, जिसमें प्रथम स्थान कुमारी मोनिका श्री पातरे, द्वितीय स्थान गीतिका विरूकर व तृतीय स्थान महिमा लिल्हारे का रहा। इसके पश्चात वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रारंभ की गई तथा अंत में स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें प्रथम स्थान भाविता मर्सकोले रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ ही आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.स्वाति खोबरागड़े, समस्त प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

मोटर साईकिल फिसलने से ३ युवक घायल

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। मोटर साईकिल फिसलने से ३ युवक घायल हो गये। युवको के साथ यह हादसा लालबर्रा से वारासिवनी आने के दौरान २३ अप्रैल की दोपहर में हुआ जिसमे एक युवक को सिविल अस्पताल वारासिवनी से बालाघाट चिकित्सालय रिफर किया गया है वही दो युवको को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेन्द्र बाहेश्वर निवासी देवरी लालबर्रा, संजय कावरे निवासी रामपायली सोनझरा, योगेश निवासी धरपीवाड़ा किसी कार्य से वारासिवनी आ रहे थे तभी उनकी मोटर साईकिल मुरझड़ के पास गोलाई में अचानक से फिसल गई। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने उठाया ओर उन्हे १०८ संजीवनी वाहन की सहायता से शासकीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमे जितेन्द्र बाहेश्वर के हाथ में फ्रेक्चर होने की वजह से बालाघाट रिफर किया गया है वही संजय कावरे व योगेश को प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई है।

प्रखंड में उत्साह उमंग के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त संकट मोचन हनुमान जी की जयंती मंगलवार को समूचे प्रखंड में बेहद धूमधाम, उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। शहर से लेकर गांवों के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा आराधना का दौर शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा. राम भक्त हनुमान जी के भक्तों ने सुबह ही मंदिर पहुंचकर विधि विधान से मूर्ति को चोला अर्पित किया। शहर के हनुमान मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं पूरा दिन मंदिर में हनुमान जी के जयकारे गूंजते रहे. हनुमान मंदिरों में विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। भक्तों ने हनुमान जी को लड्डुओं का भोग लगाया कई जगहों भंडारे के आयोजन भी किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद खाया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ के अलावा भजन संध्या आदि के आयोजन भी किए गए। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया।

इन स्थानों पर हुई विशेष पूजा

नगर के सतारा रोड शीतला माता हनुमान मंदिर, सिवनी रोड संकट मोचन हनुमान मंदिर, काली मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजन किया। सिद्ध स्थल हनुमान बाड़ी मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की कतार संकट मोचन की आराधना के लिए लगी दिखाई दी। वारासिवनी रोड परसाडीटोला, हीवर टोला वारासिवनी रोड, रामनगर मंदिर, मुंदीवाड़ा हनुमान मंदिर, अर्जुननाला हनुमान मंदिर में भी हनुमान जी का

जन्मोत्सव मनाया गया. वहीं शाम में तमाम हनुमान मंदिरों में वीर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार और कीर्तन का कार्यक्रम किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर धार्मिक जनों ने अपने घरों में भी सुंदर कांड और रामचरित मानस पाठ के आयोजन किए।

हनुमान बाड़ी में भजन कार्यक्रम आयोजित

हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में स्थित हनुमान बाड़ी में पुरा दिन भजन कीर्तन जारी रहा है. यहां पर नगर के समस्त हनुमान भक्तों ने आकर पूजा अर्चना की एवं कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मंगल भवन अमंगल हारी, लाल देह लाली लसे की गूंज पूरा दिन मंदिर परिसर के आस-पास गूंजती सुनाई दी। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हनुमान जी को भोग लगाया गया. मंदिर के पुजारी एवं व्यवस्थापक की देखरेख में हनुमान जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। यहां नगर की भजन मंडली की ओर से धार्मिक अनुष्ठान में सामूहिक सुंदरकांड व भजन- कीर्तन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन हुए।

सेलवा में पहुंचे सैकड़ो श्रद्धालु-

नगर के नजदीक सेलवा के संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान भक्तों के मन और शरीर पर आस्था का ऐसा असर रहा कि श्रद्धालु नाचते-गाते और जयकारे लगाते पुरे गांव का भ्रमण कर गए। शोभायात्रा ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक दर्शन के चरित्र प्रस्तुत किए गए। शोभायात्रा में गांव के अलावा शहर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया।

अर्जुननाला में मनाई गई अंबेडकर जयंती

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। कटंगी शहर के अर्जुननाला में स्थित ऐतिहासिक धम्म भूमि बौद्ध विहार में 22 अप्रैल की शाम संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती मनाई गई। जयंती समारोह में महापुरूषों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बाल कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला बौद्ध संघ जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े की अध्यक्षता में जयंती समारोह का आयोजन हुआ। पंचशील महिला मंडल बौद्ध विहार समिति अर्जुननाला की ओर से जयंती समारोह का आयोजन करवाया गया है। जिसमें पूर्व नपा उपाध्यक्ष योगेन्द्र रांहगडाले, देवानंद मेश्राम, संतोष बंसोड़, विशेष अतिथि रहे. इनके अलावा योगराज ठाकरे, रामसिंह नागेश्वर, दिनेश कोहरे, आंनद सहारे, हिरालाल मात्रे, सतीश सोनी जगत मेश्राम, हरिलाल खरोले, हरिचंद दरवड़े, दिनेश तुरकने बतौर अतिथि के रुप में शामिल हुए। जयंती समारोह की शुरुआत में सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा और बाबा साहब

अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद बुद्ध-धम्म वंदना का पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रस्तावित बौद्ध विहार में भी दीप प्रज्जवल कर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में पहचाने जाते है. 100 साल पहले बाबा साहब के द्वारा कहीं गई और लिखी कई कई बातें आज भी बेहद प्रासंगिक है। बाबासाहेब संविधान निर्माता और आजाद भारत के पहले कानून मंत्री थे लेकिन उन्होंने महिलाओं और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को उनका हक और अधिकारों को दिलवाने के लिए अपना पद त्याग दिया। दलितों की हालत देखकर उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों के उत्थान में लगा दिया। अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने नानक चंद रत्तु को याद किया। जिनके हाथों अर्जुननाला में बौद्ध विहार की स्थापना करवाई गई थी।

मुंबई हवाई अड्डे पर साढ़े छह करोड़ का सोना-हीरा जब्त, चार गिरफ्तार

मुंबई। पिछले कुछ महीनों से देशभर में सोने की तस्करी की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई है। उधर, कस्टम विभाग के अधिकारी भी बढ़ रहे मामलों को देखते हुए सतर्क हैं और सोने की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कर रहे हैं. इस बीच कस्टम विभाग ने सोमवार को मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नूडल्स और अंडरवियर के पैकेट के जरिए तस्करी कर लाए जा रहे करोड़ों रूपये मूल्य के सोना और हीरा जब्त किया है. मिली जानकारी के अनुसार कस्टम विभाग को इसकी जानकारी मिली थी।

गर्राटोला में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापित की गई



रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम गर्रा के गर्राटोला में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना एवं देव पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस पावन अवसर पर सुबह कलश यात्रा निकाल कर गांव का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात मूर्ति स्थापना की गई साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, ग्राम सरपंच रुपेंद्र सोनवाने, पूर्व सरपंच सुरेश पटले, चित्रसेन बिसेन, आत्माराम बिसेन, खूमेंद्र मडावी,टीकाराम बाहे,विनोद मात्रे, भाऊलाल उईके, परसराम उईके, भागचंद कोडवेती,धनलाल मंडावी,चैनलाल मडावी, शिवप्रसाद उईके, टेकचंद उईके,महीपाल मडावी,विजय उईके,आदी भलावी, रोहित कोडवेती,लोचनलाल मडावी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपने पहले केस का शुल्क लिया था 60 रुपए

नई दिल्ली। पद और प्रतिष्ठा के साथ साथ व्यस्तता भी बढ़ती है लेकिन अपना अतीत सभी को याद रहता है। देश के सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने भी अपने अतीत को याद करते हुए बड़ा ही रोचक किस्सा सुनाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई करते हुए खुलासा किया कि उन्होंने अपना पहला केस कितनी फीस में लड़ा था? सीजेआई ने बताया कि लॉ स्कूल से पढ़ाई करने के बाद वकील के रूप में उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट में पहला केस लड़ा था। तब उन्होंने अपने मुवक्किल से 60 रुपए फीस ली थी।देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ सोमवार को विभिन्न राज्यों में बार काउंसिल में नामांकन के लिए उच्च शुल्क वसूलने के मामले की सुनवाई कर रहे थे। तब उन्होंने यह टिपण्णी की। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को कहा कि देशभर में विधि स्नातकों को वकील के रूप में नामांकित करने के लिए 600 रुपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जा सकता। शीर्ष अदालत ने राज्य बार निकायों द्वारा लिये जा रहे 'अत्यधिक' शुल्क को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

यह उस समय की बात है, जब वकील आम तौर पर रुपयों में नहीं, बल्कि गोल्ड मोहर में फीस मांगते थे। उस समय वकील मुवक्किलों की ओर से दी जाने वाली केस ब्रीफिंग फाइलों में एक हरे रंग का डॉकेट शामिल करते थे, जिस पर रुपये के बजाय जीएम (गोल्ड मोहर) शब्द लिखा होता है। वहां वकील अपनी फीस जीएम में लिखते थे। एक युवा मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने तब डॉकेट पर 4 जीएम लिखा था। सूत्रों ने बताया कि इस तरह का चलन 25 साल पहले तक बॉम्बे हाई कोर्ट में चलता था। सुनवाई के दौरान सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राज्य बार काउंसिल द्वारा ली जाने वाली फीस में कोई एकरूपता नहीं है।

कक्षा 5वीं कक्षा आठवीं का रिजल्ट घोषित

जारी रिजल्ट में सर्वर बना रोड़ा, देर शाम जारी किया गया रिजल्ट, कक्षा पांचवी में18 वें, तो आठवीं में रहा 19 वें स्थान पर रहा बालाघाट

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार की सुबहा करीब 11:30 बजे कक्षा 5 वीं कक्षा ,8वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया। लेकिन घोषित किए गए इस रिजल्ट में सर्वर का बड़ा रोड़ा देखने को मिला। जहां साइड ना चलने के कारण दोपहर 3 बजे तक बालाघाट का रिजल्ट जारी नहीं हो सका। जिसके चलते जहां एक ओर बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशान होना पड़ा। तो वही जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारी भी लंबे समय तक परेशान होते रहे। जहां शाम 3 बजे के बाद सर्वर समस्या दूर होने पर जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट द्वारा जिले का रिजल्ट जारी किया गया। जारी किए गए इस परीक्षा परिणाम में कक्षा 5वी में बालाघाट जिला 18 वे तो वही कक्षा 8वीं में बालाघाट जिला 19 में स्थान पर रहा। वही घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 5वी के 26588 बच्चों में से 25025 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे,तो वही 1563 बच्चे इस परीक्षा में सफल नही हो सके।इसके अलावा कक्षा 8 वीं में 26550 बच्चों में से 24136 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, तो वही 2414 विद्यार्थी इस परीक्षा में सफल नहीं हो सके। इस तरह कक्षा 5वी कक्षा 8वीं के कुल 53,138 बच्चों में से 49,161 बच्चों ने परीक्षा में सफलता हासिल की,तो वहीं 3977 बच्चे परीक्षा में सफल नहीं हो सके।

5वी का 94.22 तो 8वी का 90.91 प्रतिशत रहा रिजल्ट

राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को कक्षा पांचवीं और आठवीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। इस साल भी दोनों कक्षाओं के परिणामों में जिले ने शानदार प्रदर्शन किया है।प्रदेश में कक्षा 5वीं में बालाघाट 18वें स्थान पर रहा।वहीं कक्षा 8वीं में जिले ने 19वां स्थान प्राप्त किया। पिछले सत्रों के परिणामों की तुलना में इस बार परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई है। कक्षा पांचवीं में तीन प्रतिशत एवं कक्षा आठवीं में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कक्षा पांचवीं में उत्तीर्ण प्रतिशत 94.22 प्रतिशत और कक्षा आठवीं में 90.91 प्रतिशत रहा।

असफल विघार्थियों को मिलेगा मौका

आपको बताए कि इस वर्ष बोर्ड पैटर्न पर कक्षा 5वीं कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 06मार्च से शुरू हुई थीं, जो 14 मार्च तक आयोजित की गई थीं। परीक्षा के लगभग 40 दिन बाद राज्य शिक्षा केंद्र ने दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। इस साल भी दोनों कक्षाओं में जो परीक्षार्थियों उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं, उन्हें 'पुन: परीक्षा' देने का मौका मिलेगा।

दोनों कक्षाओं में 49,161 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

जिला शिक्षा केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023-24 सत्र में जिलेभर से कक्षा 5वीं और 8वीं में कुल 49 हजार 161 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है।कक्षा 5वीं में 26 हजार 588 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 25 हजार 25 विद्यार्थी यानी 94.22 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।इसी तरह कक्षा 8वीं में 26 हजार 550 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 24 हजार 136 विद्यार्थी यानी 90.91 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता दर्ज की है। इस सत्र में कुल 53 हजार 138 परीक्षार्थियों ने बोर्ड पैटर्न पर कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा दी थी।

ग्रेडिंग में बालाघाट ने पाया बेहतर स्थान

प्रतिशत के आधार पर बालाघाट जिला भले ही प्रदेश के 52 जिलों में पांचवीं व आठवीं में क्रमशः 18वें तथा 19वें पायदान पर रहा हो, लेकिन ग्रेडिंग में बालाघाट ने बेहतर स्थान प्राप्त किया है। कक्षा पांचवीं में उत्तीर्ण होने वाले 25,025 विद्यार्थियों में 8379 विद्यार्थियों ने 'ए-प्लस' व 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। जिनका प्रतिशत 31.51 प्रतिशत रहा। ग्रेडिंग के आधार पर कक्षा पांचवीं में बालाघाट छठवें स्थान पर रहा।इसी तरह कक्षा आठवीं में उत्तीर्ण होने वाले 24,136 में 9224 छात्र-छात्राएं 'ए-प्लस' तथा 'ए' ग्रेड में रहे, जिनका प्रतिशत 34.74 प्रतिशत है। ग्रेडिंग के आधार पर कक्षा आठवीं में बालाघाट जिला प्रदेश में 13वें स्थान पर रहा।

खैरलांजी तहसील का परिणाम रहा कम

जिले की सभी दस तहसीलों के परिणामों पर नजर डालें तो कक्षा पांचवीं में सबसे अच्छा परिणाम बिरसा ब्लाक का रहा, जहां 97.90 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, कक्षा आठवीं में लांजी ब्लाक के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां 95.27 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, लेकिन दोनों कक्षाओं में ब्लाक स्तर पर सबसे कम प्रतिशत खैरलांजी तहसील का रहा। जहां कक्षा पांचवीं में खैरलांजी ब्लाक में 87.85 प्रतिशत और आठवीं में 86.25 प्रतिशत परिणाम रहा। जिला स्तरीय परिणाम में खैरलांजी ब्लाक सबसे निचले पायदान पर रहा।

सर्वर समस्या के चलते बढ़ी परेशानी

कक्षा पांचवी आठवीं के रिजल्ट की राह देख रहे बच्चो और उनके अभिभावकों को उस वक्त मायूस होकर लौटना पड़ा। जब कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं का रिजल्ट जारी होने के बावजूद भी सर्वर डाउन होने के चलते साइड ना खुलने के कारण कक्षा 5वी कक्षा 8वीं के बच्चे और उनके अभिभावक परीक्षा परिणाम नहीं देख पाए। बताया जा रहा है कि राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से बोर्ड पैटर्न पर कराई गईं 5वीं और 8वीं परीक्षाओं के नतीजे मंगलवार सुबहा 11,30 बजे जारी किए गए।लेकिन बालाघाट में किस बच्चे ने टॉप किया कौन बच्चे पहले दूसरे या तीसरे नंबर पर रहे। कितने बच्चे सफल या असफल हुए इसकी जानकारी दोपहर 3 बजे तक सर्वर डाउन होने और साइड नहीं चलने के कारण नहीं मिल सकी। वही रिजल्ट की राह देख रहे बच्चे और उनके अभिभावकों को बिना रिजल्ट देखें भी मायूस लौटना पड़ा।जहां दोपहर 3बजे के बाद सर्वर समस्या समाप्त होने के बाद रिजल्ट जिले का रिजल्ट जारी किया गया।

बार-बार देखा पोर्टल हर रहा बंद

कक्षा पांचवी व आठवीं के जारी हुए परीक्षा परिणाम को देखने के लिए छात्र-छात्राएं लगातार मोबाइल, इंटरनेट कैफे सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल को खोलकर अपना रिजल्ट देखने का प्रयास तो करते रहे लेकिन पोर्टल लगातार बंद ही बताता रहा जिससे छात्र-छात्राएं व उनके पालक निराशा के साथ वापस लौटते रहे।

परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई है- शर्मा

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला शिक्षा केंद्र डीपीसी डा. एमके शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय और जिला पंचायत सीइओ सर के मार्गदर्शन में कक्षा पांचवीं और आठवीं के वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन में बालाघाट जिले में उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल के मुकाबले इस बार दोनों कक्षाओं के परिणामों में वृद्धि हुई है।

असफल विद्यार्थियों को मिलेगा एक और मौका- गुप्ता

वही मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट एपीसी विवेक गुप्ता ने बताया कि कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष बालाघाट जिले का रिजल्ट काफी बेहतर रहा है। सर्वर समस्या होने के चलते जिले का रिजल्ट जारी करने में थोड़ी देरी हो गई। इस परीक्षा में जो विद्यार्थी सफल नहीं हो सके हैं उन विद्यार्थियों को राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा दुबारा मौका दिया जाएगा। जल्द ही पुन: परीक्षा की तिथि घोषित की जाएगी।

पांचवीं का ब्लाकवार परिणाम

बिरसा 2843 विद्यार्थी उत्तीर्ण (97.90 प्रतिशत)
लांजी 3201 विद्यार्थी उत्तीर्ण (97.77 प्रतिशत)
बैहर 2037 विद्यार्थी उत्तीर्ण (96.40 प्रतिशत)
बालाघाट 3699 विद्यार्थी उत्तीर्ण (96.03 प्रतिशत)
परसवाड़ा 1789 विद्यार्थी उत्तीर्ण (95.26 प्रतिशत)
कटंगी 2425 विद्यार्थी उत्तीर्ण (92.59 प्रतिशत)
वारासिवनी 2430 विद्यार्थी उत्तीर्ण (92.12 प्रतिशत)
किरनापुर 2420 विद्यार्थी उत्तीर्ण (91.81 प्रतिशत)
लालबर्रा 2420 विद्यार्थी उत्तीर्ण (91.63 प्रतिशत)
खैरलांजी 1786 विद्यार्थी उत्तीर्ण (87.85 प्रतिशत)

आठवीं का ब्लाकवार परिणाम

लांजी 3102 विद्यार्थी उत्तीर्ण (95.27 प्रतिशत)
बिरसा 2511 विद्यार्थी उत्तीर्ण (94.58 प्रतिशत)
परसवाड़ा 1678 विद्यार्थी उत्तीर्ण (92.30 प्रतिशत)
कटंगी 2494 विद्यार्थी उत्तीर्ण (91.02 प्रतिशत)
वारासिवनी 2438 विद्यार्थी उत्तीर्ण (90.56 प्रतिशत)
किरनापुर 2379 विद्यार्थी उत्तीर्ण (90.32 प्रतिशत)
बैहर 1741 विद्यार्थी उत्तीर्ण (90.11 प्रतिशत)
लालबर्रा 2408 विद्यार्थी उत्तीर्ण (88.99 प्रतिशत)
बालाघाट 3604 विद्यार्थी उत्तीर्ण (88.94 प्रतिशत)
खैरलांजी 1781 विद्यार्थी उत्तीर्ण (86.25 प्रतिशत)

कक्षा	कुल विद्यार्थी	सफल	असफल
5वी	26,588	25025	1563
8वीं	26550	24136	2414
कुल	53138	49161	3977

कक्षा 10वीं 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम आज

माशिमं सचिव ने विज्ञप्ति जारी कर दी जानकारी, शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा रिजल्ट

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)।राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा पांचवी आठवीं का रिजल्ट घोषित करने के बाद अब माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल ने भी कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी करने का ऐलान किया है। जिसके मुताबिक वाशिम द्वारा कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम 24 अप्रैल बुधवार को जारी किए जाएंगे।जिसकी जानकारी स्वयं माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के सचिव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। मंगलवार की देर शाम जारी की गई इस प्रेस विज्ञप्ति में हाई स्कूल हाई/सेकेंडरी स्कूल और विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा मुख्य परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम 24 अप्रैल बुधवार शाम 4 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल मुख्यालय सभागृह से घोषित किए जाने का उल्लेख किया गया है। वही मंडल द्वारा जारी किए जाने वाले इस परीक्षा परिणाम को देखने के लिए मंडल द्वारा वेबसाइट भी जारी की गई है। इस जानकारी के बाद से ही इस वर्ष कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की धड़कन बढ़ गई है और अब उन्हें बुधवार की शाम 4 बजे जारी होने वाले परीक्षा परिणाम का इंतजार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष से बालाघाट जिले में कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 40,487 बच्चे शामिल हुए थे जिनका परीक्षा परिणाम आज बुधवार शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा।

जिले से 43,487 बच्चे परीक्षा में हुए थे शामिल

आपको बताए कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 5 और 6 फरवरी से शुरू हुई कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की परीक्षाओं को संपन्न करने के लिए जिले में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 43 हजार से अधिक बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे।इसमें हाई स्कूल कक्षा दसवीं के 22,308 नियमित बच्चे, तो वही हाई सेकेंडरी स्कूल कक्षा 12वीं के 18,228 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। तो वहीं कक्षा दसवीं के 1514 स्वाध्याय बच्चे और कक्षा 12वीं के 1437 स्वाध्यायी बच्चो ने भी नियमित विघार्थियों के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र हल किया था। इस तरह वर्ष 2024 में आयोजित कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं की इस बोर्ड परीक्षा में 43,487 बच्चे शामिल हुए थे।

एक महा पूर्व हो चुका है मूल्यांकन

आपको बताएं कि इस वर्ष आयोजित कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की परीक्षा के साथ-साथ कॉपियों का मूल्यांकन कार्य भी शुरू कर दिया गया था। जहां 5 और 6 फरवरी से शुरू हुई इन परीक्षाओं के जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 23 फरवरी से कापियों के मूल्यांकन का कार्य शुरू कराया गया था। जहां 23 फरवरी से शुरू हुआ यह मूल्यांकन कार्य जिले में 28 मार्च तक चला था। जहां 28- 29 मार्च तक सभी कॉपियों का मूल्यांकन कार्य संपन्न कर मंडल को ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से प्राप्तांक भेज दिए गए थे।तो वही माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं कक्षा 12वीं का रिजल्ट भी तैयार कर लिया गया है जिसे आज बुधवार शाम 4 बजे वॉशिंग सभागृह से जारी किया जाएगा।

कीटनाशक दवाई की सेवन से एक युवक की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कीटनाशक दवाई के सेवन से जिला अस्पताल में भर्ती एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक लक्ष्मण पिता हरिराम भलावी 19 वर्ष ग्राम उकवा थाना रूपझर निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस युवक की लाश पोस्टमार्टम परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मण भलावी तीन भाई है और वह तीनों भाई में सबसे छोटा था ।22 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे लक्ष्मण अपने घर में खास रहा था ।परिवार वाले समझे कि लक्ष्मण ने गुटखा खाया होगा। किंतु बाथरूम में जाकर देखें वहा पर लक्ष्मण ने उल्टी की हुई थी। तब परिवार वालों के पूछने पर लक्ष्मण ने कुछ नहीं बताया। तब लक्ष्मण को उसके बड़े भाई दीपक भलावी ने उकवा के प्राइवेट डॉक्टर से चेक करवाने ले गए । डॉक्टर ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करने के लिए बोला । उसके बाद लक्ष्मण को उकवा के शासकीय अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मण भलावी को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। जिला अस्पताल बालाघाट में उपचार के दौरान 23 अप्रैल को सुबह 4:30 बजे लक्ष्मण भलावी की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने लक्ष्मण भलावी की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। लक्ष्मण भलावी ने कीटनाशक दवाई का सेवन किया था। किंतु उसने किस वजह से कीटनाशक दवाई का सेवन किया स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिला अस्पताल पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना रूपझर भिजवा दी है आगे जांच रूपझर पुलिस द्वारा की जाएगी।

एक व्यक्ति को सिर में सेंटरिंग की लकड़ी से मारकर किये घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम तिलपेवाड़ा में एक व्यक्ति को उसी के गांव के व्यक्ति ने सिर में सेंटरिंग की लकड़ी से मार कर घायल कर दिया और उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। अप्रैल की की

शाम 7:00 बजे करीब यह घटना आपसी रंजिश के चलते हुई। घायल व्यक्ति राजकुमार पिता मदन लाल नगपुरे 33 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार नगपुरे अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करता है। इसके अलावा वह सेंटरिंग का भी काम करता है। राजकुमार नगपुरे ने अपने समाज से रुपए लिए थे किंतु इसी ग्राम के व्यक्ति आनंद मचाड़े को समाज से रुपए नहीं दिए गए थे। इसी को लेकर के राजकुमार नगपुरे और आनंद मचाड़े के बीच रंजिश हो गई थी। 22 अप्रैल की शाम 7:00 बजे राजकुमार नगपुरे अपने गांव के बबन दमाहे की दुकान में बैठा था। वहीं पर आनंद मचाड़े भी बैठा था। आनंद मचाड़े ने राजकुमार नगपुरे से बोला कि समाज का पैसा तेरे को मिल गया है। मुझे नहीं मिला। तुझे पैसा कैसे मिल गया, कह कर वह राजकुमार नगपुरे को अश्लील गालियां देने लगा। राजकुमार नगपुरे ने उसे गालियां देने से मना किया तो आनंद मचाड़े ने राजकुमार नगपुरे को हाथबुक्को से मारपीट किया और वहीं रखी सेंटरिंग की लकड़ी उठाकर सिर में मार दिया। जिससे राजकुमार नगपुरे घायल हो गया। बीच बचाव करने के बाद राजकुमार नगपुरे अपने भाई कुंवरलाल के साथ रिपोर्ट करने के लिए हट्टा थाना आ रहा था तभी आनंद मचाड़े ने राजकुमार नगपुरे को समाज से दोबारा पैसा लेने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। राजकुमार नगपुरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर हट्टा पुलिस ने आनंद मचाड़े के विरुद्ध धारा 294 323 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की और राजकुमार नगपुरे को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट